धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

07.09.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 58



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर विपुल नायक की टीम द्वारा श्रीकृष्ण लीला का मनोहरी मंचन करते कलाकार। इस मौके पर आयोजित भगवान श्रीकृष्ण बाल रूप झांकी प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा बच्चों-बच्चियों भाग लिया। फोटो- समीर

## कैबिनेट की बैठक में 35 अहम प्रस्तावों को मंजूरी

# किन्नरों को आरक्षण का लाभ और पेंशन देने का भी फैसला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में निर्वाचन कार्य के दौरान हिंसा में या दुर्घटना में घायल होने पर कर्मियों को मिलने वाले मुआवजा राशि में वृद्धि और किन्नरों को थर्ड जेंडर का दर्जा दिये जाने समेत आरक्षण का लाभ और अन्य सुविधा देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। चुनाव कार्य से अलग हिंसक मामलों में भी घायल या दिव्यांग पुलिस कर्मियों को 7.5 लाख से 12 लाख रुपये तक मिलेगा। साथ ही बैठक में रेबिज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने समेत 35 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

### थर्ड जेंडर को बड़ी सौगात

झारखंड कैबिनेट की बैठक में किन्नरों को थर्ड जेंडर में घोषित करते हुए उन्हें कई अन्य लाभ भी देने की मंजूरी दी गयी। यदि वे अनारक्षित श्रेणी के हैं, तो उन्हें पिछड़े वर्ग की सूची दो में रिक्त स्थान 46 में शामिल करने की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही किन्नरों को पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। नयी सरकारी नियुक्तियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में इन्हें आरक्षण का लाभ मिलेगा। सूत्रों के अनुसार राज्य में ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। किन्नरों को इसके अलावा मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन दिया जायेग। इसके लिए उन्हें मेडिकल प्रमाण पत्र देना होगा। झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा संपर्क निर्णय वाले 2018 में संशोधन किया गया और नियमावली 2023 का गठन किया गया। शोध सहायक संपर्क के लिए भर्ती प्रोन्नत नियमावली बनी।

## कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

कैबिनेट ने रेबिज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने का भी निर्णय लिया है। राज्य के खनिज क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए गोविंदपुर-निरसा के लिये पुनरीक्षित प्राक्कलन 3.5 करोउ की स्वीकृति देने का फैसला दिया है। निरसा में 6 अरब की योजना, बरही जलापूर्ति योजना के लिये 27 करोड़ की मंजूरी दी गयी है। एचइसी क्षेत्र में 10.71 करोड रुपये की अदायगी पर एसबीआइ कार्यालय के लिए 1.498 एकड़ भूमि देने की स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट सचिव ने बताया कि वित्त रहित शैक्षणिक संस्थाओं के नियमावली 2004 में संशोधन किया गया। इसके तहत अनुदान राशि में संशोधन किया गया। इसके तहत एनएसी से मान्यता प्राप्त कॉलेज को मिलने वाला अनुदान सी ग्रेड पर 4 लाख, डी ग्रेड पर 8 लाख और ए ग्रेड पर 12 लख रुपये दिये जायेंगे। पूर्व की तरह बिना मान्यता वाले कॉलेज को दो लाख मिलेगा। राज्य के विश्वविद्यालय, अंगीभूत कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षकों को एक जनवरी 2006 से दिनांक 31 मार्च 2010 का बकाया पेंशन का अंतर राशि के बकाया का 6 प्रतिशत ब्याज के भुगतान के साथ से देने की स्वीकृति दी गई। (शेष 11 पर)

## हजारीबाग निवासी एसपीजी निदेशक अरुण सिन्हा का निधन



**रांची।** हजारीबाग निवासी एसपीजी के डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा (61) का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने गुरुग्राम के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह पिछले कई दिनों अस्वस्थ थे। उन्हें हाल ही में सेवा विस्तार दिया गया था। मार्च 2016 से वर्तमान तक वह प्रधानमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाले एसपीजी के डायरेक्टर के रूप में पदस्थापित थे। अरुण कुमार सिन्हा 1987 बैच के केरल कैडर के आइपीएस थे। उनको केरल कैडर आवंटित हुआ। वे मूल रूप से हजारीबाग मालवीय मार्ग के निवासी थे। उनके पिता महेंद्र प्रसाद भारतीय सेना में थे। अरुण सिन्हा ने हिंदू स्कूल हजारीबाग से स्कूली शिक्षा प्राप्त की। संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से जूलॉजी में बीएससी किया। आइपीएस बनने के बाद केरल के दो-तीन जिलों में एसपी एवं त्रिवेंद्रम और कोचि के पुलिस कमिश्नर रहे। उसके बाद डीआइजी आईजी के रूप में काम किया। वर्ष 2009 से 2014 तक बीएसएफ में आईजी के रूप में गुजरात फ्रंटियर में पदस्थापित रहे।

## न्यूज डायरी

### खनन घोटाले में बच्चू यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**रांची।** अवैध खनन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बच्चू यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बच्चू यादव की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें नियमित जमानत की सुविधा दी है। झारखंड हाइकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में जमानत की गुहार लगायी थी। इडी ने बच्चू यादव को रांची से गिरफ्तार किया था।

### 25 हजार घूस लेते सिटी मैनेजर गिरफ्तार

**कोडरमा।** एसीबी की टीम ने बुधवार को झुमरतिलैया के सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय को 25 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम सिटी मैनेजर को गिरफ्तार कर अपने साथ हजारीबाग ले गयी। जानकारी के अनुसार विज्ञापन एजेंसी चलाने वाले राजीव लोचन सिंह ने घूस मांगे जाने की शिकायत एसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग में की थी। उन्होंने कहा था कि उनके एकरारनामा को पहले रद्द कर दिया गया था और फिर विज्ञापन का कार्य करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। बुधवार को जैसे ही राजीव लोचन सिंह ने सिटी मैनेजर को घूस की रकम सौंपी, एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

## गुजरात में गांजे की खेती में रांची का छात्र धराया

**रांची।** अहमदाबाद के बाहरी इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी में किराये के दो फ्लैट में हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग करके कथित तौर पर गांजा की खेती करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवकों में एक रांची का रवि मुरारका है। वह रांची के कांके रोड स्थित एक रेस्टूरेंट में अक्सर देखा जाता था। उसके साथ पुलिस ने विरेन प्रभात और रितिका को गिरफ्तार किया है।

**35 हजार किराये पर लिया था फ्लैट:** तीनों ने 35 हजार रुपए में दो फ्लैट किराये पर लिया था। पुलिस ने बताया कि ये तीनों गांजे के पौधे की हाइड्रोपोनिक्स तरीके से खेती करते थे। इसमें बिना मिट्टी के पौधों को उगाया जाता है। ग्रीन हाउस इफैक्ट से अच्छी गुणवत्ता के गांजे की खेती का सिस्टम बनाया गया था। पौधों के जल्दी विकास के लिए केमिकल का उपयोग भी किया जाता था। रवि प्रकाश ने रांची से एग्रीकल्चर की पढ़ाई की है। पौधों को इलेक्ट्रिक सर्किट की सहायता से पानी दिया जाता था। रितिका यह मेंटेन करती थी। एक अधिकारी ने बताया कि तीनों ने भांग की खेती के लिए एक आवासीय इमारत की 15वीं मंजिल पर दो अपार्टमेंट के अंदर तापमान और आर्द्रता नियंत्रण के साथ दो हाई-टेक ग्रीनहाउस लगाये थे। (शेष 11 पर)

### भ्रष्टाचार पर सीएम का वार

## घूस लेते धराये अभियंता पर दी केस की अनुमति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दी है। सीएम ने इस कड़ी में प्रथम श्रेणी के पदाधिकारी चाईबासा के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मनोज कुमार विद्यार्थी के खिलाफ पीई दर्ज करने की अनुमति दे दी। जुलाई 2019 में उन्हें 20,000 रुपया रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। (शेष 11 पर)

## संसद सत्र में भाग लेगा इंडिया, सोनिया ने मोदी को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** 18 से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में इंडिया गठबंधन की 24 पार्टियां शामिल होंगी। यह निर्णय इंडिया ग्रुप के नेताओं की राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बुधवार को नेताओं की हुई बैठक में लिया गया। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने बताया कि इंडिया की ओर से कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि सरकार संसद के विशेष सत्र का एजेंडा नहीं बता रही है। कांग्रेस ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हमने तय किया कि हम संसद के विशेष सत्र का बहिष्कार नहीं करेंगे। यह हमारे लिए जनता के मुद्दों को सामने रखने का मौका है और हर पार्टी अलग-अलग मुद्दों को सामने रखने की पूरी कोशिश करेगी। बैठक में संसद के विशेष सत्र में विपक्षी दलों द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों को भी अंतिम रूप दिया गया।

**पत्र में कहा, विशेष सत्र का एजेंडा नहीं बताया जा रहा है**

### वीआइपी कल्चर और भारत बनाम इंडिया पर बोलने से बचें : मोदी

## सनातन पर स्टालिन के बयान का सख्ती से जवाब दें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर बुलायी गयी केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में पीएम मोदी ने ने सभी मंत्रियों को जी-20 इंडिया ऐप डाउनलोड करने, भारत बनाम इंडिया पर बोलने से बचने और उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिये बयान का सही तरीके और सख्ती से जवाब देने की सलाह दी है। साथ ही मंत्रियों से नीआइपी कल्चर से दूर रहने की भी सलाह दी है। पीएम ने यह भी सहाल दी है कि जी20 पर बयान देने से सभी मंत्री बचें। अधिकृत व्यक्ति के अलावा कोई बयान न दें। विदेशी मेहमानों को कोई असुविधा न हो अतः दिल्ली में रहें। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। सम्मेलन के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने सम्मेलन से पहले ऐप विशेषतौर पर लॉन्च किया है। इस ऐप को कई भाषाओं में एक्सेस किया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता करते समय प्रधानमंत्री मोदी ने सभी मंत्रियों को यह मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी है। इस ऐप के जरिए मंत्रियों को विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने में मदद मिलेगी। बैठक में पीएम मोदी ने सभी मंत्रियों को भारत बनाम इंडिया की बहस को लेकर बयानबाजी से बचने की भी सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने मंत्रियों को उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिये गये बयान का सही तरीके से और सख्ती से जवाब देने को कहा है। (शेष 11 पर)

# अब सड़कों पर कचरा फेंका तो बढ़ेगी मुसीबत

## जहां तहां गाड़ी पार्क करना भी पड़ सकता है महंगा

**सैकड़ों कैमरों से निगम शहर पर रखेगा नजर**



### 233 स्थानों पर कैमरे से निगरानी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यदि आप रांची में रहते हैं और आपको अपने घर व प्रतिष्ठान की सफाई कर शहर की सड़कों पर कचरा फेंकनें की आदत है तो आपको अपनी आदत बदल लें अन्यथा, ये मुश्किल में पड़ सकते हैं। अब ऐसी गलतियों के लिए नगर निगम को किसी शिकायत की जरुरत नही है। निगम की टीम 600 से ज्यादा हाई क्वालिटी कैमरों के साथ ऑनलाईन माध्यम से पूरे शहर पर 24 घंटे स्वच्छता और अतिक्रमण को लेकर निगरानी कर रही है। इसे लेकर बुधवार को रांची के नगर प्रशासक अमीत कुमार नें रांची स्मार्ट सिटी के कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का निरीक्षण किया और नगर निगम तथा स्मार्ट सिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक के बाद नगर प्रशासक ने राजधानीवासियों से शहर की स्वच्छता में सहयोग करनें और सड़कों को अतिक्रमणमुक्त रखनें, सड़क पर जहां तहां पार्किंग नहीं करने का आग्रह किया। बैठक में नगर निगम के अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार, स्मार्ट सिटी के पीआरओ अमित कुमार, प्रबंधक उत्कर्ष कुमार, हॉनीवेल औटोमेशन लि. की ओर से अतुल अग्रवाल और रांची नगर निगम की ओर से प्रतिनियुक्त कर्मी मौजूद थे। (शेष 11 पर)

शहर के 233 से ज्यादा लोकेशन पर लगे 600 से ज्यादा कैमरों (ये संख्या सर्विलांस कैमरों की है) की मदद से यह सुनिश्चित होगा कि कहां कौन व्यक्ति या संस्थान आदतन कचरा फेंक रहा है। किस जगह पर नगर निगम की सफाई टीम नें कचरा डंप किया है। कमांड सेंटर में बैठे निगमकर्मी संबंधित वार्ड के सुपरवाईजर और नगर निगम के कर्मियों को इसकी जानकारी देंगे। जिन जगहों पर रोज रोज ये समस्या आयेगी और अगर समझाने पर नहीं समझे तो उनपर कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। धार्मिक स्थल,महापुरुषों की प्रतिमा और समाधि स्थल, स्कूल, हॉस्पिटल,होटल और अन्य पब्लिक प्लेस, महत्वपूर्ण संस्थानों को सफाई की निगरानी के लिहाज से टॉप प्रायरिटी में रखा गया है।




## लव जिहाद की याचिका पर केंद्र ने जवाब के लिए मांगा कोर्ट से समय

**रांची।** बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा झारखंड के संथाल में घुसपैठ कर लव जिहाद को अंजाम देने के मामले सामने आये थे। इसकी जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की डेट तय की है। बता दें कि इस संबंध में डेनियल दानिश ने जनहित याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

बता दें कि प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा है, संथाल के जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जैसे झारखंड के बॉर्डर इलाकों से बांग्लादेशी मूल के लोग घुसपैठ कर झारखंड आ रहे हैं। उपरोक्त जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय जनजातीय युवतियों के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। फिर स्थानीय बनकर जमीनों को हड़पने और राज्य में आरक्षण समेत कई लाभ उठाए जा रहे हैं।

### झारखंड को महागठबंधन सरकार से मुक्त करने और भाजपा को मजबूत करने की अपील

# मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा चाहे जितनी दौड़ लगा लें : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/बगोदर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। श्री मरांडी बुधवार को बगोदर विधानसभा क्षेत्र के सरिया में संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट, विकास विरोधी सरकार से झारखंड के विकास की उम्मीद बेमानी है। उन्होंने कहा कि राज्य में 10 हजार करोड़ के घोटाले उजागर हुये हैं। लोहा, कोयला, पत्थर की लूट हुई है। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है और बिचौलिये, दलाल बड़े-बड़े ट्रकों में भरकर राज्य के बालू को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में गरीबों, आदिवासियों की जमीन को मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने नाम बदल-बदल कर लूटा है। उन्होंने कहा कि ये मोदी सरकार है, जिसने लाल किले से न खायेंगे न खाने देंगे की कसम खाई है। मुख्यमंत्री जी कहीं दौड़ लगा लें, कोई भ्रष्टाचारी बचेगा नहीं।

उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा सरकार की देन है। उनकी सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाई। सर्व शिक्षा अभियान से गांव के युवक युवतियों को पारा शिक्षक नियुक्त किया। पुल पुलियों का जाल बिछाया। पिछले 9 वर्षों से मोदी सरकार ने झारखंड में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित के विकास केलिये समर्पित है। उन्होंने कहा घर-घर बिजली की व्यवस्था यह मोदी सरकार की देन है। झामुमो कांग्रेस राजद की सरकारों में लूट भ्रष्टाचार एअपराध की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि 2024 में केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर भाजपा को जिताने की जरूरत है। संकल्प सभा में पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय, प्रणव वर्मा, नागेंद्र महतो, महादेव दुबे, अमित तिवारी, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित थे।

## सीएम के बदले नामो पर चुप क्यों है झामुमो: प्रतुल शाहदेव

### झामुमो पर पलटवार

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार जनों के बदले नाम पर झामुमो चुप क्यों है। दरअसल, झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर बुधवार को भाजपा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि नाम बदलकर ली गयी जमीन को गरीबों में बांटकर मुख्यमंत्री को महाजन से भूदानी बन जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। उन्होंने कहा कि इजहार अंसारी के कंपनी को 38,000 टन कोयले का सब्सिडी में लिंकेज मिला था, जिसे वह नियम विरुद्ध बनारस की मंडी में बेचा करता था। जब उसके घर रेड हुआ तो 4 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बरामद हुई। सरकार ने 128 कंपनियों के कोल लिंकेज को रद्द कर दिया। यानी सरकार यह मान रही थी कि इजहार अंसारी के स्तर पर सब कुछ गड़बड़ हुआ। उन्होंने जानना चाहा कि जब सरकार ने लिंकेज को रद्द किया तो उसके बाद इजहार अंसारी पर प्राथमिक की दर्ज क्यों नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद 3000 करोड़ के 600 टेंडर रद्द किये गये। यानी सरकार ने यहां भी माना कि टेंडर गलत तरीके से किये गये थे। जब टेंडर गलत तरीके से किये गये थे, तो वीरेंद्र राम पर प्राथमिकी दर्ज करने से सरकार क्यों पीछे हटी।

## बाबूलाल बतायें कि ऑडियो में आवाज किसकी : सुप्रियो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड की राजनीति में बाबूलाल मरांडी चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में एक ऑडियो क्लिप सुनाई। उन्होंने बाबूलाल मरांडी से पूछा है कि यह आवाज किसकी है। ऑडियो क्लिप को 2018 का बताया जा रहा है। जिस पैसे का जिक्र ऑडियो में है, वह पैसा अब तक पहुंचा या नहीं, यह केंद्रीय महासचिव ने बाबूलाल से पूछा है। सुप्रियो ने चिंता जताते हुए कहा कि आखिर बाबूलाल को क्या हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष बन गए, लेकिन अंदर से खोखले हो गए। अनर्गल बयानबाजी करने लगे हैं।

सुप्रियो ने पूछा है कि हजारीबाग परिसदन में बाबूलाल ने हेमंत सरकार पर करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया, उसमें आखिर सच्चाई क्या है, उसकी पूरी जानकारी दें। 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले में अपनी संस्था इडी से भी पूछें कि आखिर इसकी जांच क्यों नहीं की जा रही है। जब बाबूलाल जेवीएम चलाते थे, उन्हें सुनील तिवारी पैसा भेजा करते थे। बैंक गारंटी पर बड़ा अमाउंट दिया गया। बाबूलाल जब जेवीएम में थे, तब उन्होंने ही पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के बारे में कई बातें कही। अब वह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और बाबूलाल प्रदेश अध्यक्ष बन गए। बाबूलाल ने सदन में कहा था कि भ्रष्टाचार के कारण उन्हें रात में नींद नहीं आती है, तो अब क्या हो गया।

**दुष्प्रचार करने में लगी है भाजपा**

सुप्रियो ने कहा कि राजस्थान में चुनाव नजदीक है। भाजपा वहां भी दुष्प्रचार करने में लगी है। यही हाल झारखंड का है, यहां करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप हेमंत सरकार पर लगाया जा रहा है, लेकिन झारखंड की जनता भाजपा को माकूल जवाब देगी। कभी अडानी का विरोध करते थे, अब उसी अडानी के गुणगान कर रहे हैं। ऐसा नहीं चलने दिया जाएगा।

### खबर एक नजर में

## सीएम हेमंत सोरेन लीज प्रकरण मामले में अगली सुनवाई 11 अक्टूबर को



**रांची।** खान विभाग में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाइब्रिड मोड में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट से जुड़े। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि यह मामला शिव शंकर शर्मा द्वारा दाखिल जनहित याचिका की तरह ही है। सुप्रीम कोर्ट ने शिव शंकर शर्मा की याचिका को खारिज कर दिया था। सुनील कुमार महतो की याचिका में कुछ नया नहीं है। इस पर प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया यह मामला शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका से भिन्न है। इस याचिका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रिश्तेदारों को औद्योगिक क्षेत्र में जमीन आवंटित करने का भी मामला है। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 अक्टूबर निर्धारित की।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का की याचिका खारिज



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष द्वारा झारखंड पार्टी से जारी व्हिप का उल्लंघन मामले में एनोस एक्का की विधायकी समाप्त करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने एनोस एक्का की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एनोस एक्का को विधानसभा सदस्यता से निष्कासित किए जाने को सही ठहराया है। दरअसल, याचिका में एनोस एक्का ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 13 अगस्त 2009 को उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। उन पर वर्ष 2005 के झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करते हुए एनडीए के पक्ष में मतदान करने का आरोप है। विधानसभा अध्यक्ष ने विस्तृत सुनवाई करने के बाद एनोस की विधायकी की समाप्त कर दी थी। एनोस ने याचिका में कहा था कि पार्टी द्वारा जारी व्हिप उन पर लागू नहीं होता है और उक्त व्हिप को बाद में उनकी पार्टी ने एनडीए के पक्ष में मतदान करने के लिए फिर से व्हिप जारी किया था।

## यौन शोषण की पीड़िता की याचिका खारिज

**विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले का ट्रायल दुमका से बोकारो ट्रांसफर करने का मामला**

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाली पीड़ित महिला (सूचक) की ओर से ट्रायल को दुमका, सेशन कोर्ट से सेशन जज, बोकारो के पास ट्रांसफर करने को लेकर दायर ट्रांसफर पिटिशन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने पीड़िता की याचिका को खारिज कर दिया। दरअसल, पीड़िता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वह बोकारो में अकेली रहती है, उसके अभिभावक बुजुर्ग है। उसके द्वारा देवघर महिला थाने में दर्ज केस की ट्रायल दुमका के सेशन कोर्ट में चल रही है। ट्रायल अभी लंबित है। बोकारो से दुमका की दूरी काफी ज्यादा होने के कारण उसे काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में ट्रायल को सेशन जज बोकारो के पास ट्रांसफर किया जाय।

## जज उत्तम आनंद हत्या मामले के अभियुक्तों की अपील पर हाईकोर्ट ने मांगा एलसीआर

**रांची।** बहुचर्चित जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में धनबाद की सीबीआई कोर्ट द्वारा दो अभियुक्तों राहुल वर्मा और लखन वर्मा को उम्र कैद की सजा सुनाये जाने को चुनौती देनेवाली अपील की सुवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चन्द्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। साथ ही कोर्ट ने धनबाद की सीबीआई कोर्ट से लोअर कोर्ट रिकार्ड (एलसीआर) मांगा है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पैरवी की।

## विवेकानंद चौक डोरंडा से आज निकाली जायेगी भारत जोड़ो यात्रा : आलोक दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर देश के सभी जिलों में कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा आयोजित कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निलंबित वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू के नेतृत्व में गुरुवार शाम 4 बजे से विवेकानंद चौक, डोरंडा से भारत जोड़ो यात्रा निकाली जाएगी और एक किलोमीटर की यात्रा तय कर भीमराव अम्बेडकर चौक पर समाप्त होगी। इसके बाद सभा आयोजित होगी। श्री दूबे ने बताया राहुल गांधी जी ने नॉन स्टॉप 4000 किलोमीटर की यात्रा 150 दिन में 12 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों से गुजरकर देशवासियों को प्रेम से मिलजुलकर रहने का संदेश दिया और उसी संदेश को जन जन तक पहुंचाने का काम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने देश की राजनीति में एक लम्बी लकीर खींच दी है। नफरत और घृणा के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात कही और आज देशवासियों ने उस संदेश को आत्मसात किया है।

डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से गरीबों को उनका हक दिलाने की बात कही, नए भारत के निर्माण की बात कही, नफरत छोड़ने की बात कही। भारत जोड़ो यात्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अंदर जोश एवं उत्साह भर दिया है।

## डेंगू, चिकनगुनिया का लगातार बढ़ रहा प्रकोप, गंभीर नहीं है सरकार: डॉ लंबोदर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य में डेंगू एवं चिकनगुनिया के बढ़ते प्रकोप पर राज्य सरकार की उदासीनता पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि इस बार इसका प्रकोप कुछ तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनों को इसके बचाव में स्वयं आगे आना होगा क्योंकि सरकार और विभाग के भरोसे रहकर डेंगू एवं चिकनगुनिया का मुकाबला नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस वर्ष अब तक डेंगू के 664 मरीज मिल चुके हैं जो खतरनाक स्थिति है। सबसे भयावह स्थिति जमशेदपुर तथा साहिबगंज में है जहां क्रमशः 378 तथा 110 मरीज मिल चुके हैं। राजधानी रांची में भी 56 मरीजों की संख्या चिंताजनक है। विधायक ने कहा कि डेंगू से कई लोगों की मौत भी हुई है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में यह दर्ज नहीं है। राज्य सरकार अविलंब संज्ञान ले तथा इससे निपटने के उपाय करे।

# पिछले 50 सालों में मानव जाति ने पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाया : अरुण कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव सह विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आज हम चांद और सूर्य के लिए मिशन भेज रहे हैं पर हम इंसानों की जो गतिविधियां है उससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। बीते 50 सालों में हमने पर्यावरण को जितना नुकसान पहुंचाया है, उतना तो हजार साल में नहीं पहुंचा है। अरुण कुमार सिंह बुधवार को डोरंडा स्थित पलाश कम्युनिटी हॉल में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

श्री सिंह ने कहा कि आज वायु प्रदूषण की स्थिति काफी गंभीर है। यह हालत इंसानों के द्वारा लाई गई है। उन्होंने कहा कि इसके समाधान के लिए काम करना होगा पौधों को सिर्फ लगाना ही नहीं बल्कि उन्हें बचाना भी होगा। ठोस कार्य करने की जरूरत है। सीड के डॉ मनीष ने कहा कि वायु गुणवत्ता को लेकर आम तौर पर झारखंड में बहुत ज्यादा जागरूकता नहीं है लेकिन दिल्ली, पंजाब, हरियाणा जैसे शहरों में जो हालात बनते हैं उससे सबक लेने की जरूरत है।



**हर साल करीब 65 लाख लोगों की होती है असमय मृत्यु : डॉ संजय**

वन विभाग के पीसीसीएफ डॉ संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदूषण की वजह से हर साल करीब 65 लाख लोग समय से पूर्व मृत्यु का शिकार होते हैं। इसके अलावा पर्यावरण प्रदूषण पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक दुनिया के सबसे प्रदूषित 10 में से 7 शहर भारत के थे। सरकारी मिलकर काम करेंगे तभी इस पर विभाग व समाज के सभी वर्ग अंकुश लग सकता है।

### लोगों में जागरूकता आना जरूरी : वाईके दास

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के वाई के दास ने कहा कि यूनाइटेड नेशन के अनुसार हर साल 7 नवंबर को वायु प्रदूषण पर जागरूकता के लिए दिवस मनाया जाता है। हम यह एक दिन पहले मना रहे हैं ताकि लोगों में जागरूकता आए। इस बार इस दिवस की थीम है कि हम एक साथ मिलकर नीले आकाश जो स्वच्छ वायु का मानक है के लिए जुटे।

### हमें भी सबक लेने की जरूरत : डीके सक्सेना

एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन डीके सक्सेना ने कहा कि वायु प्रदूषण को लेकर हो रहे ऐसे कार्यक्रमों के दो उद्देश्य हैं। पहला तो यह कि हम इन मुद्दों को जाने समझें और दूसरा हम इनके समाधान की दिशा में किए गए और भविष्य में होनेवाले कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करें। वायु प्रदूषण के बारे में जितना ज्यादा अध्ययन और डाटा मिल सकें उस पर कार्य होना चाहिए। देश भर में अभी 250 मॉनिटरिंग सेंटर है। जिससे हमें जरूरी जानकारी और डाटा मिलते हैं। इनके आधार पर ठोस कार्य करने की जरूरत है।

### कार्यक्रम में इन कंपनियों ने लिया हिस्सा

इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट कंपनियों टाटा स्टील, टाटा पावर, अडानी इंडस्ट्रीज, सार्वजनिक उपक्रमों, सेल, सीसीएल, सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, रांची यूनिवर्सिटी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखण्ड, एमिटी यूनिवर्सिटी, सिविल सोसाइटी संगठनों, नागरिक समूहों और छात्र-छात्रों की सहभागिता रही।

## पलामू के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में बहाल किये जायेंगे सहायक प्राध्यापक

**रांची।** लेस्लीगंज (पलामू) स्थित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की साक्षात्कार के आधार पर बहाली होगी। इंजीनियरिंग कॉलेज ने सूचना जारी कर कहा है कि 15 सितम्बर को सुबह 10 बजे से इंटरव्यू होगा। कॉलेज में सत्र 2023-24 में स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के लिए आवश्यकता-नुसार घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों का चयन होगा। इसके लिए इच्छुक और योग्य कैंडिडेट इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। सत्र 2022-23 में कार्यरत अंशकालीन व्याख्याताओं को भी इसमें शामिल होना जरूरी होगा।

**इन विभागों के लिए चाहिए योग्य कैंडिडेट :** इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य के मुताबिक 9 अलग अलग विभागों में योग्य कैंडिडेट की सेवाएं ली जायेगी। इनमें यांत्रिक अभियंत्रणा, विद्युत अभियंत्रण, असैनिक अभियंत्रण, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियंत्रणा, भौतिकी विभाग, रसायन शास्त्र, गणित, मानवता और भूगर्भ शास्त्र विभाग में कैंडिडेट की मदद ली जाएगी।

## पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस सेवा के भुगतान के लिए मिला 2.47 करोड़ रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस सेवा के भुगतान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 करोड़ 47 लाख 50 हजार रुपए का आवंटन किया गया है। डायलिसिस सेवा का संचालन करने वाली एजेंसी एस्केग संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड का सरकार पर बकाया था। जिसके बाद कंपनी ने 1 सितंबर को डायलिसिस सेवा बंद कर दी थी। एमडी एनएचएम के आश्वासन के बाद सेवा बहाल की गई थी। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक और संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे। राशि की निकासी संबंधित जिले के कोषागार से की जाएगी।

### इन मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को राशि का आवंटन

| | |
|---|---|
| फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका : 16 लाख | सदर अस्पताल, रांची : 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, बोकारो : 30 लाख रुपये | सदर अस्पताल, गोड्डा : 13 लाख |
| शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग : 40 लाख रुपये | सदर अस्पताल, लातेहार : 5.50 लाख |
| एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर : 17 लाख | सदर अस्पताल, गिरिडीह : 5.50 लाख |
| मेदनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू : 5.50 लाख | सदर अस्पताल, चतरा : 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, पश्चिमी सिंहभूम : 5.50 लाख | सदर अस्पताल, गढ़वा : 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, धनबाद : 5.50 लाख | सदर अस्पताल, साहिबगंज : 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, सिमडेगा : 5.50 लाख | सदर अस्पताल, पाकुड़ : 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, देवघर : 16 लाख | सदर अस्पताल, गुमला : 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, कोडरमा : 22 लाख | सदर अस्पताल, रामगढ़: 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, जामताड़ा : 5.50 लाख | सदर अस्पताल, खूंटी : 5.50 लाख |
| सदर अस्पताल, सरायकेला : 5.50 लाख | सदर अस्पताल, लोहरदगा : 5.50 लाख |

### देवघर एम्स में मूलभूत सुविधा अबतक बहाल नहीं होने के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

# जल्द उपलब्ध करायी जायेगी मूलभूत सुविधा : सीएस

**मुख्य सचिव और देवघर एम्स के डायरेक्टर वर्चुअल रूप से कोर्ट में हुए हाजिर**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के मुख्य सचिव एवं एम्स, देवघर के डायरेक्टर कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए। मुख्य सचिव ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि जल्द ही देवघर, एम्स में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएगी। कोर्ट ने मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

बता दें कि पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कहा गया था कि देवघर एम्स में सुविधा मामले में पथ निर्माण विभाग, बिजली विभाग, फायर विभाग सहित अन्य विभागों ने अलग-अलग जवाब दाखिल किया है, लेकिन इन जवाबों में एम्स द्वारा उठाए गए बिंदुओं का सटीक जवाब नहीं मिल रहा है। सरकार के सक्षम अधिकारियों द्वारा देवघर एम्स को लेकर प्रार्थी द्वारा उठायी गयी समस्याओं पर स्पष्ट जवाब आना चाहिए था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

दरअसल, राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग ने मामले में शपथ पत्र दाखिल किया है, इसमें बताया गया है कि एम्स, देवघर ने अपना गेट का स्थान नहीं बताया है। इस कारण देवघर, एम्स के लिए अप्रोच रोड नहीं बन पा रहा है।

प्रार्थी ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सब स्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, पानी की समुचित व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। याचिका में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से कहा गया है देवघर एम्स में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उनकी ओर से कोर्ट से देवघर एम्स के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, पहुंच सड़क, फायर ब्रिगेड वाहन आदि की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

## मां छिन्नमस्तिका मंदिर के पास भैरवी नदी की दोनों ओर बनवायें स्थाई घाट

### हाई कोर्ट का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाईकोर्ट ने रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर के बगल में भैरवी नदी के तट पर दोनों तरफ नहाने का घाट बनाने, चेंजिंग रूम बनाने, मंदिर के आसपास पर्याप्त संख्या में टॉयलेट निर्माण कराने का निर्देश जारी किया है। इससे जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार के टूरिज्म विभाग, रामगढ़ जिला प्रशासन को यह निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि मंदिर से स्नान घाट पहुंचने वाली सड़क को अतिक्रमण मुक्त करें। नदी के दोनों स्वच्छता का ध्यान रखा जाये। दोनों तरफ लाइटिंग की समुचित व्यवस्था हो। मंदिर के पास स्थित क्यू कॉम्प्लेक्स में टॉयलेट और वॉशरूम को जिला प्रशासन मेंटेन रखे। रामगढ़ डीसी जिम्मेदार अधिकारियों की एक टीम बनाये जो मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण कर यह पता करे कि यहां सभी जेंडर के लिए पर्याप्त संख्या में वेटिंग हॉल, पर्याप्त टॉयलेट की व्यवस्था है या नहीं। मेडिकल सुविधा के तहत फर्स्ट एड की व्यवस्था रहे। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दायर कर संबंधित अथॉरिटी को मंदिर के निकट भैरवी नदी के तट के दोनों तरफ सुविधा बहाल करने का आग्रह किया है।

# अल्बर्ट एक्का चौक पर भगवान के जन्म पर अलौकिक झांकी

### मेन रोड में आज दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत हुई। इस अवसर पर श्री कृष्ण के बाल गोपाल, झांकी प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा बच्चों बच्चियों ने कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ भाग लिया। सभी बच्चों ने बालकृष्ण के रूप में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं बाल गोपाल लीलाओं का भावपूर्ण दर्शन विपुल नायक की टीम के द्वारा मंचन किया गया।

इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण को मोटे अनाज सहित माखन मिश्री, पंजीरी, फल, रबड़ी का भोग भी लगाया गया जिसे जन मानस के बीच वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में संजय सेठ, सीपी सिंह, मुकेश काबरा, जवाहर तनेजा, कुणाल आजमानी, रमेन्द्र कुमार, राम बांगड़, ललित ओझा, संजय जायसवाल, प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, संजीव विजयवर्गीय, राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी,भीषम सिंह, नीरज चौधरी, सतीश सिंहा, सतेंद्र सिंह गुड्डू, राजीव सहाय, रविंद्र मोदी, नीरज कुमार, विपिन वर्मा, मुकेश पांडेय, मनोज कुमार, आनंद श्रीवास्तव, रवि सिंह, प्रकाश धेलिया, लल्लू सिंह, रवि मुंडा, संतोष सेठ, रामशंकर बगड़िया, जुगल दरगढ़, कवल जीत सिंह सटी, अजय वर्मा, अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, अमित चौधरी, बलराम प्रसाद, तुषार विजयवर्गीय, विजय ओझा, राजू रजक सहित काफी संख्या में सदस्यों का योगदान रहा।



## राजधानी में चारों ओर शंख और घंटों की गूंज ने वातावरण में भक्ति का रस घोला

# रात 12 बजते ही कान्हा का हुआ अवतरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रात के 12 बजते ही कान्हा का अवतरण हुआ। राजधानी में चारों ओर शंख व घंटों की गूंज सुनाई पड़ने लगी। भक्तिमय गीतों से आकाश गूंज उठा। राजधानी के विभिन्न मंदिरों में नटखट कन्हैया के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। सभी जगह आधी रात में कान्हा के जन्म पर खूब उत्सव मनाया गया। चारों ओर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के स्वर गूंज उठे। कान्हा के जन्म के बाद शहद, घी, दही, दूध, गंगाजल आदि से उनकी मूर्ति को स्नान कराया गया। भगवान को आकर्षक परिधान पहनाकर भोग स्वरूप तुलसी, चरणामृत और 56 भोग अर्पित किए गए। इधर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर घर और मंदिरों को आकर्षक लाइटों और फूलों से सजाया गया है। इस मौके पर मोरहाबादी मैदान, डोरंडा शिव मंदिर, हरमू मैदान सहित अन्य जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



### मोरहाबादी मैदान में दही हांडी प्रतियोगिता

मोरहाबादी मैदान में कल रात दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी के इस मौके पर बाल गोपाल व राधा पोशाक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मैदान में राधा कृष्ण के परिधान में समूह नृत्य भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बिनोद गोप, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता व अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अनूप सिंह और विधायक राजेश कश्यप विधायक भी मौजूद थे।

## जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट प्रेम व श्रद्धा का पर्व : मुख्यमंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोरहाबादी मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची की ओर से आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी भक्तजनों का इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज के इस पावन अवसर पर राज्य में कई जगहों पर बड़ी समूहों द्वारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, भगवान श्री कृष्ण के भक्तजन अपने-अपने घरों पर भी इस पर्व को श्रद्धापूर्वक मना रहे हैं। यह पर्व भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा का पर्व है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर मैं राज्य एवं देशवासियों को अपनी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आने वाले वर्षों में भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी कार्यक्रम और मजबूती और उत्साह के साथ हम सभी लोग मनाएंगे।

## दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और दार्शनिक कहे जाते हैं भगवान श्रीकृष्ण : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बुधवार को भक्तिवेदांत विद्या भवन, गुरुकुल, मुरी की ओर से आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं विग्रह प्राणप्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और दार्शनिक कहे जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के युद्ध में सही और गलत का ज्ञान दिया था, जो भगवद गीता में उद्धृत है। भगवद गीता में जीवन दर्शन है, जहां से हम सही जीवन जीने का तरीका सीखते हैं। भक्तिवेदांत विद्या भवन, गुरुकुल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सही जीवन जीने का तरीका भी सीखाया जाता है। राज्यपाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ किताबी ज्ञान का होना नहीं है, बल्कि उस ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करना है। सच्चाई, ईमानदारी, नैतिकता और मानवता के सिद्धांतों पर चलकर और प्रतिबद्ध होकर अपने कार्यों को करेंगे, तो सफलता के साथ-साथ खुशी भी मिलेगी।

## स्वर्ण डीपीए स्कूल जरिया में मनी भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**रांची।** स्वर्ण डीपीए स्कूल जरिया ने बेड़ों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी क्लास के बच्चों का फैन्सी ड्रेस कॉम्पटिशन भी हुआ। पूर्व में हुए निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी बच्चों को अतिथियों द्वारा सर्टिफि केट देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल कमिटी के उपाध्यक्ष, अधिवक्ता अविनाश कुमार, निर्देशक दीपम बनर्जी, उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद, शिक्षिका श्वेता खन्ना, प्रेमिका लकड़ा, संध्या साहू, बिजेता गुप्ता, सोनम कुमारी, शिवानी कुमारी, राज कूपर, सुरेंद्र साहू मौजूद थे।

## डोरंडा श्री शिव मंदिर में जन्माष्टमी की धूम

**रांची।** डोरंडा स्थित शिव महावीर मंदिर में जन्माष्टमी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। विशेषकर श्री राधा कृष्ण मंदिर का शृंगार आकर्षक ढंग से किया गया। इस मौके पर श्री राम भरत मिलाप समिति द्वारा श्री राधा कृष्ण बाल रूप प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन किया गया। इसके बाद भगवान का विधि विधान से जन्म किया गया, जिसमें त्रिवेणी के जल, दूध, दही, पंचामृत इत्यादि से भगवान को स्नान एवं पूजन, स्तुति एवं आरती की गई। इस दौरान दिनभर मंदिर में दर्शन पूजन का कार्यक्रम चलता रहा। रात को बाल गोपाल प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, छोटे-छोटे बच्चे रंग बिरंगे परिधान में सज धज कर एक अद्भुत मनमोहक दृश्य उत्पन्न कर रहे थे। धातृ कलाकेंद्र के कलाकारों ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत की साथ ही भजन मंडली के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। रात्रि बारह बजे कृष्ण जन्म के बाद आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण के जन्म लेते ही बजने लगे शंख और ढोल-नगाड़े

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर पर भक्तों का ताता लगा रहा। इस मौके पर रात्रि 9:00 बजे से श्री दुर्गा जागरण मंडली की ओर से भजन प्रस्तुत किये गये। इससे पूर्व भगवान का विशेष शृंगार किया गया और मंदिर को विशेष रुप से सजाया गया। भगवान के जन्म पर अलौकिक झाँकी प्रस्तुत की गयी। बाल गोपाल और राधा रानी का स्वरूप धारण किए हुए बच्चों को मंदिर कमेटी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर सांसद संजय सेठ विधायक सीपी सिंह, सतनारायण सिंह, रमेश सिंह, अशोक यादव, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, दिलीप गुप्ता, अरुण जसूजा मौजूद रहे।



**आधी रात 12 बजे अवतरित हुए भगवान श्रीकृष्ण** : बुधवार की आधी रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के अवतरण के समय शंखनाद एवं ढोल नगाड़ों से पूरा मंदिर परिसर कृष्णमय हो गया। उसके उपरांत आरती अरदास एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर लाल जसूजा, मुखी राधेश्याम किंगर, चंद्रभान तलेजा, केशर पपनेजा, रामचंद्र तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा, मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा, किशोरी किंगर, चुन्नीलाल पपनेजा, चंदन सिडाना, अरुण जसूजा, किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादन पोत्रा, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा, कमल घई, नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश तलेजा, विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़, पवन मनुजा, सुनील कटारिया, पवन पपनेजा, अनिल मुंजाल, निखिल घई, उमंग मनुजा, कौशल्या देवी, पूनम तलेजा, राज देवी मनुजा, शकुंतला देवी, मुंजाल ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा, राधा देवी तलेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, सिम्मी पपनेजा, संगीता मिढा, रूबी अरोरा, निशा पपनेजा, कामना खत्री, निशा तलेजा, पूजा जसूजा, रेखा घई, रश्मि कठपाल, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, ऋचा मिड्ढा, भावना किंगर, पिंकी तलेजा छाया पपनेजा समेत समाज के कई लोगों का अहम योगदान रहा।

### ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**रांची।** अरगोड़ा पुलिस ने ढाई साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। बच्ची के अभिभावक के बयान पर अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि बच्ची बाहर खेल रही थी, उसी क्रम में युवक उसे कमरे में ले गया, और दुष्कर्म करने की कोशिश की।

### आज इडी कार्यालय में पेश होंगे योगेंद्र तिवारी

**रांची।** राज्य में शराब घोटाले में मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने समन भेजकर देवघर के शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन, बुधवार को वे इडी ऑफिस नहीं पहुंचे। उन्होंने इडी से समय लिया और गुरुवार को उपस्थित होने की बात कही। इडी ने चल-अचल संपत्ति, बैंकिंग लेन-देन आदि से संबंधित दस्तावेज मांगे गये थे। इडी इस मामले में शेल कंपनियों में निवेश के बिंदु पर भी जांच कर रही है।

### अब 11 सितंबर तक बारिश की संभावना

**रांची।** मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून की गतिविधि एक बार फिर सामान्य हुई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के सभी हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जतायी है। वहीं मौसम विभाग ने आठ सितंबर तक अलर्ट येलो अलर्ट जारी किया है। आठ सितंबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं आज 7 सितंबर को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन और वज्रपात की संभावना है वहीं 9 सितंबर से लेकर 11 सितंबर तक मौसम विभाग ने अभी चेतावनी जारी नहीं की है। अगले पांच दिनों तक किसी भी तरह के अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना से भी इनकार कर दिया है।

## अलग-अलग जगहों में लगाये गये 50 इमरजेंसी कॉल बॉक्स

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** राजधानी में 50 स्थान पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाये गये हैं। जिसका इस्तेमाल संकट के समय आम लोग कर सकेंगे। इमरजेंसी कॉल बॉक्स का ट्रायल मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। इमरजेंसी कॉल बॉक्स का हेल्प बटन दबाने से ही वह सीधे पुलिस कंट्रोल रूम में कनेक्ट हो जायेगा। इसके लिए किसी भी तरह के फोन या मोबाइल की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिस व्यक्ति के द्वारा हेल्प बटन दबाया जाएगा वह सीसीटीवी कैमरे के जरिए कंट्रोल रूम में बैठे पुलिसकर्मियों को नजर भी आयेगा। कंट्रोल रूम में बैठे पुलिसकर्मी कैमरे के माध्यम से सहायता मांगने वाले व्यक्ति को देखकर, यह जान भी जाएंगे कि वह किस परिस्थिति में है। आवश्यक जानकारी मिलने के बाद उस व्यक्ति की मदद के लिए पुलिस को मौके पर भेजा जाएगा।

**थानेदारों को दी गयी ट्रेनिंग :** रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम में रांची के सभी थानेदारों को इमरजेंसी कॉल बॉक्स को लेकर ट्रेनिंग दी गयी। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि फिलहाल इमरजेंसी कॉल बॉक्स का ट्रायल चल रहा है, जल्द ही से पूरे शहर में सभी 50 बॉक्स को एक साथ चालू कर दिया जायेगा।

## चेहल्लुम आज

**रांची।** मोहर्रम के 40 दिन बाद हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में शिया समुदाय के द्वारा चेहल्लुम का मातमी जुलूस दुनिया भर में निकाला जाता है। आज चेहल्लुम पर दिन के 11:00 बजे मातमी जुलूस अनवर आर्केड से निकाला जाएगा जो मेन रोड अंजुमन प्लाजा, उर्दू लाइब्रेरी, डेली मार्केट होते हुए चर्च रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक, कर्बला पहुंचकर संपन्न होगा। इस अवसर पर अनवर आर्केड में मजलिस चेहल्लुम शहीदाने कर्बला का आयोजन होगा जिसको दिल्ली से आए मौलाना सैयद गुलाम अली नकवी संबोधित करेंगे। विशेष तौर पर पेस खानी एलिया गाजीपुर, फरहान जंगीपुरी पेश करेंगे। मर्सिया खानी और सलाम अशरफ हुसैन रिजवी, आगा जफर विक्टर करेंगे।

## खबर एक नजर में

### डेंगू से बचाव के लिए डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने डेंगू और चिकनगुनिया रोग की रोकथाम के लिए उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शहर में छिड़काव व जागरूकता फैलाने पर बल दिया। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि प्रशासन केवल सरकारी अस्पतालों का आंकडा देख रहा है, उससे सौ गुना से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों मे इलाज चल रहा है।

### अपहृत नाबालिग जमशेदपुर से बरामद, आरोपी धराया

**रांची।** रांची से अपहृत नाबालिग को सुखदेवनगर थाना पुलिस ने जमशेदपुर से बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मोरहाबादी में चूड़ी, बिंदी का फेरी लगाने का काम करता है। सुखदेवनगर थाना पुलिस को लड़की की बरामदगी के मामले में राजनीतिक दबाब भी आ रहा था।

### मारपीट मामले में छह अभियुक्तों को छह माह सजा

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी ऐश्वर्या श्रीवास्तव की अदालत ने मारपीट मामले में छह अभियुक्तों को छह-छह माह की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, सभी आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर सभी को अतिरिक्त एक महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने कारू अंसारी, उसका बेटा इसराइल अंसारी, समसुल अंसारी, असलम अंसारी, अजमुल अंसारी एवं सलमान अंसारी को दोषी पाकर सजा सुनाई है। सभी अभियुक्त नरकोपी थाना क्षेत्र के मांद्रो गांव निवासी है।

### यौन शोषण का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने यौन शोषण मामले के आरोपी चान्हो निवासी महादेव किस्पोट्टा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपी पर अपनी भाभी की बहन के साथ यौन शोषण करने का आरोप था। इस घटना को लेकर पीड़िता कोर्ट में केस की थी। अदालत के आदेश पर दुष्कर्म मामले में मांडर थाना में 2016 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दो अगस्त 2019 को आरोपी के खिलाफ आरोप तय किया गया। इसके बाद अदालत ने मामले के चार्जशीट के नौ गवाहों को गवाही कराने का निर्देश दिया था लेकिन, मामले में तीसरी गवाही चार दिसंबर 2019 को दर्ज की गई। अन्य छह गवाहों को लाने के लिए अदालत ने तीन साल का लंबा वक्त दिया लेकिन मामले के जांच अधिकारी भी गवाही देने नहीं पहुंचे। जिसका लाभ आरोपी को मिला।

### सड़क हादसे में पत्नी को खो चुके परिवार को मिलेगा 30.20 लाख रुपये का मुआवजा

**रांची।** सड़क हादसे में अपनी पत्नी नफीसा शाहीन को खो चुका लालपुर निवासी जाकीर खान को 30 .20 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी मनीष की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल दावा आवेदन पर सुनवाई बाद उक्त आदेश दिया है। दावेदार को मुआवजा राशि का भुगतान 30 दिनों के अंदर 7.5 फीसदी ब्याज की दर न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को करने को कहा गया है। नफीसा शाहीन की रांची से टाटा जाने के दौरान नामकुम थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल के निकट सड़क दुर्घटना में 14 अगस्त 2018 को मौत हो गई थी।

### बंद घर में चोरी करने के आरोप से पांच आरोपी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी धृति धैर्या की अदालत ने बंद घर में चोरी करने के जुड़े मामले के पांच आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने रामगढ़ निवासी साहिल गोस्वामी, पवन गोस्वामी, छोटू गोस्वामी व विक्की कुमार एवं चंदन प्रसाद को उस लगे आरोपों से बरी किया। घर में चोरी को लेकर सुनिल कुमार सिंह ने आठ नवंबर 2021 को खेलगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि सात नवंबर 2021 को घर बंद करके परिवार के सभी सदस्य बिहार गये थे। अगले दिन पड़ोसी ने सूचना दी कि घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई है।

### जेपीएससी परीक्षा में उम्र सीमा में छूट की मांग की याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति के लिए निकले विज्ञापन में आयु सीमा में 5 वर्ष के अतिरिक्त छूट की मांग की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी से पूछा, नियुक्ति के लिए कितनी बार प्रक्रिया की गई है, जिसपर जेपीएससी के अधिवक्ता ने बताया कि समय-समय पर नियुक्ति की प्रक्रिया की गई है। अब 9 सितंबर को इस मामले की सुनवाई होगी। इस संबंध में अभ्यर्थी धर्मेंद्र कुमार ने याचिका दाखिल की है। याचिका में धर्मेंद्र ने कहा है कि अब तक सिर्फ चार बार परीक्षा होने से कई अभ्यर्थियों की उम्र खत्म हो गई है और वह परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं, इसलिए झारखंड सिविल जज की नियुक्ति के लिए कट ऑफ डेट 31 जनवरी 2023 की जगह कटऑफ डेट 31 जनवरी 2019 रखा जाए।

## 31 जुलाई, 2023 को दर्ज हुई थी प्राथमिकी

# प्रेमाश्रय शेल्टर होम में गड़बड़ी मामले में मुख्य सचिव को हजिर होने का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने 18 सितंबर को झारखंड के मुख्य सचिव को उपस्थित होने का आदेश दिया है। आयोग द्वारा मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा गया है कि रांची के प्रेमाश्रय शेल्टर होम और रेनबो फिट फैसिलिटी में पाई गई गड़बड़ी और अवैध गतिविधियों से संबंधित एक मामला आपके ध्यान में लाया गया था। इस मामले में कार्रवाई करने और 20 अगस्त तक रिपोर्ट साझा करने के लिए कहा गया था। हालांकि आपके कार्यालय से जवाब में रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इस मामले में दस्तावेजों के साथ 18 सितंबर को कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता है।



गौरतलब हो कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीआरसी) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने नगड़ी थाना क्षेत्र के कुटे में अवैध रूप से चल रहे बाल आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया था। इसके बाद नगड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बताया गया कि वर्तमान में नगड़ी में चल रहे अवैध शेल्टर होम में 55 बच्चे रह रहे थे, जिन्हें स्कूल के सरकारी भवन में रखा गया था। इसमें से चार बच्चों को बाल कल्याण समिति ने चुटिया के प्रेमाश्रय में रखने का आदेश दिया था। इसके बावजूद बच्चों को उसी शेल्टर होम में रखा गया था। इन चारों का यहां कोई लिखित रिकॉर्ड भी नहीं पाया गया था।बाल गृह परिसर में एक नाबालिग बाहरी युवक से धारदार औजार से घास कटवाया जा रहा था। परिसर की जांच के क्रम में वहां कफ सिरप की 17 बोतलें मिली थी। दवा का कोई पर्चा नहीं था। बाल गृह संचालक से संबंधित दस्तावेज की मांग की गयी, तो वह कोई उचित प्रमाण नहीं दे पाये। बाल गृह के नाम पर सरकार और विदेशों से भी फंडिंग ली जा रही है। रेनबो बाल गृह में पिछले वर्ष भी निरीक्षण के क्रम में पोक्सो का उल्लंघन पाया गया था। उस वक्त भी नगड़ी थाना में पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया था।

### रिम्स में नया सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बनेगा

**रांची।** रिम्स को और अपग्रेड करने की तैयारी चल रही है। बढ़ती जरूरतों को देखते रिम्स परिसर में नये सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनाए जाएंगे। झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, झारखंड की ओर से इसके लिए तैयारी शुरू है। ई-कोटेशन संबंधी नोटिस भी जारी कर दिया है। निगम की ओर से रिम्स कैंपस में ही मातृ और शिशु अस्पताल (एमसीएच) भी तैयार कराए जाने की योजना है। एक नया आईपीडी ब्लॉक और नया ओपीडी ब्लॉक भी बनाया जाएगा। इसके अलावा रिम्स में नेत्र विज्ञान का एक रिजनल इंस्टीट्यूट के लिए शेष काम को भी पूरा कराया जाएगा। इसके बेहतर संचालन के लिए इसमें फर्नीचर, नर्स कॉल सिस्टम, सीएसएसडी, एमजीपीएस, एमओटी वगैरह के शेष काम को अंतिम रूप देने के लिए योग्य एजेंसी की मदद ली जानी है।

## जलाशयों में जमे गाद साफ करने के लिए निगम ने खरीदी तीन करोड़ की मशीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले नदी-तालाबों तथा अन्य जलाशयों से गाद को साफ करने के लिए नगर निगम ने एमफीबियस एक्सकेवेटर मशीन खरीदी है जिसका बुधवार को बड़ा तालाब से परिचालन शुरू किया गया। मौके पर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि रांची शहर में पहली बार जलाशयों का गाद साफ करने के लिए एमफीबियस एक्सकॅवेटर मशीन मंगाई गई है। रांची शहर के सभी बड़े जलाशयों की व्यापक सफाई की आवश्यकता को देखते हुए इस मशीन का क्रय किया गया है। रांची नगर निगम ने करीब 3.15 करोड रुपए की लागत से यह मशीन खरीदी है। इसे सबसे पहले बड़ा तालाब में उतारा गया है। इस मशीन की खासियत यह है कि इसका बीम करीब 50 फीट लंबा है, जो तालाब के गहराई में जाते हुए अंदर जमे गाद को बाहर निकलता है। गाद निकलने के साथ-साथ तालाब की गहराई बढ़ाने में भी मशीन उपयोगी है। उन्होंने कहा कि इस मशीन का उपयोग निगम क्षेत्र के सभी जलाशयों में गाद निकालने के लिए किया जाएगा। प्रशासक ने लोगों से अपील की है कि भविष्य में किसी भी जलाशय में कूड़ा ना डालें। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करने वाले वाहनों में ही कूड़ा डालें और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

# झारखंड वीरों की भूमि रही है : राधाकृष्णन

## राज्यपाल सिल्ली में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम में हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यह हमारा सौभाग्य है कि हम अपने शहीदों के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने के लिए एक साथ एकत्रित हुए हैं। अमृत वाटिका के लिए उनके गांवों से लायी गयी मिट्टी के कलश को ग्रहण कर रहे हैं। झारखंड की भूमि वीरों की भूमि रही है। यहां की माटी में ऐसी महान विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया है। भगवान बिरसा मुंडा, फूलो-झानो, तिलका मांझी, बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके बलिदान की गाथा हमेशा लोगों को प्रेरित करती रहेंगी। ये बातें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कही।



सिल्ली में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

वे सिल्ली में आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम शहीदों को स्मरण करने का कार्यक्रम है। उनकी गौरवमयी गाथा को अवगत कराने का कार्यक्रम है।

राज्यपाल ने कहा कि हम सभी भारतवासी एक हैं। यहां विविधता में एकता है। विभिन्न प्रांतों कि संस्कृति इस प्रकार रची-बसी हैं की सारा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड के 24 जिलों के भ्रमण में देखा है कि यहां के किसान जिन औजारों का उपयोग खेती करने में करते हैं, उन्ही औजारों का उपयोग तमिलनाडु के किसान भी करते हैं। यहां के बहुत सारे वाद्य-यंत्रों एवं तमिलनाडु के वाद्य-यंत्रों में समानता है। झारखंड की भांति तमिलनाडु में भी चावल एवं रागी (मडुवा) का उपयोग विभिन्न व्यंजनों में किया जाता है। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की मूल भावना को प्रतिबिंबित करता है। इस अभियान को प्रधानमंत्री देश को सशक्त, समृद्ध एवं एकजुट करने हेतु शुरू किया गया है। उनकी वसुधैव कुटुंबकम की भावना एवं दूरदर्शी सोच के कारण ही आज देश में जी-20 कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को 5 प्रतिज्ञाओं की शपथ दिलाई गई। राज्यपाल ने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि यह अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना को और सुदृढ़ करेगा। मौके पर स्थानीय सांसद संजय सेठ भी मौजूद थे।

## श्रीवैष्णवों का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत आज

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में श्रीकृष्ण का प्राकट्योत्सव गुरुवार को धुमधाम से मनाया जायेगा। उदया तिथि अष्टमी एवं रोहिणी नक्षत्र का संयोग 7 सितंबर गुरुवार को मिल रहा है। इसलिए अर्धरात्रि तक यह योग नहीं रहेगा। फिर भी औदायिक तिथि को मानते हुये श्रीरामानुजाचार्य संप्रदाय के मतानुसार श्रीजयंती के रूप में इस व्रत को मनाया जायेगा। तिथि नक्षत्र के समय भेद के अनुसार श्रीकृष्णजन्माष्टमी व्रत अधिकतर दो दिन का हो ही जाता है। इस संप्रदाय में अष्टमी तथा रोहिणी थोड़ी भी हो तथा नवमी सम्पूर्ण दिन होने से भी अष्टमी का व्रत करना चाहिये। बालाजी मंदिर में भगवान का झूला कलकत्ता के मालाकारों द्वारा कई प्रकार के विशेष पुष्पों से सजावट की जा रही है। इस सजे हुए झूले पर गुरुवार को सायं 4.00 बजे से ही श्रीकृष्ण, श्रीश्रीदेवी लक्ष्मी राधिका के रूप में और श्रीभूमि देवी लक्ष्मी रुक्मिणी जी के रूप में गर्भगृह के बाहर झूला-झूलते हुये दर्शन देंगे।

## खबर एक नजर में

### सीआइटी में लगा हेल्थ चेकअप कैंप, रोड एक्सीडेंट को लेकर किया जागरूक

**रांची।** सीआइटी के राष्ट्रीय सेवा योजना विंग एवं राज हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को संस्थान में शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विद्यार्थिओं को रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप में राज हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ अभिषेक भट्टचार्य एवं डॉ आदित्य ने कर्मियों के ब्लड प्रेशर, शुगर, बोन मिनरल डेंसिटी, वजन, चेहरे व दांत से संबंधित बीमारियो की जांच की। दूसरे सत्र में रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट अवेयरनेस कार्यक्रम में चिकित्सकों व मेडिकल टीम ने विद्यार्थियों को दुर्घटना से बचने के अधिक से अधिक उपायों के बारे में बताया, यथा हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, नशे की हालत में गाड़ी ना चलायें, तेज रफ़्तार से बचें और सबसे जरूरी अपने वाहन में फर्स्ट एड की सुविधा जरूर रखें। मौके पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर व प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी आदि उपस्थित थे।

### ट्रांसजेंडर्स के साथ हो रहे भेदभाव को रोकने को कार्यशाला आयोजित

**रांची।** समाज कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को ट्रांसजेंडर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आायोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमुद झा उपस्थित थीं। डीडीसी के कंफ्रेंस हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में राज्य सरकार की ओर से ट्रांसजेंडर्स के लिए पारित आदेश पर चर्चा की गयी। इस कार्यशााला में समाज कल्याण विभाग के रांची जिले से जुड़े सभी महिला पदाधिकारियों , पर्यवेकक्षिकाओं ,सहायिका और सेविकाओं ने भाग लिया। सभी को इस कम्युनिटी की व्यवहार, रहन, सहन, अधिकारों, सरकारी सुविधा और सुरक्षा के बारे में जनकारी दी गई, ताकि इनके साथ हो रहे भेदभाव को रोकने के लिए समाज को जागृत किया जा सके। श्रीमति झा ने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में भी ट्रांसजेंडर के आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा हुई और उन्हें आरक्षण देने का फैसला लिया गया है। कुमुद झा ने बताया इस तरह की कार्यशाला अगर सभी ब्लॉक और अंचल स्तर पर आयोजित हो तो ट्रांसजेंडर्स के साथ हो रहे भेदभाव व प्रताड़ना को आसानी से रोका जा सकता है।

### किन्नर समुदाय को ओबीसी आरक्षण देना ओबीसी अधिकारों को कुचलने का एक कुत्सित प्रयास : राजेश

रांची। राज्य सरकार अब किन्नर समुदाय को ओबीसी वर्ग में आरक्षण देने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लायी है। यह प्रस्ताव ओबीसी समुदाय के साथ ना इंसाफी वाली बात है। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा विरोध करेगा। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी समुदाय का 14% से बढ़ाने का वादा पूरा नहीं किया है। दूसरे तरफ 7 जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य,जूनियर जज वैकेंसी में ओबीसी का एज कट ऑफ जनरल के बराबर 35 वर्ष की गई है। और अब ओबीसी आरक्षण में किन्नर समुदाय को शामिल किया जा रहा है।

### मुख्यधारा से भटके बच्चों की काउंसलिंग में सीआइपी करेगा मदद : डॉ बासुदेव

**रांची।** मुख्यधारा से भटके बच्चों को पुनः मुख्यधारा में लाने में सीआईपी मदद करेगा। यह बातें सीआईपी के निदेशक बासुदेव दास ने कही। केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी), चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) एवं जिला बाल संरक्षण इकाई रांची व खूंटी के समन्वय से बाल देखरेख संस्थानों के कर्मियों के लिए बाल मनोविज्ञान एवं प्रभावी बाल काउंसलिंग तकनीक विषय पर बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम सीआईपी के सभागार में हुआ। सीआईपी के निदेशक डॉ बासुदेव दास की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में सिनी की टीम लीडर अनिता सिन्हा ने कहा कि बाल देखरेख संस्थानों के बच्चों को समाज की मुख्यधारा में पुनः समावेश में काउंसलिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। सिनी द्वारा सीआईपी के सहयोग से बाल देखरेख संस्थानों में बाल काउंसलिंग में गुणात्मक सुधार लाने तथा काउंसलिंग में एकरूपता लाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### पीड़िता के घर रात 10.30 बजे पहुंचे आइओ, कहा... हम आपके घर के नीचे हैं

**रांची।** गोंदा थाना क्षेत्र में डैम साइड स्थित धर में चोरी की घटना घटित होने के दस दिन बीत गये हैं। अबतक अपराधकर्मी पकड़े नहीं गये हैं, लेकिन अब पुलिस अपराधी को पकड़ने के बजाया पीड़िता के घर देर रात पहुंचते हैं और वहां से पीड़िता को फोन कर कहते हैं कि हम आपके घर के नीचे हैं। पीड़िता का कहना है कि पुलिस अपराधी को पकड़ती नहीं है, लेकिन उनलोगों को रात में फोन करती है। गोंदा थाने में पदस्थापित एएसआई बैजनाथ इस मामले के अनुसंधानकर्ता हैं। महिला मौसमी चटर्जी का कहना है कि पुलिस अपराधी को पकड़े। महिला ने पुलिस को सारे फुटेज भी उपलब्ध करा दिया है, फिर भी अबतक आरोपी नहीं पकड़े जा सके हैं। जब इस बाबत पुलिस से पूछा जाता है कि हम छानबीन कर रहे हैं। पुलिस के इस बर्ताव से पीड़ित का परिवार दुखी है।

### शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने किया गुरुओं को नमन

**रांची।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु संस्कृत श्लोक से हुआ। इसके अतिरिक्त नृत्य, गीत एवं स्किट के माध्यम से गुरु की महत्ता स्थापित की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि गुरु ही वह कुंभकार है, जो छात्र रूपी कच्ची मिट्टी को आकार देता है एवं शिक्षण के साथ-साथ उनके चरित्र का निर्माण भी करता है। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री दीपक बंका, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ श्रीमती रंजना स्वरूप, प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। विद्यालय के निदेशक दीपक बंका ने छात्रों को गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि माता-पिता बच्चों को जन्म जरूर देते हैं, लेकिन शिक्षक उसके चरित्र को आकार देकर उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं। यकिन मानिए, हमें जीवन के हर मुश्किल और अच्छे मोड़ पर टीचर्स की सिखाई बातें याद आती हैं।

## स्पीड न्यूज

### एमबीबीएस-बीडीएस की कक्षाएं 11 से शुरू होंगी

**रांची।** रिम्स में एमबीबीएस-बीडीएस की कक्षाएं 11 सितंबर से शुरू होंगी। मालूम हो कि एमबीबीएस और बीडीएस के 900 छात्रों को 19 जुलाई को हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया गया था। कैंपस में मारपीट की घटना के बाद प्रबंधन ने यह निर्णय लिया था। वहीं क्लास भी सस्पेंड कर दिया गया था। अपने गार्जियन के साथ आने वाले छात्रों से शपथ पत्र लेकर हॉस्टल का आवंटन किया गया। अब रिम्स प्रबंधन ने क्लास शुरू करने को लेकर नोटिस जारी किया है। 11 सितंबर से एमबीबीएस और बीडीएस के छात्र-छात्राओं की क्लास शुरू होगी।

### पुलिसकर्मियों का एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स 12 से

**रांची।** एसआइ रैंक के पुलिसकर्मियों का पांच दिवसीय एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स होगा. प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में यह कोर्स 12 सितंबर से शुरू होगा, जो 16 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों को अपराधों से संबंधित जांच प्रक्रियाओं को लेकर प्रशिक्षण दिया जायेगा। पुलिसकर्मी इसमें ऑफलाइन और ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग ने आदेश जारी किया गया है।

### विंक स्टूडियो ने लव ऑल के म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल किया

**रांची।** म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप विंक म्यूजिक ने घोषणा की कि म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन इकोसिस्टम ने केके मेनन अभिनीत फिल्म लव ऑल के डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल कर लिये हैं। सूत्रों के अनुसार लव ऑल फिल्म बैडमिंटन सुपरस्टार पी गोपीचंद के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म का निर्माण आनंद पंडित के साथ महेश भट्ट और पी गोपीचंद ने किया है। यह फिल्म एक सितंबर को एम रमेश के लक्ष्मी गणपति फिल्म स्टूडियोज द्वारा रिलीज हुई।

## इंडियन बैंक ने किया पीएमजेजेबीवाई लाभार्थियों के बीमा दावे का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंडियन बैंक की रांची शाखा ने बुधवार को पीएमजेजेबीवाई के लाभार्थी के नामिती को चेक करने के रूप में बीमा दावा वितरित किया गया। यह चेक अंचल कार्यालय के अंचल प्रबंधक एफआर बोखारी द्वारा 3 पीएमजेजेबीवाई लाभार्थियों के नामिती को बीमा दावा के रूप में दो-दो लाख रुपये वितरित किया गया।

इस दौरान एफआर बोखारी ने कहा कि जन सुरक्षा योजना, पीएमजेजेबीवाई एवं पीएमएसबीवाई सरकार द्वारा चलायी गयी योजना है, जो आम जनता के लिए उनके दुख की घड़ी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसलिए सभी को इस योजना के अंतर्गत अपना और अपने परिवार का बीमा करवाना चाहिए। इस आयोजन में रांची शाखा के शाखा प्रबंधक राहुल जयसवाल, केइबीटी के संचालक साफीन अली भी मौजूद थे।

## पंडित दीनदयाल स्टेशन से विशाखापत्तनम के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, रांची में भी ठहराव

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रेल मंत्रालय ने विशाखापप्तनम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बीच ट्रेन परिचालन का निर्णय लिया है। इस संबध में रेलवे की ओर से घोषणा कर दी गयी है। जहां अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने ये निर्णय लिया है।

इसके तहत ट्रेन संख्या 08588 और 08587 विशाखपप्तणम-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-विशाखपप्तणम स्पेशल ट्रेन के परिचालन किया जायेगा।

ट्रेन संख्या-08588 विशाखपप्तणम-पंडित दीनदयाल उपाध्याय साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 6 सितंबर से 25



अक्टूबर तक प्रत्येक बुधवार को विशाखापप्तनम से किया जायेगा। इस ट्रेन का विशाखपप्तनम से प्रस्थान (बुधवार) 12.30 बजे, रायगड़ 15: 45 बजे, सम्बलपुर से 20: 45 बजे, राऊरकेला से 23: 20 बजे, हटिया 02: 55 बजे प्रस्थान 03.00 बजे, मूरी से रवाना सुबह 04.00 बजे होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आगमन (गुरुवार) 13: 30 बजे होगा।

वहीं, ट्रेन संख्या 08587 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-विशाखपप्तणम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 सितंबर से 26 अक्टूबर तक किया जायेगा। इस ट्रेन का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रस्थान (गुरुवार) 19.10 बजे, गढ़वा रोड 23: 20 बजे, बरकाकाना आगमन 03: 10 बजे, मूरी आगमन 04: 20 बजे, रांची प्रस्थान 05: 20 बजे, हटिया प्रस्थान 05: 40 बजे, विशाखपप्तणम आगमन (शुक्रवार) 20: 30 बजे होगा।

इन ट्रेनों में एसएलआर/डी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 02 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 12 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 03 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर का 01 कोच, कुल 20 कोच होंगे।

# युवती को लिफ्ट देने के बहाने किया गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में लिफ्ट देकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अमित महतो, आशीष महतो और लगन लाल महतो शामिल हैं। यह घटना चार सितंबर की है। ओरमांझी से अपनी बहन के घर आई नाबालिग लड़की को लिफ्ट देकर डुमरटोली जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गयी थी।

**दोस्तों को बुला कर जंगल में किया दुष्कर्म**

जानकारी के मुताबिक, नाबालिग लड़की तीन अन्य युवतियों के साथ अपनी बहन के घर जा रही थी। दो युवती साइकिल से, जबकि दो पैदल थी। पैदल जा रही नाबालिग ने वहां से गुजर रहे बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। कुछ दूर ले जाने के बाद बाइक सवार युवक ने एक को डरा धमकाकर बाइक से उतार दिया और दूसरी नाबालिग को जंगल में ले गया। वहां उसने दो और दोस्तों को जंगल में बुलाया, तीनों ने बारी- बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना सामने आने के बाद बुधवार को पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल करवाया।

**सर्वाधिक दुष्कर्म रांची में**

राज्य में छह माह में दुष्कर्म की 794 घटनाओं में सर्वाधिक रांची में दर्ज की गईं हैं। जनवरी, फरवरी, मार्च व अप्रैल में सर्वाधिक दुष्कर्म की घटनाएं रांची में हुईं, मई में रांची दूसरे स्थान पर व जून में फिर पहले स्थान पर पहुंच गई। छह महीने में रांची में सबसे अधिक 106 दुष्कर्म के मामले आए। मई महीने में गिरिडीह ने रांची को पीछे किया, यहां 21 मामले दर्ज हुए।

### जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**रांची।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। उत्साहवर्धक माहौल में बच्चों ने दही वाली मटकी भी फोड़ी, जिससे विद्यालय का वातावरण कृष्णमय हो गया। आज स्कूल में सारे बच्चे कन्हैया और राधा के परंपरागत पोशाक में सुसज्जित दिख रहे थे, आज विद्यालय में कन्हैया और राधा ही नजर आ रहे थे। ऐसा लग रहा था जैसे राधा और कृष्ण अपने बाल रूप में अवतरित हो गये हों। फिर उसी रूप में उन्होंने नृत्य भी किया । बच्चों द्वारा ही गीता के श्लोकों पर आधारित कृष्ण अर्जुन संवाद का बहुत ही प्रभावी मंचन किया गया। उनकी संवाद अदायगी को देखकर सभी दंग रह गये। बेहद लंबे संवादों को भी बड़ी सरलता और सहजता से पेश करने की कला के सभी कायल हो गये।

### भोला मिष्टान्न भंडार अब कांके रोड के स्मार्ट बाजार में भी खुला

**रांची।** झारखंड का प्रसिद्ध भोला मिष्टान्न भंडार अब कांके रोड के स्मार्ट बाजार में भी खुल गया है। अपनी मिठाइयों के स्वाद से सबको लुभाने के लिए भोला मिष्टान्न भंडार की मिठाई अब रांची के कांके रोड के रिलायंस स्मार्ट बाजार के प्रांगण में आ गया है। प्रतिष्ठान का उद्घाटन रिलायंस स्मार्ट बाजार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में भोला मिष्टान्न भंडार के संचालक संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्मार्ट बाजार में उपस्थित ग्राहकों द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया।

## रांची के युवक का बेंगलुरु में अपहरण, रांची में दर्ज हुई जीरो एफआइआर

### कोविड के बाद से नहीं लौटा है घर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के युवक कृष्णा पाल का बंगलुरू में अपहरण कर लिया गया है। इस संबंध में उसके पिता दयाशंकर पाल, देवी मंडप निवासी ने सुखदेवनगर थाने में जीरो एफआइआर दर्ज कराया है।

दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि कृष्णा पाल बंगलुरू में वर्ष 2009 से 2013 तक बीटेक का कोर्स करने के बाद उसका ऑस्ट्रेलियन मल्टीनेशनल कंपनी में काम कर रहा था। वह कोरोना काल से नियमित काम करता रहा। फिर, कृष्णा पाल को संचालक निरामया द्वारा नित्यानंद आश्रम में नियुक्त किया गया। आश्रम में आश्रय लेने के बाद आश्रम के पदाधिकारी निरमया के द्वारा उनके पुत्र का बलपूर्वक अपहरण कर लिया गया और अभी तक उससे संपर्क नहीं हो पाया है।

दयाशंकर पाल ने कहा है कि 15 जून, 2023 को वे बंगलुरू गये थे और अपने पुत्र की खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। पिता का कहना है कि उनका पुत्र कोरोना काल के बाद रांची नहीं आया है। जब आश्रम में पता किया तो महिला निरमया ने जानकारी देने से मना कर दिया। बाद में उन्हें पुत्र से फोन पर संपर्क कराया गया। पिता ने आशंका जतायी है कि महिला निरमया के द्वारा उन्हें दिगभ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की बात कही है। दयाशंकर पाल ने पुत्र को बरामद करने का आग्रह किया है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर किया ई-गैलरी का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया के 118वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रांची के बिरसा चौक और बरियातू में ई-गैलरी का उद्घाटन राष्ट्रीय बैंकिंग समूह, झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि ई-गैलरी के माध्यम से बिना बैंक शाखा गये ग्राहक बैंकिंग सेवाएं, जैसे कि पैसा जमा और निकासी के साथ-साथ तथा पासबुक मुद्रण भी 24 गुणा 7 कर सकेंगे।

आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भविष्य में और भी इस तरह की ई-गैलरी खोली जायेंगी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रांची अंचल के अंतर्गत सभी 113 शाखाओं में ग्राहक बैठक का आयोजन किया गया और बैंक की 118 साल की यात्रा में बने रहने के लिए ग्राहकों का आभार प्रकट किया गया। मौके पर मो अली हसन, रागिनी प्रसाद, अभय खल्खो, अमित कुमार दूबे, आशा लकड़ा, दीपक कुमार, ब्रजेश कुमार, उत्तम नवीन खाखा, दीक्षा, राम साहू, मोनिका कुजूर, मंजू देवी, संतोष सिंह, राज कुमार और बड़ी संख्या ग्राहक उपस्थित थे।



ई-गैलरी के उद्घाटन के मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के कर्मी।

### कांटाटोली शाखा में स्थापना दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** बैंक आफ इंडिया आज 118 वर्षों में वटवृक्ष के रूप में उभर चुका है। 117 वर्ष पहले 1906 में 50 लाख रुपये की चुकता पूंजी और 50 कर्मियों के साथ 7 सितंबर को मुंबई में बैंक आफ इंडिया की स्थापना हुई थी। बैंक की कांटाटोली शाखा में स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बैंक के पूर्व उप महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि पद से उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज बैंक 5100 से ज्यादा देशी और 24 विदेशी शाखाओं के माध्यम से बैंक देश के लोगों की सेवा कर रहा है। इसकी वजह से बैंक आफ इंडिया विश्वसनीय ब्रांड बन चुका है। उन्होंने कहा कि पिछले पिछले कुछ वर्षों तक 1.81 करोड़ जन धन खातें खोले गये थे जिसमे आमजनों के लगभग 2.03 लाख करोड़ रुपये जमा है। उन खातों के माध्यम से बिचौलियों पर अंकुश लगाते हुये सभी सरकारी योजनाओं का लाभ डीबीटी के जरिये पांच करोड़ से ज्यादा लोंगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्य प्रबंधक रवि झा ने अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि बैंक आफ इंडिया राज्य के सुदूरवर्ती गांवों एवं शहरों में अपनी उपस्थिति बनाये हुये है। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना की लाभ से लोगों को अवगत कराया। बैंक द्वारा किफायती दर पर दिये जा रहे आवास ऋण की भी जानकारी दी। सुनील पासवान ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में शिक्षक दिवस आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एदलहातू के निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में बुधवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा,प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा, उप प्राचार्य शिल्पी रानी तथा सभी शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्जित किया। कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं ने इस पूरे कार्यक्रम की अगुवाई तथा प्रबंधन की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि विज्ञान कितनी भी उन्नति कर ले, लेकिन शिक्षकों को प्रस्थापित नहीं कर सकता है, क्योंकि बच्चों के रुचि और भावों को समझते हुए ज्ञान प्रदान करने में सिर्फ शिक्षक ही सक्षम है।



वहीं, विद्यालय के उप प्राचार्य शिल्पी रानी ने अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों को एपीजे अब्दुल कलाम तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका किरण कुमारी, अनिमा एक्का, शिवानी कुमारी, निधि कुमारी, पंकज कुमार, मनोज खलको, आशुतोष कुमार, सुधीरकुमार इत्यादि ने बच्चों को शिक्षक दिवस के अवसर पर खूब आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्पीड न्यूज

### रातू : एडीएम ने बीएलओ के साथ की बैठक

**रातू।** रांची के अपर जिला दंडाधिकारी ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। इसमें मतदाता सूची का पुनरीक्षण आदि निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्य की शिथिलता पर कड़ी नाराजगी जताते हुये बीडीओ हरिशंकर बारिक को कई जरूरी निर्देश दिये। मौके पर राधेश्याम पांडेय, मुकेश कुमार, अभिषेक कुमार, कृति रानी खलखो, सरस्वती देवी, कमला कांति कांडों, नीरज , गुडू उरांव, तैयब अंसारी व समसुल हक आदि मौजूद थे।

### बैंक ऑफ इंडिया सिकिदिरी शाखा ने 118 वां स्थापना दिवस मनाया

**सिकिदिरी।** बैंक ऑफ इंडिया सिकिदिरी शाखा ने बुधवार को 118 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कांग्रेस नेता मुख्य अतिथि फारुक खान,शाखा प्रबंधक शक्ति कुमार व अन्य बैंककर्मियों ने केक काटा। उन्होने कहा की बैंक की पहली प्राथमिकता ग्राहकों को सुविधा और बेहतर सेवा प्रदान करना है। इस मौके पर सहायक प्रबंधक तृषा सिंह,केशियर राजकिशोर महतो,अमर पाठक,रविशंकर,विनय दुबे आदि उपस्थित थे।

### सड़क पर गिरा पेड़ यातायात बाधित



**राहे।** चन्दनडीह से सोनाहातू जाने वाले सड़क के महुआडीह-चिरुडीह गांव के समीप विशाल पीपल पेड़ सदानन्द महतो के घर को क्षति करते हुए सड़क पर गिर गया है। पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ है। पेड़ सड़क पर गिरने से यातायात बाधित रही । इधर सड़क पर पेड़ गिरने की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो,जिप सदस्य बादल महतो,उप प्रमुख उमेश महतो गांव पहुँच कर पेड़ को सड़क से हटाने के लिये पथ निर्माण विभाग के अभियंता से बात किये। विभाग के पहल ओर इनके प्रयास से जेसीबी मशीन लगा कर पेड़ को दोपहर बाद तक हटाया गया है।

### सुदूरवर्ती गांव के बच्चों ने की पौधरोपन



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव गणेषपुर माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी द्वारा बुधवार को एक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर गांव के बच्चों के साथ एक सौ छाया व फलदार पौधे लगाए। वहीं सरकारी प्राथमिक विद्यालय के गरीब 50 छात्र छात्राओं व बच्चों के बीच रैन कोट वितरण किया गया।

### हेसातू सरना की सौन्दर्यीकरण। किया गया पौधरोपण

**सिकिदिरी।** हेसातू सरना में बुधवार को पौधरोपण व सरना का सौन्दर्यीकरण अभियान चलाया गया। पूरे परिसर की साफ-सफाई की गई। सरना की घेराबंदी प्लास्टिक जाली से की गई। साथ ही अनेक प्रजाति के फूल व पौधे लगाये गये। कार्यक्रम का आयोजन सरना समिति हेसातू ने किया। इस अवसर पर सरना समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाहन, उपाध्यक्ष लखीद्र बेदिया, राकेश बेदिया, नीरज मुंडा, मनीराम बेदिया, निर्मल बेदिया, नरेश बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाई ने अपनी नाबालिग ममेरी बहन का गला दबाकर मार डाला

बचने के इरादे से आरोपी ने अपना जीभ काट लिया

संभवत: दुष्कर्म का मामला, विरोध करने पर हत्या



मृतका का शव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के मालगो कोड़ा टोली निवासी विनोद साहु उर्फ बिनु साहु ने अपनी नाबालिग ममेरी बहन की गला दबाकर मंगलवार की रात मार डाला। उसकी ममेरी बहन खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। विगत पांच सितंबर को विनोद साहु अपनी मामी के घर जाकर जबरन अपनी ममेरी बहन को अपनी मां की सेवा करने के नाम पर लाया। विनोद साहु का मालगो और मालगो कोडा टोली में दो जगहों पर घर है। खुद कोड़ा टोली में रहता है और उसकी मां मालगो वाले घर में अलग रहती है। उसने मालगो में अपनी ममेरी बहन को मां के पास नहीं छोड़ा और उसे अपने घर कोड़ा टोली ले गया। रात में ही अपने ममेरी बहन को प्रतिरोध करने के कारण गला दबाकर मार डाला। गांव के कुछ लोगों का कहना है कि विनोद की नियत ठीक नहीं थी। संभवतः उसने दुष्कर्म करने का प्रयास किया और प्रतिरोध करने पर अपनी ममेरी बहन को मार डाला। घटना के बाद घबराकर अपने बचाव के लिए हत्या के बाद उसने किसी धारदार हथियार से अपनी जीभ काट ली। हालांकि इस मामले की जानकारी तब मिली जब उसने अपनी बहन की हत्या करने के बाद घबराहट में अपनी मामी को फोन कर बताया कि उसकी बेटी को किसी ने मार दिया है। उसकी मामी (मृतका की मां) ने लापुंग पुलिस के समक्ष अपना फर्दबयान दिया और बताया कि वह जब अस्पताल पहुंची तो उसने अपनी बेटी को मृत पाया। उसने दावा किया है कि उसका भगना (भांजा) विनोद साहु उर्फ बिनु साहु ने ही उसकी बेटी को मार डाला है। इस मामले को लेकर विनोद ने अपने ही गांव के एक मिस्त्री पर गंभीर आरोप लगाया है। उसे भी लापुंग पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## मृतक के परिजन से मिले विधायक सुदेश महतो



**सोनाहातू।** प्रखंड के तिलाईपीडी गांव में 25 अगस्त को 68 वर्षीय प्रहलाद महतो का 11 हजार वोल्ट विजली करेंट से मौत हो गया था। इनके मौत पर आजसू परिवार काफी दुखित है। विधायक सुदेश महतो मृतक के घर जाकर दुख प्रगट किये इस दौरान परिजन को श्राद्ध कर्म की सामग्री और नगद राशि भी दिये। मौके पर चितरंजन, पूर्व जिप सदस्य वीणा, सुनील, रमेश,अशोक, डॉ विश्वनाथ, बसंत, तुलसी, लंकेश्वर, महकम, उमेश, उपेंद्र आदि मौजूद थे।

## अनगड़ा मे चेहल्लूम का जूसुस निकाला



**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल एव चिलदाग गांव से बुधवार को चेहल्लुम का जुलुस पूरे जोशो खरोश के साथ निकाला गया दोनो जूलुस का अखाड़ा गोन्दली पोखर बाजार टांड़ में आकर मिला। यहां अखाड़ा में शामिल लोगों ने अस्त्र शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। तथा शम में शान्तिपूर्ण ढंग से एंव आपसी सदभावपूर्ण वातावरण में गंगा यमुनी तहजीब के साथ चेहल्लूम सपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि चेहल्लूम मोर्हरम के दिन बुराई पर अच्छाई के लिए हजरत हुसेन की शहादत की याद को ताजा करता है। जूलुस का संचालन अब्दुल इमाम अन्सारी ने किया। मौके पर जिप सदस्य अनुराधा, मुखिया कविता देवी , डॉ रिझू नायक सुन्दरी तिर्की नरेश, मुस्तफा, सिकन्दर, वीरेन्द्र, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा कुर्मी विकास मोर्चा के रामपोदो महतो, सिद्दीक अन्सारी, बबलू अन्सारी, आदम अन्सारी, महबूब अन्सारी, इरफान अन्सारी, अब्बास अन्सारी, ग्राम प्रधान कृष्णा करमाली सहित बड़ी संख्यां में लोग मौजूद थे।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने की योजनाओं का समीक्षा

शिल्पी नेहा तिर्की 10 विकलांग लाभुकों के बीच ट्राई साईकिल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अगुवाई में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक करने से पूर्व, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ब्लॉक मे 10 विकलांग लाभुकों के बीच ट्राई साईकिल का वितरण किया। बैठक सबसे पहले जल नल योजना के काम कर रहे, कंट्रक्टर से जानकारी लिया गया। और जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कही जल्द से जल्द योजना पूरा करें ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिले। अगर काम सही नही हुआ है, तो उस पर विधायक ने काम सही करने काभी निर्देश दिया। उसके बाद सभी विभाग के अन्य पदाधिकारियों ने बारी बारी से सरकार द्वारा निर्देशित और अपने द्वारा किए जा रहे योजनाओं का ब्यौरा विस्तार से दिया। बैठक मे विधायक ने गंभीरता से लेते हुए चान्हो के दरोगा जी से रिपोर्ट कुछ दिनों मे उपलब्ध कराने को कहा कि आप जनवरी से अभी तक मे कितना घटना प्रखंड मे हुआ और कितने मे कारवाई किया गया। साथ ही समय समय पर जगह जगह जहाँ ज्यादे घटना होती है वहां पेट्रोलिंग जयादा कराये, ताकि घटना होने से रोका जा सके। माननीय विधायक ने सभी विभाग के पदाधिकारियों से सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अपने कार्य का निर्वहन करने का निर्देश भी दिया। मौके पर बीडीओ सुलेमान मुडरी, मुखिया शिव उरांव, महादेव भगत, ईश्तियाक अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, मन्ना उरांव, जुल्फेकार अली, शाशी साहू, सभी पंचायत के पार्टी अध्यक्ष सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित हुए।



व्हीलचेयर वितरण करती शिल्पी नेहा तिर्की

## कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर उच्च स्तरीय बैठक



**खलारी।** कोलियरी मजदुर कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री रामेश्वर सिंह फौजी ने मजदूरों की समस्या को लेकर खलारी एनके क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मुख्य रूप से यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेख वकील अहमद थे। राष्ट्रीय महामंत्री को डकरा वीआईपी गेस्ट हाउस पास यूनियन के लोगों ने बुके देकर व माला पहना कर स्वागत किया। स्वागत के पश्चात वीआईपी गेस्ट हाउस में एक आवश्यक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता शेख वकील ने किया। बैठक में चूरी परियोजना के मजदूरों की प्रमोशन को लेकर एरिया एसओपी ज्योति कुमार,चूरी परियोजना पर्सनल पदाधिकारी के साथ चूरी परियोजना के कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक किया गया। बैठक में परमोसन से सम्बंधित मामला को एक महीने के अंदर पास हुवे कर्मी को परमोशन पत्र दे दिया जाएगा। बैठक में कोलियरी मजदुर कांग्रेस यूनियन के अगला बैठक राजहरा एरिया तथा मगध आम्रपाली एरिया में करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में एमडी खान, अरुण, इम्तियाज, पप्पू, संजीव, जितेंद्र, संजोग, सूरज, विकेश, रामकुमार, शिव, सतेन्द्र, सैफ , राजेश, सुरेन्द्र, अशोक, अरुण, रतन,सुरेश, मंगरा, ललन, तपेश्वर, राजकुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिमलिया में खुला रांची टाइल्स एसोसिएशन का कार्यालय



**रातू।** सिमलिया रिंग रोड स्थित टाटा मोटर्स के फर्स्ट फ्लोर में बुधवार को रांची टाइल्स एसोसिएशन का कार्यालय खोला गया। इसका उद्घाटन प्रमुख संगीता तिर्की ने दीप प्रज्जवलित, नारियल फोड़ और फीता काट कर किया। इससे पूर्व एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल कुमार शर्मा समेत अन्य पदधारियों ने उनका शॉल और बुके देकर स्वागत किया। समारोह में श्रीमती तिर्की ने एसोसिएशन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं, मुखिया फुलमनी देवी ने ग्राहकों को बेचे जाने वाले टाइल्स की क्वालिटी पर विशेष जोर दिया। स्वागत भाषण श्री शर्मा और संचालन भाजपा नेता राकेश चौधरी ने किया। मौके पर आजसू नेता संजय गोप समेत एसोसिएशन के सदस्य और बड़ी संख्या में टाइल्स कारोबारी मौजूद थे।


## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

### शुद्धि-पत्र

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा E-Tender GNP-01/2023-24 (Construction of PCC Road at Different Places and Different Ward Under Nagar Parishad Garhwa) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR. No. 305047 Urban Development (23-24):D है। उक्त ई-निविदा को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/-
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा

PR 306359 Urban Development (23-24)_D


## फुटबॉल टूनार्मेंट बानापिड़ी की टीम 1-0 से विजयी

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के काटमकुली गांव में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया। फाइनल मैच बानापिड़ी तथा काटमकुली के बीच खेला गया। जिसमें बानापिड़ी की टीम 1-0 से विजयी हुई। फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरीय नेता सह एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम मौजूद थे। मौके पर भाजपा नेता ने कहा कि गांव स्तर पर इस तरह के आयोजनों से छिपी हुआ प्रतिभा को मंच मिलती है और खिलाड़ियों को निखरने का भी मौका मिलता है। मौके पर मो रेहान, साबिर, आफताब, विकास, खुर्शीद, अनिल, महेश, राजेश, अख्तर, मंजूर, अब्दुल, अफजल, फैजान, ऐनुल व अन्य मौजूद थे।

## अठारह साल बाद मिली शहिद जवान के पत्नी को पेंशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** बुधवार को एसबीआई नामकुम शाखा और 124 इन्फेंट्री ब्रिगेड के प्रयास से ब्रिगेड के शहिद जवान स्व अजीत भट्टाचार्य की मृत्यु के अठारह साल बाद उनकी विधवा पत्नी सविता उषा रानी को पारिवारिक पेंशन का भुगतान किया गया। ब्रिगेड कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में एसबीआई के छेत्रीय प्रबंधक आलोक रंजन और ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर उमेश परब ने लाभुक सविता उषा रानी को पेंशन का चेक सौंपा। एसबीआई नामकुम के मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि पीड़िता को पति की मृत्यु के बाद मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी ही नहीं थी। उन्हें इसकी जानकारी मिलने के बाद उन्होंने ब्रिगेड से संपर्क कर इसपर पहल की। जिससे लाभुक परिवार को लाभ मिल पाया। मुख्य प्रबंधक श्री कुमार ने बताया कि पीड़िता को उनको मिलने वाले सभी लाभों का ससमय भुगतान करवा दिया जाएगा। मौके पर पीड़िता सविता उषा रानी ने एसबीआई के मुख्य प्रबंधक श्री, मनीष और सेना के अधिकारियों का धन्यवाद दिया।इस अवसर पर कर्नल सौरभ सकलानी, लेफ़्टेनेंट कर्नल सुहास वानखेड़े सहितबैंक के प्रबंधक विवेकानंद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थें।



मृत सैनिक की विधवा को पारिवारिक पेंशन का चेक प्रदान करते बैंक और सेना के अधिकारी गण


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार
## संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार-829206

### कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नामांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।

निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-354 दिनांक 04.07.2023 के आलोक में वर्ष 2023-24 में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार में कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु Diploma in Agricultural Extension Services for Input Dealers (DAESI) पाठ्यक्रम संचालित की जानी है।

लातेहार जिले के कृषि उपादान विक्रेता (बीज/उर्वरक/कीटनाशी) जो कृषि स्नातक/B.Sc रसायन की उपाधि नहीं रखते हैं, उन्हें DAESI कार्यक्रम में प्रशिक्षण लिये जाने के उपरान्त उनकी अनुज्ञप्ति का नवीकरण अथवा नई अनुज्ञप्ति निर्गत की जा सकती है। वैसे अनुज्ञप्तिधारी एवं 10th Pass आवेदक नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज, हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in एवं आत्मा लातेहार के वेबसाईट atmalatehar.in से आवेदन प्रपत्र Download किया जा सकता है या कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार से भी प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित/स्पीडपोस्ट/हाथो-हाथ के माध्यम से ही परियोजना निदेशक, आत्मा, संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार को दिनांक 20.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक प्राप्त किया जाएगा। नामांकन हेतु कुल अभ्यर्थी की संख्या-40 है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित आवश्यक कागजात संलग्न करें:-

1. DAESI पाठ्यक्रम का विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण-पत्र की छायाप्रति (अंकपत्र, मूल प्रमाण पत्र)
3. अनुज्ञप्ति (License) की छायाप्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशी)
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. पासपोर्ट साईज 02 फोटोग्राफ।
6. रू० 10000/-(दस हजार) मात्र जो अनुज्ञप्तिधारी है एवं 20000/-(बीस हजार) रू० जो 10th Pass आवेदक को डिमाण्ड ड्रॉफ्ट जो Director, SAMETI के नाम से Payable at Ranchi को देय होगा, संलग्न करना होगा।
7. आवेदन पत्र रद्द होने या चयन नहीं होने की स्थिति में डिमाण्ड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा।
8. डिमाण्ड ड्राफ्ट को छोड़कर सभी दस्तावेज पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी हेतु परियोजना निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

विज्ञापन रद्द करने अथवा इसमें बदलने का पूरा अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

परियोजना निदेशक
आत्मा, लातेहार।

PR.NO.306335 Agriculture(23-24):D


# खेत में उतारा मशीन फसलों की छति होते देख भड़के किसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** भारतमाला सड़क मार्ग परियोजना को लेकर बुधवार को एनएचएआई कर्मी पुलिस फोर्स लेकर पहुंची। प्रखंड क्षेत्र के गुडू रोला गांव में योजना का निर्माण कार्य के लिए खेत में मशीन उतार दिया। वहीं खेत में लगे धान की फसल पर मशीन चलाए जाने पर फसल का छति होने लगी। अपने फसल को कुचलता देख किसान भड़क गए, और विरोध करने लगे। इससे पूर्व किसान व एनएचएआई कर्मी के बीच मुआवजा राषि को लेकर बहस भी हुई। किसानों का कहना था कि पहले मुआवजा राशि दे फिर हमारी जमीन पर योजना कार्य शुरू की जाए। वहीं एनएचएआई कर्मी ने डीसी से बात करने व उन्ही से मुआवजा मांगने को बोल कार्य करने पर अड़े थें। इधर किसान भी एसी के साथ हुई सौमझते अनुरूप मुआवजा राशि देने के बाद ही कार्य शुरू होने देने पर अड़े थें। किसानों द्वारा जबरन कार्य का विरोध करने पर ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा एक किसान का कालर पकड़ कर थाना ले जाने लगी। वहीं उपस्थित किसान व महिलाओं ने इसका जमकर विरोध किया और किसान को पुलिस की गिरफ्त से छुड़वा लिया। इधर एनएचएआई कर्मी व पुलिस की इस कार्रवायी से स्थानीय किसानों में काफी नाराजगी है। विरोध में आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी ओर एनएचएआई द्वारा कई किसानों के खेत में लगे फसल को मशीन से कुचलवा दिया गया।



एनएचएआई कर्मी से बात करते किसान गण।

## 'द हंस फाउंडेशन' की ओर से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का लगाया शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में हंस मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा रांची जिला के 14 प्रखंडों में मेडिकल एमएमयू टीम के द्वारा प्रखंडों के चयनित गांव में जाकर जागरूक किया जा रहा है और सरकार के महत्वकांक्षी योजना पोषण माह के तहत भी जुड़ रहा है और समुदाय के व्यवहार परिवर्तन पर भी बात कर रहे है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (एनएनडब्ल्यू), भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, खाद्य और पोषण बोर्ड द्वारा शुरू किया गया वार्षिक पोषण कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम पूरे देश में प्रतिवर्ष 1 से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। पोषण सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य बेहत्तर स्वास्थ्य के लिए पोषण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना है, जिसका विकास, उत्पादकता, आर्थिक विकास और अंततः राष्ट्रीय विकास पर प्रभाव पड़ता है।

इसी कार्यक्रम के तहत बुधवार को सोनाहातू प्रखंड के दो गांव मारांगकिरी एवं बारेन्दा में इसके लिए प्रचार-प्रसार एवं एनीमिया के संदर्भ में शुरूवाती जांच किया गया। सबसे महत्वपूर्ण संदर्भ में आज एमएमयू टीम द्वारा मारांगकिरी गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 30 बच्चो की जांच की गई एवं उन सभी विद्यालय के बच्चो को जरूरी दवा, जांच के साथ अच्छे पोषण एवं स्वस्थ जीवनयापन करने का सुझाव भी दिया गया।

## एकता मंच ने बैठक कर जन समस्याओं व रोजगार पर चर्चा किया गया



**खलारी।** एकता मंच के कार्यालय में एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया निर्मला देवी ने किया। बैठक में एनके क्षेत्र में जन समस्याओं तथा रोजगार से संबंधित विषय पर चर्चा किया गया। चर्चा में मुख्य रूप से केडीएच परियोजना अंतर्गत चल रहे परियोजना में हेवी ब्लास्टिंग से आसपास के घरों क्षतिग्रस्त हो रहे है। इसमें सेमून खातून का घर ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए घर से विशेष रूप से चर्चा किया गया। मौके पर जितेंद्र सिंह, योगेश्वर राम, शिबू महली, हरि सुखारी उरांव, अनिल गुप्ता, अजय गुप्ता, मनोज साहू, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

Email ID -eerdsdkoderma@gmail.com

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या - RDD/SD/KODERMA/03/2023-24 (2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा जिला के डोमचाँच प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मधुवन में ग्राम गोलगो में भितियाही नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,04,52,500.00 | 609500.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 3. | कोडरमा जिला के डोमचाँच प्रखण्ड में पारहो पंचायत अन्तर्गत ग्राम पुतो में पुतो नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,47,44,400.00 | 695000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 11.09.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक 11.09.23 से दिनांक 03.10.23 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 06.10.23 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :-
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा/जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग/मुख्य अभियंता, कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0,भवन, धूर्वा, राँची।
   ii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची है।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यादिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान - e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 07.10.23 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
10. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नं0)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

PR 306321 Rural Work Department(23-24).D

# भारत ही लीडर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत की विविधता और उसकी असाधारण सफलताओं का अर्थ है कि जी -20 की अध्यक्षता के लिए वह सही समय पर सही देश है। इसके साथ ही सुनक ने नरेन्द्र मोदी के पिछले साल के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि भारत को जी -20 की अध्यक्षता ऐसे समय मिली जब विश्व कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। सुनक ने कहा कि भारत जिस प्रकार वैश्विक नेतृत्व कर रहा है, उसे देखना अद्भुत है।

भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने 9-10 सितंबर को यहां आयोजित जी- 20 शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले, विशेष साक्षात्कार में कहा कि ब्रिटेन और भारत के संबंध दोनों देशों के वर्तमान से भी अधिक, उनके भविष्य को परिभाषित करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यह्यभारत का आकार, विविधता और इसकी असाधारण सफलताओं का अर्थ है कि यह जी -20 की अध्यक्षता के लिए सही समय पर सही देश है। मैं पिछले वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करता हूं और भारत जिस प्रकार वैश्विक नेतृत्व कर रहा है, उसे देखना अद्भुत है। प्रधानमंत्री सुनक ने सवालों के ईमेल से भेजे गए जवाब में कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने से लेकर जलवायु परिवर्तन से निपटने तक विश्व की मौजूदा प्रमुख चुनौतियों का सामना करने के लिए हम जी- 20 की अध्यक्षता के जरिए भारत के साथ मिलकर काम करेंगे।

विश्व के दो प्रमुख लोकतंत्रों के तौर पर, हमारे लोग हमें परिभाषित करते हैं और हमें दिशा दिखाते हैं। सुनक का भारत को जी-20 के लिये सबसे सही देश बताना निश्चित ही दुनिया में भारत को श्रेष्ठ बताने जैसा ही है। यह भारत के सम्मान और विकास के लिये एक बड़ा प्रोत्साहन ही है।

# हिमालय की चिंता

प्रहिमालयी शहरों की क्षमता के अनुसार जनसंख्या के आकार का निर्धारण करना, जो कि क्षेत्र के पारिस्थितिकीय तंत्र को नुकसान पहुंचाये बिना अस्तित्व में रह सकती है। दरअसल, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में इस बात का उल्लेख है कि हरेक हिल स्टेशन में स्थानीय अधिकारियों की सहायता से उन तमाम तथ्यात्मक पहलुओं की पहचान की जाए और उससे जुड़े सभी आंकड़े जुटाए जाएं। उल्लेखनीय है कि संस्थान विगत में मनाली, मैक्लोडगंज व मसूरी के लिये किये गए एक विशिष्ट वहन क्षमता अध्ययन में भागीदार रहा है। इस बाबत मंत्रालय का सुझाव रहा है कि इस अभियान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान, राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी,भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, भारतीय वन्यजीव संस्थान तथा स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के निदेशकों या विशेषज्ञों को समिति में शामिल किया जा सकता है। तंत्र की काहिली का आलम देखिये कि जीबी पंत संस्थान ने इस बाबत दिशा-निर्देश तैयार करके तीस जनवरी 2020 को सभी तेरह हिमालयी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को भेज दिये थे, लेकिन इस बाबत कोई कार्रवाई नहीं हुई। विडंबना ही है कि 19 मई, 2023 में मानसून से पहले भी इन राज्यों को स्मरण पत्र भेजा गया, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि इन विशेषज्ञ संस्थानों की सिफारिशों को सहज-सरल रूप दिया जाए ताकि उन पर व्यवहार में सुगमता से अमल किया जा सके।

हिमालय की चिंता और उस पर अनावश्यक बसाव से स्थिति खतरनाक हो रही है इस पर गंभीर प्रयास आज के समय की मांग है।

# जी20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है

**मानव-केंद्रित वैश्वीकरणः हमें जी20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है, किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है।**

**नरेंद्र मोदी**

'वसुधैव कुटुम्बकम' हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, 'पूरी दुनिया एक परिवार है'। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम वन अर्थ के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम वन फैमिली के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और वन अर्थ के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।



कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं।

पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है।

दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है।

तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है।

जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।

दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है। इसी सोच के साथ भारत ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिटह्ल का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है। हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है। एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए। हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। ह्यक्या नहीं किया जाना चाहिएह्ल से हटकर ह्यक्या किया जा सकता हैह्ल वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है।

ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा। वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा।

क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम ह्यलाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।

टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है। डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है।



- नरेन्द्र मोदी

> क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम ह्यलाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

खास बात

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

**नागेन्द्र सिंह**

**आप** चाहते हैं कि कोई संक्रामक रोग या किसी भी तरह के अन्य रोग आपके शरीर पर हावी ना हों तो इस बात पर ध्यान दें। शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाना कई रोगों का कारण बनता है। ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर सबसे जल्दी और सबसे बुरा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। इस स्थिति में कोई भी वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर पर हावी हो सकता है।

शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने से अर्थ है कि शरीर को अपनी नियमित क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी मात्रा में ऑक्सीजन चाहिए, उतनी मात्रा में ऑक्सीजन ना मिल पाना।

-जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सबसे पहले व्यक्ति को थकान महसूस होती है, सांस लेने में दिक्कत होने लगती या सांस फूलने लगता है। इसके बाद शरीर में रक्त के प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। इससे थकान और घबराहट बढ़ जाती है।

-यदि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाए तो ब्रेन डैमेज और हार्ट अटैक तक की स्थिति बन जाती है। शुगर के रोगियों में यदि ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो उनकी शुगर अचानक बहुत अधिक बढ़ सकती है, जो कि एक जानलेवा स्थिति भी बन सकती है।

-ऑक्सीजन का स्तर अचानक से बहुत अधिक घट जाने पर शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन का संतुलन गड़बड़ा जाता है। इस स्थिति में थायरॉइड का स्तर या तो बहुत अधिक बढ़ सकता है या बहुत अधिक घट सकता है।-शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कई कारण होते हैं, जो व्यक्ति की लाइफस्टाइल पर निर्भर करते हैं। जो लोग बहुत अधिक आलस से भरपूर जीवनशैली जीते हैं यानी फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं करते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।

-जो लोग बहुत अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन उसके हिसाब से डायट नहीं लेते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है।

# नामी कौन?

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**समझुत सरिस नाम अरु नामी,**
**प्रीति परस्पर प्रभु अनुगामी।**

नामी नाम के सदृश है, दोनों में प्रेम पगट है। जैसे भारतीय नारी मन-बुद्धि अर्पित कर पति का काम करती है। बाहरी जगत में वह पति के नाम से ही व्यवहार करती है, पति के नाम से ही उसकी पहचान है एवं जानी जाती है। उसी प्रकार शिष्य जब सद्गुरु को अपना एक मात्र ठिकाना बना लेता है। अपना तन, मन और बुद्धि सद्गुरु में अर्पण कर देता है। उसकी जिंदगी सद्गुरु के आज्ञाधीन हो जाता है तब वह शिष्य अपने हृदय में गुरु का नाम धारण करता है। उसे नामी कहते हैं। नाम धारण करते ही उसके सारे दुखदायी वासना का नाश हो जाता है। उसका मोह समाप्त हो जाता है। वह अपने अहंकार को भूलकर गुरु का नाम-रूप धारण कर लेता है। उसके ह्दय में स्थित अज्ञान तिमिर का नाश हो जाता है। वह ज्ञान प्राप्त कर परमशांति को प्राप्त होता है। उसे परमानंद की प्राप्ति होती है। उसका जन्म-मरण का चक्र छूट जाता है। वह निर्भय, निर्वाण और अगम पद को प्राप्त कर लेता है।

नाम महिमा का मतलब तुरंत है। वह अमृत तुल्य है। नाम छंद में पाने से चारो ओर मंगल ही मंगल है। उसकी वंदना सरस्वती और गणेश कर रहें हैं।

तीरथ अमित कोटि सम पावन,
नाम अखिल अघ पूग नसावन।

नाम हीय में धारण करने पर करोड़ों तीरथ से अथाह पावन करता है। सभी पाप जल जाते हैं। जीव के मालिक सौ करोड़ हिमालय से ज्यादा अचल हैं।

(ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम, राजपुर)

कॉर्टून वर्ल्ड

**खराब होता वैश्विक पर्यावरण**



साभारः कॉर्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

लेटर टू एडिटर

## खेल-कूद जरूरी

**मोहल्लों,** हाउसिंग सोसायटियों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन इस बात को लेकर रणनीति बनाएं कि किस तरह शारीरिक दूरी और अन्य रक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए बच्चों के लिए घर से बाहर सक्रिय होने का इंतजाम किया जाए। अगर युवाओं में निराशा घर करेगा तो उसके दुष्पिरिणाम सामने अवश्य आयेंगे और आ भी रहें हैं। हमें इस बिंदु पर सर्तक रहना है।

**-विक्की धान, रांची**

## बच्चों को बचायें

**दुनिया** भर के बाल मनोवैज्ञानिकों ने इस बात पर चिंता जताई है कि ज्यादातर घरों में बच्चों को इस बीमारी को लेकर ठीक से प्रशिक्षित नहीं किया। बच्चों को बाहर जाने से रोकने के लिए कोरोना को भूत बताना और तुम्हें खा जाएगा जैसे अवैज्ञानिक तरीकों ने उनके दिमाग पर विपरीत असर डाला। आवश्यकता है कि हम बच्चों को न डरायें।

**-विवेक सिन्हा, हजारीबाग**

**कांग्रेस** नेता व कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर को यदि हिन्दू धर्म का मूल और उत्पत्ति समझ में नहीं आ रही और इस घमंडिया गठबंधन के नाम के अनुरूप घमंड की पराकाष्ठा दिखाते हुए इस गठबंधन के प्रमुख सहयोगी तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टैलिन को यदि सनातन धर्म रोग की तरह नजर आ रहा है

**-सुधांशु त्रिवेद्धी, भाजपा**

रोचक ट्वीट

**ग्रामीण** भारत के मेरे परिवारजनों तक पीने का शुद्ध पानी पहुंचे, इस दिशा में जल जीवन मिशन मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। यह ना सिर्फ उनकी परेशानियों को दूर करने में मददगार बना है बल्कि उनके बेहतर स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित कर रहा है। **-नरेन्द्र मोदी**





राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रहित में है।

कल तक ऐसा होता था, अब हमहीं ने बिगाड़ा है। अब नरेन्द्र मोदी जी ने इसे ठीक करने का बीड़ा उठाया है।

अवश्य ही सफल होंगे। स्टैलिन को यदि सनातन धर्म रोग की तरह नजर आ रहा है **-महेश पोद्दार**

# समग्र का सनातन सौंदर्य

**(श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष)**

**गिरीश्वर मिश्र**

पर्व

**श्रीकृष्ण** जितने अलौकिक और विस्मयजनक रूप से विराट हैं वैसे ही सामान्य लोकजीवन में रचे-पगे सरलता और सहजता को स्वीकार करने में भी बेमिसाल हैं। ऐसी विस्तृत व्याप्ति वाला कोई दूसरा लोकनायक दूर-दूर तक नहीं दिखता । उनकी विलक्षण लीलाएं लघु और महान की आंख-मिचौली करती हैं । जन्म से लेकर बाल्यावस्था, कैशोर्य, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था, वृद्धावस्था से होते हुए लीला-संवरण तक का समग्र कृष्ण-चरित अपने भीतर अनगिन कौतूहलों को सहेजे हुए है। इसके बारे में यही कहा जा सकता है कि यह मोहक रूप परिपूर्णता की कसौटी है। कृष्णचरित में बहुत कुछ ऐसा भी दिखता है जो ऊपर से परस्परविरुद्ध और उटपटांग लगता हो पर पूर्णावतार कृष्ण उन सभी अन्तर्विरोधों के बीच वे अच्युत खड़े रहते हैं। वे तरह-तरह की मयार्दाओं का निर्वाह करते हैं, अहितकर होने पर उन्हें तोड़ते भी हैं और फिर पहले से बड़ी नई मयार्दा भी खड़ी करते हैं। फिर आवश्यकता पड़ने पर उस मयार्दा का भी अतिक्रमण करते हैं। एक अनथक यात्री कृष्ण को किसी तरह का विश्राम नहीं है। वस्तुतः दिव्य जन्म और कर्म वाले श्रीकृष्ण अखंड जीवन की साधना के निकष हैं। वे ऐसे देव हैं जो लगातार मनुष्य बनने की ओर अग्रसर हैं। निर्लिप्त भोगी, त्यागी और योगी के रूप में वे क्या कुछ नहीं करते। उनकी अछोर भूमिकाएं लोक मानस को चमत्कृत करती हैं। वे आकाश के देवता की जगह धरती के देवता की प्रतिष्ठा करते हैं। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में आगंतुक ब्राह्मणों के पैर धुलाने और जूठी पत्तल बटोरने का काम भी वे बड़े प्रेम के साथ करते हैं। कृष्ण का पूरा जीवन ही नानाप्रकार के सुखों-दुखों के बीच समत्व के योग और स्थितप्रज्ञ-जीवन को उद्घाटित करता है। बड़े कठोर जीवनक्रम के बीच कारागृह में जन्म, दूसरे परिवार में शैशव, बाल्यावस्था से ही शत्रुओं का प्रतिकार, प्रिय जनों से दूर आत्म-बल की रक्षा, लोक-हित के लिए समर्पण, एक विश्वासी मित्र और सखा के रूप में सबको जोड़ते हुए लोकसंग्रह की सामर्थ्य आदि सद्गुण मिल कर श्रीकृष्ण के अद्भुत व्यक्तित्व गढ़ते हैं । लोक में रमते हुए श्रीकृष्ण लोकोत्तर गुणों की खान हैं। माधुर्य के स्वामी श्रीकृष्ण अपनी लीलाओं, प्रिय जनों को प्रेमपगी मुरली की मधुर तान से सबको विभोर कर देते हैं। अपरूप लावण्य के अधिपति श्रीकृष्ण भागवत धर्म के ऐसे महान उपदेष्टा हैं जिनकी चरणरज को पाने वाले इतने तृप्त होते हैं कि उनके लिए सब कुछ स्वर्ग और मोक्ष सब तुच्छ हो जाता है।

श्रीकृष्ण सत, चित और आनंद तीनों को व्यक्त करने वाली लीलाओं के साथ ज्ञान, कर्म और भक्ति की त्रिवेणी रचते हैं । वे मनुष्य के रूप में नारायण योगेश्वरेश्वर हैं । तपश्चर्या से वे ह्यजीवनमुक्तह्ल की स्थिति में रहते हुए वे सामान्य बंधनों से नहीं बंधते। वे जितेंद्रिय और ज्ञानी थे। वे लगातार नानाप्रकार की परिस्थितियों में पड़ते ही रहे पर सदैव निर्लिप्त बने रहे। आखिर माया से शरीर धारण करने वाले उस निराकार परमात्मा को कोई बंधन बांध भी कैसे सकता है ? कृष्ण अपनी दिव्य प्रकृति को स्पष्ट करते हुए गीता में कहते हैं कि यद्यपि मैं अजन्मा और अविनाशी आत्मा और सर्व भूतों का ईश्वर हूं, फिर भी मैं अपनी प्रकृति को वश में कर के अपनी ही शक्ति से जन्म ग्रहण करता हूँ।

श्रीकृष्ण की लोक-यात्रा में आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए हमें अनेक अवसरों पर सूक्ष्म से विराट की अभिव्यक्ति मिलती है। श्रीकृष्ण के आख्यान भारतीय लोक-मानस में अभी भी गूंज रहे हैं। यशोदानंदन, कान्हा, गोपाल, गोविंद, राधावर, गिरिधर, गोपीकृष्ण, बंशीधर, सुदर्शनधारी,

# अध्यापक- गुरु और आचार्य के बीच संबंध

**डॉक्टर बृज किशोर पांडेय**

चिंतन

**सं**वेदनशील समाज शिक्षक दिवस का महत्व समझता है क्योंकि शिक्षक ही समाज के शिल्पकार होते हैं, देश के भविष्य और राष्ट्र के निमार्ता भी होते हैं ।भगवान और गुरु दोनों सामने हो तो गुरु को ही वंदन और नमन करना चाहिए ।जननी और जनक दोनों से ज्यादा सम्मान हमारे समाज और परंपरा में गुरु को दिया जाता रहा है। ई लर्निंग, गूगल गुरु और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में भी शिक्षक के महत्व को कम नहीं किया जा सकता ।तभी विश्व के हर देशों में शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा रही है ।यूनेस्को ने 1994 में 5 अक्टूबर को इंटरनेशनल टीचर्स डे के रूप में मनाने की घोषणा की ।भारत में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है जबकि पाकिस्तान, मालदीव ,मारीशस ,कतर, ब्रिटेन एवं रूस में 16 अक्टूबर को। चीन में पहले कन्फ्यूशियस के जन्म दिवस 28 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता था परंतु बाद में 10 सितंबर को मनाया जाने लगा ।

गुरु शिष्य संबंध की कड़ी में राम का विश्वामित्र और वशिष्ठ से, कृष्ण का गर्ग और संदीपनी से ,अर्जुन -द्रोणाचार्य, परशुराम -भीष्म ,चाणक्य -चंद्रगुप्त ,समर्थ रामदास- शिवाजी ,विवेकानंद -परमहंस गुरु शिष्य परंपरा के अद्भुत उदाहरण है ।इनसे गुरु और छात्रों के बीच इंटरनल बॉन्डिंग रिफ्लेक्ट होती है ।परंतु वर्तमान में इस गुरु शिष्य के संबंध में रिशेसन का दौर है। ये रिश्ता अब उतना पावन नहीं रहा है ।अब शिक्षकों को वह सम्मान नहीं प्राप्त है। आखिर इसका कारण क्या है ?आज समाज की जरूरत और सिद्धांतों का रूप बदल गया है । समाज में हमारे आदर्श के मानदंड बदल गए हैं ।इसमें शिक्षकों की भी भूमिका कम नहीं है ।शिक्षक या अध्यापक सिर्फ वृत्ति नहीं है। यह प्रवृत्ति का रूप धारण नहीं की है ।इसलिए अध्यापक -गुरु और आचार्य के बीच के अंतर को एनालिसिस करने की जरूरत है ।अध्यापक बुकिश नॉलेज को लर्न कर स्टूडेंट्स में ट्रांसफर करने वाला टीचर है ।आचार्य शिक्षा को ग्रहण कर अपने जीवन में उसे उतारकर स्टूडेंट्स में ट्रांसफर करता है लेकिन गुरु पढ़ाता नहीं ट्रांसफॉरमेशन लाता है, स्टूडेंट्स को शेप-अप करता है जिससे वह भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो ।

आज के समय में आचार्य और गुरु की स्कार्सिटी है और अध्यापकों की भरमार है। और यही कारण है समाज में बढ़ते डिस ऑर्डर का ,इनडिसिप्लिन का और डिप्राइव्ड होते माइंडसेट का ।जब एजुकेशन एक प्रीपेड सर्विस से ज्यादा और कुछ भी नहीं तो उससे एक आइडियल और सिविल सोसाइटी की आशा व्यर्थ है ।इसलिए अध्यापक- गुरु और आचार्य के बीच के अंतर को गहरे शिद्दत से एनालिसिस करने की जरूरत है ।

> शिक्षक या अध्यापक सिर्फ वृत्ति नहीं है। यह प्रवृत्ति का रूप धारण नहीं की है ।इसलिए अध्यापक - गुरु और आचार्य के बीच के अंतर को एनालिसिस करने की जरूरत है ।अध्यापक बुकिश नॉलेज को लर्न कर स्टूडेंट्स में ट्रांसफर करने वाला टीचर है ।आचार्य शिक्षा को ग्रहण कर अपने जीवन में उसे उतारकर स्टूडेंट्स में ट्रांसफर करता है लेकिन गुरु पढ़ाता नहीं ट्रांसफॉरमेशन लाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में वाहनों की हुई जांच



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार की देर शाम को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न माल ढुलाई वाहनों की ओवरलोडिंग एवं अन्य कागजातों की जांच की गई। जांच के क्रम में पांच माल ढुलाई वाहनों जेएच09एपी6064, डब्लूबी19जी4434, जेएच12पी 7134, जेएच02एएक्स3606, जेएच02एफ6313 के कागजात पूरे नहीं होने एवं ओवरलोड पाए जाने के बाद 2,38,250 रुपये का चालान किया गया।

### उज्जवला फाउंडेशन की समीक्षा बैठक



कुजू। बोंगाबार बाईपास स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में उज्जवला फाउंडेशन की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को हुई। बैठक के दौरान फाउंडेशन की महिलाओं द्वारा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन का निर्माण हुआ है, तब से महिलाओं को रोजगार कैसे मिले इस विषय पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। महिलाएं सब्र बांधे। उम्मीद है बहुत जल्द फाउंडेशन के पास अपना काम होगा और फाउंडेशन से जुड़ी हर एक महिला को रोजगार मिलेगा।

### नौ सितंबर को भुरकुंडा आयेंगे बाबूलाल

**भदानीनगर (रामगढ़)।** संकल्प यात्रा के चौथे चरण में 9 सितंबर को भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भुरकुंडा आयेंगे। सांसद प्रतिनिधि सह झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को ले पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा मंडल के बुध बाजार रिवर साइड को सभा स्थल के रूप में चयन किया गया है। जहां मरांडी आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार भरेंगे। उन्होंने बताया कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बूथ के कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता एवं भाजपा समर्थक इस संकल्प यात्रा में शामिल होंगे।

### जीएम अजय सिंह हुए सम्मानित



**उरीमारी (रामगढ़)।** माली मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला के पांच सदस्यीय टीम ने बुधवार को बरका-सायल के महाप्रबंधक अजय सिंह मुलाकात की। इस दौरान टीम ने जीएम अजय सिंह को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर उनके बेहतर कार्यकाल के लिए सम्मानित किया। साथ ही समिति ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में जीएम अजय सिंह के नेतृत्व में बरका-सायल प्रक्षेत्र में हर समस्याओं का समाधान होगा। साथ ही कंपनी उद्योग व कंपनी हित में कार्य करते हुए इसे और बुलंदियों पर ले जायेंगे। जीएम से मुलाकात करने वालो में समिति के जिला अध्यक्ष पिंटू मालाकार, जिला सचिव उदय मालाकार, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रवेश मालाकार, जिला सह कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, जिला महासचिव धनंजय कुमार मालाकार शामिल थे।

### कुमार क्लासेस में मना शिक्षक दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस में मंगलवार को पूरे धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के निदेशक संतोष कुमार, शिक्षक दीपक मुखर्जी व संतोष रजक ने डॉ सर्वपल्ली राधाष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर की। इसके बाद केक काटकर ड सर्वपल्ली राधाष्णन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जो आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार देकर व मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वचन प्राप्त किया। निदेशक संतोष कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र का निर्माण जुड़ा हुआ है और इस महत्वपूर्ण कार्य को शिक्षक जिम्मेदारी पूर्वक निभाते हैं। उन्होंने कहा की शिक्षक अपनी इस दायित्व को पूरा करने के लिए हर समय तत्पर रहते हैं।

### परवरिश में धूमधाम से मना जन्माष्टमी



**कुजू।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बुधवार को परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्री-प्राइमरी सेक्शन के विद्यार्थियों ने राधा व कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा तैयार काफी आकर्षित लग रहे थे। युवा प्रतिभागियों द्वारा अपनी मनमोहक भूमिका में भगवान श्री कृष्ण के प्रारंभिक बचपन का एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला चित्रण व जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया। निदेशक शैलेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह व प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने कहा कि जन्माष्टमी एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो हमें प्रेम, भक्ति और धार्मिकता का महत्व सिखाता है।

### एलटी पब्लिक स्कूल में मना जन्माष्टमी



**रजरप्पा।** एलटी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गांगी यमुनी चितरपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय के निदेशक अमित कुमार तिवारी के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झांकी के माध्यम से छात्र छात्राओं को जन्माष्टमी जानकारी दी गई। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षकों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, उनके बचपन के दिनों, बचपन के दोस्त सुदामा के साथ दोस्ती के मजबूत बंधन, राधा के साथ उनके शाश्वत प्रेम और बुराई के खिलाफ उनकी लड़ाई की कहानियों के साथ त्योहार के महत्व को समझाया। साथ ही बच्चों को पुरुस्कृत भी किया गया। मौके पर प्राचार्य सहित कई शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे

# हजारीबाग : कस्तूरबा विद्यालय में 1541 छात्राओं का होगा नामांकन

## नामांकन प्रक्रिया शुरू करें वार्डेन : चयन समिति



**हजारीबाग।** जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु जिला स्तरीय नामांकन समिति की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर ज़िला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। मौके पर जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के कक्षा छठवीं से नवीं के रिक्त सीटों में सत्र 2023-24 में नामांकन हेतु प्रखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदित सूची की समीक्षा गई तथा प्राप्त सूची को जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा कुल 1541 छात्राओं का नामांकन हेतु अनुमोदित किया गया। बैठक में चर्चा उपरांत अनुमोदित सूची के आधार पर सभी वार्डेन-सह-शिक्षका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बताया गया कि जिले के सभी 16 प्रखण्डों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में 1897 रिक्तियों के विरूद्ध 1541 अनुमोदित छात्राओं का नामांकन किया जाएगा। जिनमें चौपारण स्थित विद्यालय में 106 छात्राएं, बरही के 119, बरकट्ठा-107, पदमा-57, ईचाक-142, विष्णुगढ़-134, कटकमसांडी-147, चुरचू-89, बड़कागांव-134, केरेडारी-121, चलकुशा-24, दारू-73, सदर-72, कटकमदाग-80, डाडी-59 एवं टाटीझरिया स्थित विद्यालय में 77 छात्राएं शामिल हैं।

इस बैठक में ज़िला शिक्षा पदाधिकारी सहित भुवनेश्वर पटेल सांसद प्रतिनिधि कोडरमा, मिथिलेश पाठक सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग, अमर कुमार विधायक प्रतिनिधि बड़कागांव, निजामुद्दीन अंसारी विधायक प्रतिनिधि बरही, अनिल आजाद विधायक प्रतिनिधि, बरकट्ठा, अभिजीत सिंह विधायक प्रतिनिधि मांडू के अलावा प्रखण्ड प्रसार पदाधिकारी एवं वार्डेन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पतरातू प्र्रखंड के विकास में सभी करें सहयोग :उपायुक्त

**नीति आयोग के चिंतन शिविर का रामगढ़ के डीसी ने किया उद्घाटन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**पतरातू।** नीति आयोग ने पतरातू में बुधवार को चिंतन शिविर लगाया। प्रखंड के सभागार में आयोजित चिंतन शिविर का उद्घाटन रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उपायुक्त ने कहा कि पतरातू प्रखंड का सर्वांगीण विकास कैसे हो, इस पर हमें मंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रखंड का सर्वांगीण विकास के लिए नीति आयोग द्वारा एजुकेशन, हेल्थ, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्रर, सोशल डेवलपमेंट आदि पर कई इंडिकेटर निर्धारित किए गए हैं। जिसके अंतर्गत हम सब को मिलकर बेहतर कार्य कर प्रखंड को विकास के मामले में अव्वल बनाना है। इस दौरान विकास योजनाओं पर पारदर्शिता लाने और प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने पर विचार विमर्श किया। मौके पर बीडीओ मनोज गुप्ता, सीओ शिव शंकर पांडेय, राजेश एक्का, मनीष कुमार के अलावे मुखिया किशोर महतो, हीरा देवी, विजय मुंडा, गिरिजेश कुमार, तिलेश्वर साहू, आनंद दुबे, विकास नायक आदि उपस्थित थे।

**सहियाओं को दी चेतावनी :** उपायुक्त ने सहियाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अक्सर देखा जा रहा है कि सहिया प्राइवेट अस्पताल के लिए काम करती है। सुधार करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में एक घायल

चरही।बुधवार को इंद्रा स्थित 14 माइल एनएच-33 पर बाइक सवार को एक अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया।जिस क्रम में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने इलाज के लिए तत्काल भेज दिया।मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक सवार बिहार शरीफ निवासी स्टेट बैंक एटीएम इंजीनियर नवीन निश्चल बाइक नंबर जेएच02बीएम/2369 पर सवार होकर हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहा था।पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जलकर का भुगतान नही करने वाले आठ उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा



**हजारीबाग।** नगर आयुक्त के आदेशानुसार, फरहत अनिसी नगर प्रबंधक के नेतृत्व में वार्ड सं 27 के महेश सोनी चौक एवं महावीर स्थान चौक में जलकर का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई प्रारम्भ की गई। निगम कार्यालय के द्वारा सभी जल उपभोक्ताओं को पूर्व में बकाया जल कर का भुगतान करने हेतु नोटिस निर्गत किया था। नोटिस प्राप्ति के पशचात भी उनके द्वारा जल कर का भुगतान नही किया जा रहा है।नगर निगम को जल कर का भुगतान नही करने तथा भविष्य में भी भुगतान नही करने की बात कहने के उपरांत मौके पर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता का वाटर कनेक्शन काटा गया। साथ ही आठ जल कर उपभोक्ताओं यथा यशोदा देवी, ललिता देवी , रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, महावीर प्रसाद मिश्रा, यदुनाथ प्रसाद , विजय कुमार गुप्ता, रुक्मणी देवी,बाल कृष्णा, अशोक कुमार गुप्ता, अनूप कुमार के द्वारा जल कर का भुगतान करने हेतु दो दिनों का समय मांगा गया साथ ही नगर प्रबंधक के द्वारा सभी उपभोक्ताओं को दो दिनों के अंदर जल कर का भुगतान करने हेतु कहा गया अन्यथा निगम के द्वारा कनेक्शन को काटने की कार्रवाई की जाएगी।मौके पर धर्मेंद्र राय सहायक, विकास कुमार पी एम यू, रितिका के शेखर एवं रितिका और निगम के तहसीलदार उपस्थित थे।

### साक्षरताकर्मियों को बीइइओ ने दिये टिप्स

कटकमदाग। खपरियांवा में बुधवार को नवभारत साक्षरता अभियान के सफल संचालन को लेकर बीईईओ डोमन मोची ने साक्षरताकर्मियों को कई टिप्स दिए । उन्होंने प्रखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनर का चयन करने ,विधालय स्तर पर सर्वेक्षणकर्ता ,पोषक क्षेत्र से सर्वेक्षण कर्ता के द्वारा असाक्षरों और स्वयं शिक्षको की पहचान करना और प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने सबंधी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आठ सितंबर तक गांव पंचायत स्तर पर साक्षरता सप्ताह आयोजित करना है। जिसमें असाक्षरों के बीच नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

### अनमोल बचपन प्ले स्कूल में मना जन्माष्टमी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे ने नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए। इस दौरान बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण के वेशभूषा ने उपस्थित अभिभावको का मन मोह लिया। मौके पर अभिभावकों ने भी बच्चों का खूब उत्साह बढ़ाया। राधा-ष्ण के अलावा वासुदेव, देवकी और गोपियों की वेशभूषा में आए बच्चों ने अपनी प्रस्तुति व झांकी ने सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर स्कूल के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि भगवान श्री ष्ण ने बाल और बुद्धि से बुराई पर कैसे विजय प्राप्त की थी। इस अवसर पर बाल गोपाल ने धार्मिक गीतों पर जमकर डांस किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को रोमांचित कर दिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी हुआ।

### रौशन नायक को दिलायेंगे इंसाफ : विश्वरंजन सिन्हा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी सह आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि पटेलनगर पंचायत की मुखिया गुलाब देवी के पुत्र रोशन कुमार नायक ने एक सप्ताह पूर्व भुरकुंडा पुलिस से लिखित शिकायत कर स्थानीय सुदखोर के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की करने की मांग की थी। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस मामले में कोई कारवाई नहीं कर रही है। अगर पुलिस आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं करता है तो क्रमवार आंदोलन किया जायेगा।

# ओपी जिंदल स्कूल में मना शिक्षक दिवस व जन्माष्टमी



**बासल (रामगढ़)।** ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में सर्वपल्ली राधाष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षकों के द्वारा सर्वपल्ली राधाष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर हम अपने शिक्षकों को आदर के साथ याद करते हैं। वह हमारे लिए परम आदरणीय और पूजनीय हैं, उनका सम्मान ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों का दायित्व द्विगुणित हो गया है। उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों अनुरूप अपने आप को बदलना चाहिए ताकि नई पीढ़ी का समुचित मार्गदर्शन करने में वह सक्षम हो सकें। इधर जन्माष्टमी के अवसर पर ओपी जिंदल स्कूल के प्राथमिक खंड में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के बच्चों के लिए राधा-कृष्ण की प्रतिमूर्ति संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने आकर्षक साज-सज्जा के साथ राधा-कृष्ण के वेश में मनमोहक प्रस्तुति दी।

## एक नजर में

### एंबिशन पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



विष्णुगढ़। एम्बिशन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मना। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो के समीप दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया साथ ही उनके जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पे प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय संस्कृति के ज्ञानी,एक महान शिक्षाविद,महान दार्शनिक,महान वक्ता होने के साथ-साथ वे एक आदर्श शिक्षक भी थे। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार मंडल,सुशांत कुमार पाठक, रोहित कुमार वर्मा, दीपक वर्मा, डिलेस्वर कुमार, राजेश रजक, रोशन कुमार,बसंत कुमार ,रूपाली वर्मा,सुष्मिता प्रिया,प्रिया दुबे ,कोमल कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,रीता देवी, पुष्पा देवी आदि के अलावा विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन ने रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस को धूमधाम से रूप में मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मार्खम कॉलेज के एचओडी डॉ ब्रह्मदेव त्रिवेदी, प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, युवा नेता संजय मेहता, सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, इचाक के वरिष्ट पत्रकार रामशरण शर्मा, मार्खम कॉलेज के प्रोफेसर मिथलेश सिंह उपस्थित थे। । कार्यक्रम में संस्थान के बच्चो द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, संगीत एवं नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर ब्रह्मदेव त्रिवेदी ने कहा कि किताबों को पढ़ लेना ही शिक्षा नहीं है, शिक्षकों के आचरण को अनुग्रहित कर सामाजिक कर्तव्यों एवं दायित्वों को सीख लेना शिक्षा है। प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि आज की शिक्षा पद्धति काफी बदल गई है, बावजूद क्षेत्र के कई लोग क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। मौके पर संस्थान के शिक्षक अंकित चंद्रवंशी, दिव्या निषाद, अंशु गुप्ता, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार समेत सैकड़ों बच्चो के साथ उनके अभिभावक गण उपस्थित रहे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं0 : 834001
ई-मेल eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in
रेफरेंस नं0-प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)- 763/2023-24 (2nd Call)दिनांक :- 06.09.2023
PR No. 304602 Road 2023-24 D
अति अल्पकालीन Re Quotation (पुनः उद्धरण) आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखंड, राँची के पत्रांक 3759(एस0) दिनांक 03.08.2023 के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रहे कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर स्कार्पियों (S-11/N Series) की आपूर्ति हेतु दिनांक 13.09.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक दर हेतु Re Quotation (पुनः उद्धरण) मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, जो दिनांक 13.09.2023 को ही अपराह्न 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोला जायेगा।

उद्धरणकर्ता द्वारा उद्धृत दर वाहन चालक एवं सभी कर सहित होगा।
उद्धरण की शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
ई-मेल आई डी0 :- eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in
मोबाईल नं0 :- 8757650998

विश्वासभाजन्
कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।
PR 306357 Road(23-24)D

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग
पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 24/2023-24
1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :-जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :-दिनांक 15.09.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :-दिनांक 16.09.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-दिनांक 16.09.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :-नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विष्णुगढ़ | पंचायत भेलवारा के ग्राम भुताही मुरगॉव में मध्य विद्यालय का चाहरदिवारी निर्माण। | 1608900.00 | 5000.00 | 33000.00 | चार माह |

नोट :- 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग
PR306354 (District)23-24*D

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग - 825301
Email Id - deo_hazaribagh@rediffmail.com
विज्ञप्ति संख्या-09/2023-24

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-2368 दिनांक- 23.08.2023 एवं पत्रांक-2369 दिनांक-23.08.2023 के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु हजारीबाग जिले के लिए निम्नांकित विषयवार अभ्यर्थियों की अनुशंसा प्राप्त हुई है :-

| क्र0 | अनुशंसा करने वाला कार्यालय | विषय | अनुशंसित शिक्षकों की संख्या | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | झा0क0च0आयोग, रांची | जीव विज्ञान-रसायनशास्त्र | 01 | 12.09.2023 |
| 02 | झा0क0च0आयोग, रांची | संस्कृत | 09 | |
| कुल :- | | | 10 | |

सभी अभ्यर्थियों के सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक, जाति, आवासीय आदि प्रमाण पत्रों की वैधानिक स्थिति एवं मान्यता आदि के संबंध में जांच हेतु उपायुक्त, हजारीबाग के निदेशानुसार दिनांक-12.09.2023 को छान-बीन/भौतिक जाँच (Counselling) की तिथि निर्धारित की गयी है। विषयवार सभी अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसलिंग में सभी विवरण उपलब्ध कराने हेतु प्रपत्र (Format) हजारीबाग के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर उपलब्ध है।

सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक-12.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, हजारीबाग में आयोजित छान-बीन/भौतिक जाँच (Counselling) में निम्नलिखित अभिलेख (मूल अभिलेख एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति दो फोल्डर में) के साथ सम्मिलित होंगे :-

1. प्रवेश-पत्र।
2. शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्चतर योग्यता तक)।
3. प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र। (बी0एड0) NCTE से संस्था एवं सत्र की मान्यता से संबंधित अभिलेख।
4. आवासीय प्रमाण पत्र।
5. जाति प्रमाण पत्र।
6. आधार/पैन/वोटर आई0डी0 एवं चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
7. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (विकलांगता कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।
8. अनापत्ति एवं अनुभव प्रमाण पत्र (प्राथमिक शिक्षक कोटा से चयनित अभ्यर्थियों के लिए)।

निर्धारित तिथि को आयोजित छान-बीन/भौतिक जाँच (Counselling) में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
हजारीबाग
PR 306352 School Education and Literacy (23-24)_D

# जी-20 नई प्रौद्योगिकियां कार्य, 'कार्यस्थल' और 'कार्यबल' के स्तर पर बदलाव

हमारे चारों ओर तेजी से तकनीकी व्यवधान के संदर्भ में 'कार्य के भविष्य' की कुछ प्रमुख अभिव्यक्ति दिखाई देती है। जहां एक तरफ इसने उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि को सक्षम किया है, वहीं दूसरी तरफ इसने भविष्य में रोजगार के बाजार के दायरे, आकार और समावेश से जुड़े सवाल भी उठाए हैं। कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। दुनिया भर में यह जनसांख्यिकीय विचलन चिंता पैदा कर रहा है।

जी–20 के तहत शिक्षा और श्रम कार्य समूह के विचार–विमर्श ने वास्तव में कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को चिन्हित किया है।'कार्य के भविष्य' के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु–हितधारक जिम्मेदारी है। डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा–कौशल संबंधी इको–सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नए युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके। हम

विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में गतिशील कौशल मूल्यांकन और प्रत्याशा की आवश्यकता को पहले से कहीं अधिक देखते हैं,भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा–कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी–20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक श्रृंखला की शुरूआत करता है।



**(श्री अतुल कुमार तिवारी,**
**सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय)**

*हम काम करने के तरीके में बड़े पैमाने पर वैश्विक बदलाव को देख रहे हैं। यह आईआर 4.0, ऊर्जा संक्रमण और नए युग की प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित 'कार्य के भविष्य' के रूप में हमारे सामने है। नई प्रौद्योगिकियां 'कार्य', 'कार्यस्थल' और 'कार्यबल' के स्तर पर बदलाव ला रही हैं। हम विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संरचना में व्यापक बदलाव देख रहे हैं। यह उच्च-स्तरीय अनुभूति और सामाजिक-भावनात्मक कौशल की आवश्यकता वाले नए रोजगारों के आगमन से प्रमाणित है। 'कार्य के भविष्य' को समायोजित करने के लिए सभी सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में आशावाद के साथ-साथ संदेह भी व्याप्त है। इस प्रकार के व्यापक वैश्विक परिवर्तनों के संदर्भ में गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। जी-20 अपने सभी आर्थिक और सामाजिक आयामों के साथ 'काम के भविष्य' पर चर्चा करने के लिए सही मंच है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 जो 'काम के भविष्य' से निकलने वाली प्रवृत्तियों का प्रबंधन करने के लिए राष्ट्रों की पूरक शक्तियों के साथ वैश्विक हित के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए एक रूपरेखा तैयार कर सकता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने जी-20 कौशल रणनीति और क्षमता निर्माण, आजीवन शिक्षण और निगरानी से जुड़े इसके संबंधित पहलुओं को चचाओं के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में रखा है। पूरी दुनिया के लिए ये विचार-विमर्श प्रासंगिक हैं। यह जी-20 और वास्तव में दुनिया को शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रणालियों के बारे में फिर से परिकल्पना करने के कार्य की नये सिरे से शुरूआत करने का अवसर प्रदान करता है ताकि शिक्षार्थियों को जीवन को सही दिशा में ले जाने, समाज में योगदान देने और रोजगार के उभरते बाजारों के अनुकूल आवश्यक कौशल से लैस किया जा सके।

ऑटोमेशन, बिग डेटा, एआई और अन्य प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हमारे चारों ओर तेजी से तकनीकी व्यवधान के संदर्भ में 'कार्य के भविष्य' की कुछ प्रमुख अभिव्यक्ति दिखाई देती है। जहां एक तरफ इसने उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि को सक्षम किया है, वहीं दूसरी तरफ इसने भविष्य में रोजगार के बाजार के दायरे, आकार और समावेश से जुड़े सवाल भी उठाए हैं। कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। दुनिया भर में यह जनसांख्यिकीय विचलन चिंता पैदा कर रहा है। जी-20 के तहत शिक्षा और श्रम कार्य समूह के विचार-विमर्श ने वास्तव में कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को चिन्हित किया है। इसमें सामूहिक जी-20 कौशल रणनीति को लागू करने के लिए संकेतक और स्कूल और टीवीईटी में निरंतर शिक्षण, शिक्षा और शिक्षण के परिणामों में सुधार के तरीके शामिल हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/राज्यों में फैले शिक्षा और कौशल से संबंधित आधारभूत संरचना में निर्बाध ऋण संचय और हस्तांतरण, व्यावसायिक से सामान्य शिक्षा और कौशल के वितरण को एकीकृत करके सभी स्तरों पर कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है। इसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक पेशा-उन्मुख, स्वस्थ बनाना और रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। इसमें यह भी परिकल्पना की गई है कि हमारे शिक्षा और कौशल संस्थान ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने में सक्षम हैं, जो अर्थव्यवस्था और रोजगार के बाजार में परिवर्तन के लिए लचीला और अनुकूल हैं।

'कार्य के भविष्य' के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु-हितधारक जिम्मेदारी है। डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा-कौशल संबंधी इको-सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नए युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके। हम विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में गतिशील कौशल मूल्यांकन और प्रत्याशा की आवश्यकता को पहले से कहीं अधिक देखते हैं, क्योंकि ऑटोमेशन से शॉप फ्लोर और ग्राहक से जुड़ने के तरीकों में बदलाव होता है। कौशल संबंधी आधारभूत संरचना को भी संस्मरण और सिद्धांत से उन्नत करने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हस्तांतरणीय रोजगार कौशल पर अधिक ध्यान देते हुए दुनिया को समझना होगा। हमें स्थानीय/जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के हितधारकों में कार्यान्वयन से जुड़े भागीदारों की क्षमता को भी बनाए रखना चाहिए, ताकि उन्हें इस परिवर्तन को अक्षरशः लागू करने के लिए आवश्यक कौशल और प्रेरणा से लैस किया जा सके। प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ 'कार्य के भविष्य' को समावेश करने और श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी, वंचित वर्गों/भौगोलिक क्षेत्रों तक कौशल की पहुंच और उन वर्गों की मदद करने जैसी सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए भी नए सिरे से प्रयास करने की आवश्यकता है, जिन्हें नई अर्थव्यवस्था के साथ मुख्यधारा में लाना मुश्किल लगता है।

भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा-कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी-20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक श्रृंखला की शुरूआत करता है, जो विपरीत जनसांख्यिकीय और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं।

# भारतीय ज्ञान दुनिया की सबसे पुरानी वेद आधारित परंपरा



**राजनाथ सिंह**

भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे पुरानी में से एक है और यह स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और विश्व शांति के सिद्धांतों को स्वीकार करती है। यह बात रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 05 सितंबर, 2023 को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'वेदों में निहित भारतीय ज्ञान परंपरा और सर्वोत्तम जीवन मूल्यों' विषय पर व्याख्यान देते हुए कही।

श्री राजनाथ सिंह ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि वेदों में जलवायु परिवर्तन सहित दुनिया के सामने आने वाली कई चुनौतियों का समाधान विद्यमान है। उन्होंने बताया कि वेद प्रकृति की पूजा और पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण जैसी प्रथाओं पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा, ह्लवेदों का सबसे प्रमुख पहलू इसकी दीर्घजीवन है, यानी, यह सनातन है, हालांकि, एक वर्ग है जो वेदों और उसके मूल्यों पर हमला कर रहा है। ऐसे प्रयास निरर्थक साबित हो सकते हैं। यह उल्लेख करते हुए कि लोकतंत्र को अक्सर पश्चिम देशों द्वारा दुनिया को दी गई शासन प्रणाली माना जाता है, रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें वैदिक काल में पाई जाती हैं, जहां 'सभा' और 'समिति' जैसी प्रतिनिधि प्रणालियां मौजूद थीं।



श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वैदिक काल महिला सशक्तिकरण का काल था क्योंकि महिलाओं को पुरुषों के समान ही अधिकार प्राप्त थे। उन्होंने कहा, वैदिक काल की ऐसी महिलाओं के कई उदाहरण हैं जिन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में योगदान दिया है।

भारतीय संस्कृति की शक्ति को रेखांकित करते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा, ह्लपूरे इतिहास में, हमारी संस्कृति कई हमलों के बावजूद गर्व के साथ विकसित हुई है। इसका कारण वैदिक मूल्य और प्राचीन ज्ञान परंपरा है जिस पर यह आधारित है।

श्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान लोगों के सामाजिक जागृति में स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वतीजी ने आर्य समाज और 'वेदों की ओर लौटो' के अपने आह्वान के माध्यम से भारत के पुनर्जागरण में बहुत बड़ा योगदान दिया। रक्षा मंत्री ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर भी स्?मरण किया, जिसे आज शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन ने राजनीति के अतिरिक्?त शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा, आज का दिन उनकी विद्वता, उनके दार्शनिक योगदान और राष्ट्र के लिए उनकी उपलब्धियों को श्रद्धांजलि देने का दिन है।

(साभारः पीआईबी)

# मेटा के साथ तीन साल का शैक्षणिक समझौता

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने मेटा के साथ 3 साल की साझेदारी शुरू की, शिक्षा से उद्यमिता तकः छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी का सशक्तिकरण का समझौता किया।

'शिक्षा से उद्यमिता' के माध्यम से डिजिटल कौशल को जमीनी स्तर तक ले जाने, छात्रों, युवाओं, कार्यबल और सूक्ष्म उद्यमियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ा जाएगा- श्री धर्मेंद्र प्रधान

पूरे समाज के लिए प्रौद्योगिकी को समान बनाने के लिए भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता को प्रौद्योगिकी से जोड़ा जाएगा - श्री धर्मेंद्र प्रधान




केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और मेटा के बीच 3 साल की साझेदारी शिक्षा से उद्यमिताः छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी का सशक्तिकरण₹ की शुरूआत की। मेटा और एनआईईएसबीयूडी, एआईसीटीई और सीबीएसई के बीच 3 आशय पत्रों (एलओआई) का आदान-प्रदान किया गया। शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री श्री राजीव चन्द्रशेखर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आज शुरू की गई पहल भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने और हमारी अमृत पीढ़ी को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए है।उन्होंने यह भी कहा कि 'एजुकेशन टू एंटरप्रेन्योरशिप' साझेदारी एक गेम-चेंजर है, जो डिजिटल स्किलिंग को जमीनी स्तर तक ले जाएगी। यह हमारे प्रतिभा पूल की क्षमताओं का निर्माण करेगा, छात्रों, युवाओं, कार्यबल और सूक्ष्म-उद्यमियों को भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ सहजता से जोड़ेगा और हमारी अमृत पीढ़ी को नए युग के समस्या समाधानकताओं और उद्यमियों में बदल देगा।

भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता को प्रौद्योगिकी रूपांतरण से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि प्रौद्योगिकी पूरे समाज के लिए समतुल्य बन जाए। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धांतों से प्रेरित होकर, एनआईईएसबीयूडी, सीबीएसई और एआईसीटीई के साथ मेटा की साझेदारी हमारी आबादी को महत्वपूर्ण डिजिटल कौशल से लैस करने और सूक्ष्म उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए अनंत संभावनाओं को उत्प्रेरित करेगी। राजीव चन्द्रशेखर ने अपने संबोधन में कहा कि तेजी से बदलते समय में हमारे युवाओं और कार्यबल को सफल होने और प्रौद्योगिकी और वैश्विक अर्थव्यवस्था के उभरते परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए कौशल से लैस करने के लिए तैयार करने पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल कौशल, नवाचार इको-सिस्टम में कौशल और उद्यमिता का प्रतिनिधित्व करते हुए, अधिक महत्वपूर्ण रूप से लाखों छोटे ग्रामीण, सूक्ष्म और स्व-रोजगार उद्यमियों के बीच एक पुल का प्रतिनिधित्व करता है, जो उन्हें विस्तारित करने, विकसित और सफल होने में सक्षम बनाता है।

एक वीडियो संदेश में मेटा के ग्लोबल अफेयर्स अध्यक्ष, सर निक क्लेग ने कार्यबल के दो सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों, शिक्षा और कौशल के बीच साझेदारी को एक साथ लाने में उनके समर्थन के लिए श्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रतिभा आधार और तेजी से डिजिटल अपनाना इसे उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश करने के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। वे भारत के छात्रों, युवाओं और उद्यमियों को सशक्त बनाने में मेटा के योगदान की आशा करते हैं, जिसमें भारतीय स्टार्टअप और व्यवसायों के लिए कौशल विकास पर महत्वपूर्ण ध्यान दिया गया है, उन्होंने शिक्षा, रोजगार सृजन, कौशल विकास और उपयोगकर्ता सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में जी-20 अध्यक्षता के दौरान भारत के साथ मिलकर काम किया है।

राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (एनआईईएसबीयूडी) के साथ साझेदारी के तहत, अगले 3 वर्षों में 5 लाख उद्यमियों को मेटा द्वारा डिजिटल मार्केटिंग कौशल तक पहुंच मिलेगी।

शुरूआत में उभरते और मौजूदा उद्यमियों को 7 क्षेत्रीय भाषाओं में मेटा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके डिजिटल मार्केटिंग कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। साझेदारी के बारे में विवरण पर प्रकाश डालते हुए तीन लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गईं। (पीआइबी)

# 'वन नेशन- वन इलेक्शन'




ओएनओई तब तक संभव नहीं हो सकता जब तक संख्या में दो तिहाई राज्य उसका अनुमोदन नहीं करते। भाजपा के वश में यह नहीं है और यह उसकी सबसे बड़ी दुखती रग है, इसीलिए यह हड़बड़ी मची है। इसका अंतिम तार्किक मकसद है सभी राज्यों और केंद्र में एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक पार्टी के विचार पर अमल।

ओएनओई को एक ब्रह्मास्त्र के रूप में देखा जा रहा है। अगर आपकी कमजोरी यह है कि एक ही नेता तमाम राज्यों में आपको वोट दिला सकता है और आपके अधिकतर नेता किसी गिनती में नहीं हैं तो क्यों न इस कमजोरी को अपनी मजबूती के रूप में इस्तेमाल करें? मोदी के नाम पर ही अगर केंद्र और राज्यों में वोट मांगा जाए तो इसमें बुरा क्या है? हर चुनाव मोदी बनाम कौन हो जाएगा। जो चिंता उन पर दबाव बना रही है उसके पीछे की राजनीति को समझने के लिए हमें इस बात पर गौर करना होगा कि भारत के राजनीतिक नक्शे से भगवा रंग कितनी तेजी से गायब हो रहा है।

आज 14 राज्यों में या तो विपक्षी गठबंधन इंडिया का कोई घटक, या भाजपा से अलग कोई दल सत्ता में है। आप भारत को राज्यों का एक संघ मानें या एकीकृत संघीय राष्ट्र (यूनीफाइड फेडरल नेशन), 2024 के बाद अगर कम-से-कम 18 राज्य ऐसे हो जाते हैं जिनमें आप सत्ता में नहीं हैं, तो उस तरह का सत्ता प्रयोग करना एक बड़ी चुनौती हो जाएगी जिसकी मोदी सरकार आदी हो चुकी है।

सबसे पहले, संसद का अमृत काल सत्र बुलाया गया। अब आगे भाजपा अगर हर चुनाव को ओएनओई के लिए रायशुमारी में बदल दे तो हैरान मत होइएगा। दूसरी, इंडिया के घटकों ने मुंबई के अपने सम्मेलन में वह एकजुटता हासिल करने कोशिश की है, जैसी भारतीय राजनीति में प्रायः नहीं देखी गई थी। तीसरी, मोदी सरकार ने रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में बड़ी रियायत की घोषणा की, और पेट्रोल-डीजल के बारे में भी ऐसी घोषणा की जा सकती है। यह हड़बड़ी राज्यों के अंतिम चुनाव के नतीजों की वजह से पैदा हुई दिखती है, जिसमें भाजपा को कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में सत्ता गंवानी पड़ी।

भाजपा को हर एक राज्य में निर्णायक हार मिली, हालांकि कर्नाटक के मुकाबले हिमाचल में उसने कांटे की टक्कर दी। इसका अर्थ यह हुआ कि निकट भविष्य में ऑपरेशन कमल जैसी कामयाबी की उम्मीद नहीं की जा सकती। भाजपा को उस प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ने मात दी जिससे हारना उसे पसंद नहीं है। वर्ष 2019 के बाद से कांग्रेस के खिलाफ जीतने की उसकी दर 92 फीसदी से ज्यादा की रही है लेकिन इससे कभी आत्मतुष्ट होकर वह बैठ नहीं गई लेकिन अब हवा उस पार्टी के पक्ष में उठती दिख रही है। उपरोक्त दोनों राज्यों में कांग्रेस बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर चुनाव जीती। इसने विपक्षी दलों के बीच उसका कद और मोल-तोल की ताकत बढ़ा दी। विपक्षी एकता के दावे पर पूरा भरोसा जमने में अभी वक्त लगेगा लेकिन आगे जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उनमें कांग्रेस इस यकीन के साथ चुनौती दे सकती है कि जब नरेंद्र मोदी सीधे मुकाबले में नहीं हैं तो वह भाजपा को पराजित कर सकती है। इन राज्यों में भाजपा के पास चुनाव जिताने वाले नेतृत्व का अभाव उसकी बढ़ती नाकामी मानी जाएगी। कठोर तथ्य यह है कि योगी आदित्यनाथ और हिमंत विश्व शर्मा के सिवाय उसके पास ऐसे नेता नहीं हैं जो अपने दम पर उसे राज्यों में चुनाव जिता सकें। और, जो दो नेता-मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में वसुंधरा राजे-उनके पास हैं, उन्हें भाजपा वाले ही पसंद नहीं करते। छठी बात यह कि मोदी को बार-बार चेहरा बनाकर क्या वे जोखिम नहीं मोल ले रहे हैं? क्या उन्हें तुरुप के इस पत्ते का हर मौके पर इस्तेमाल करना चाहिए? कर्नाटक की तरह फिर वे हार गए तब क्या होगा? इस बार सर्दियों में जिन चार बड़े राज्यों के चुनाव होने जा रहे हैं उनमें से कम-से-कम दो में अगर भाजपा हार गई, तो कुछ समय बाद राज्यसभा में उसकी ताकत घट जाएगी।

भाजपा का थिंक टैंक (मोदी-शाह-नड्डा) पिछले तीन महीनों से इन सवालों पर जरूर मंथन कर रहा होगा। हमारे टीवी चैनल और जनमत सर्वे तो यही संकेत दे रहे हैं कि वोटों की गिनती हुई हो या नहीं, भाजपा 2024 का चुनाव जीत चुकी है लेकिन भाजपा ऐसा नहीं सोच रही है। वे इस बात पर आश्वस्त हैं कि आम चुनाव तो मोदी के पक्ष में या खिलाफ ही लड़ा जाएगा लेकिन राज्यों में नगण्य नेतृत्व या महाराष्ट्र की तरह कामचलाऊ सत्ता का आत्मघाती जुगाड़ ही चलता रहा तो आम चुनाव के बाद जिन राज्यों में चुनाव होंगे उन्हें जीतना मुश्किल होगा। यह भाजपा को केंद्र में तीसरी बार अपनी सरकार बनाना और भी मुश्किल कर देगा।

इसमें पेच यह है-अगर आप यह मानते हैं कि राज्यों के और लोकसभा के चुनाव साथ कराए जाएं तो आज के मतदाता दोनों चुनावों में साफ फर्क करते हैं, जैसा कि 2019 में ओडिशा में हुआ था तो आज अगर दोनों चुनाव साथ कराए गए तो वे यह फर्क क्यों नहीं करेंगे? और अगर मतदाता अभी भी इतने समझदार नहीं हुए हैं, तो भाजपा की राज्य सरकार के प्रति उनकी नकारात्मक धारणा लोकसभा चुनाव में उनकी वोटिंग को क्यों नहीं प्रभावित करेगी? तब यह जोखिम उठाना क्या मुनासिब होगा कि अपने मुख्यमंत्रियों के खिलाफ मतदाताओं के गुस्से का खमियाजा मोदी को भुगतना पड़े?

सार यह कि आम चुनाव के लिए अभियान शुरू होने में छह महीने से भी कम का समय रह गया है और भाजपा को सोच-विचार करने के लिए इतने सारे मसले हैं जितने 2019 के चुनाव से पहले नहीं थे।

आज, लोकसभा चुनाव नहीं बल्कि राज्यों के चुनाव भाजपा के रणनीतिकारों की नींद उड़ा रहे हैं। ऐसे में वन नेशन, वन इलेक्शन दूर की कौड़ी लगती है। फिलहाल भाजपा को संविधान में दर्ज चेक ऐंड बैलेंस की व्यवस्थाओं, राज्यों के अधिकारों, केंद्र सरकार की सीमाओं, और हर दो साल पर राज्यसभा की एक तिहाई सीटों के लिए चुनाव की चिंता करनी चाहिए, जो राज्य विधानसभाओं की बदलती वास्तविकताओं को प्रभावित करते हैं। इसलिए सत्तातंत्र के बौद्धिक हलकों में नए संविधान की आवश्यकता को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है।

# 13 करोड़ धरों तक पहुंचा जल जीवन मिशन

जल जीवन मिशन (जेजेएम) ने आज 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करके एक और उपलब्धि हासिल की है। 'गति और पैमाने' के साथ काम करते हुए, जीवन बदल देने वाले मिशन ने अगस्त, 2019 में मिशन की शुरूआत में केवल 3.23 करोड़ घरों में ग्रामीण नल कनेक्शन प्रदान किये थे जो 4 वर्षों में बढ़कर 13 करोड़ पर पहुंच चुका है। जल जीवन मिशन की घोषणा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को 73वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से की थी। अब तक, 6 राज्यों अर्थात गोवा, तेलंगाना, हरियाणा, गुजरात, पंजाब और हिमाचल प्रदेश) और 3 केंद्र शासित प्रदेशों - पुदुचेरी, दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली और अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने 100 प्रतिशत कवरेज की सूचना दी है। निकट भविष्य में बिहार 96.39 प्रतिशत पर, मिजोरम 92.12 प्रतिशत पर परिपूर्णता प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। गोवा, हरियाणा, पंजाब, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी, दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव 'हर घर जल प्रमाणित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश हैं यानी, इन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में, ग्रामीणों ने ग्राम सभाओं के माध्यम से पुष्टि की है कि गांव में 'सभी घर और सार्वजनिक संस्थानों' को पानी की पर्याप्त, सुरक्षित और नियमित आपूर्ति हो रही है। देश के 145 जिलों और 1,86,818 गांवों ने 100 प्रतिशत कवरेज की सूचना दी है। मिशन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ साझेदारी में कार्यक्रम को कार्यान्वित करता है और यह विकास भागीदारों सहित सभी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है कि रूपांतरकारी बदलाव जमीन पर देखा जाता है। हर सेकंड एक नल जल कनेक्शन स्थापित किया जा रहा है जिससे देश का ग्रामीण परिदृश्य बदल रहा है। 1 जनवरी 2023 से रोजाना औसतन 87,500 नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने जनवरी 2023 से 61.05 लाख चालू घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) लगाकर चालू वित्त वर्ष में प्रगति चार्ट में शीर्ष पर है।

केंद्र और राज्य सरकारों के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप देश के 9.15 लाख (88.73 प्रतिशत) स्कूलों और 9.52 लाख (84.69 प्रतिशत) आंगनवाड़ी केंद्रों में नल के पानी की आपूर्ति का प्रावधान सुनिश्चित हुआ है। हमारे देश के 112 आकांक्षी जिलों में, मिशन के शुभारंभ के समय, केवल 21.41 लाख (7.86 प्रतिशत) घरों में नल का पानी उपलब्ध था जो अब बढ़कर 1.81 करोड़ (66.48 प्रतिशत) हो गया है।

'हर घर जल' के तहत काम के परिणामस्वरूप ग्रामीण आबादी को महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ हो रहा है। नियमित नल जल आपूर्ति से लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवा लड़कियों को अपनी दैनिक घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पानी से भरी बाल्टी ढोने की सदियों पुरानी मेहनत से राहत मिली है। योजनाओं की दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए, शुरू से ही सामुदायिक भागीदारी ग्रामीण पाइप लाइन जलापूर्ति योजनाओं की योजना, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) के केंद्र में रही है। देश में 5.27 लाख से अधिक ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियां (वीडब्ल्यूएससी)/पानी समितियां गठित की गई हैं और 5.12 लाख ग्राम कार्य योजनाएं (वीएपी) तैयार की गई हैं, जिनमें पेयजल स्रोत संवर्धन, ग्रेवाटर उपचार और इसके पुनः उपयोग और गाँव में जल आपूर्ति प्रणालियों के संचालन एवं रखरखाव की नियमित योजनाएं शामिल हैं।

जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय, 1.79 करोड़ आबादी (आर्सेनिक-1.19 करोड़, फ्लोराइड-0.59 करोड़) वाली 22,016 बस्तियां (आर्सेनिक-14,020, फ्लोराइड-7,996) पेयजल स्रोतों में आर्सेनिक/फ्लोराइड संदूषण से प्रभावित थीं। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की रिपोर्ट के अनुसार, अब सभी आर्सेनिक/फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है। जल जीवन मिशन न केवल पानी उपलब्ध कराने में विश्वास रखता है बल्कि यह सुनिश्चित करने में भी विश्वास रखता है कि हर बार गुणवत्तापूर्ण पानी की आपूर्ति की जाए। इस संबंध में स्रोत और वितरण बिंदुओं से पानी के नमूने नियमित रूप से एकत्र किए जाते हैं और जांच की जाती है।

# एनआइटी जमशेदपुर को देश के शीर्ष 100 इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्थान दिलायेंगे : टी कृष्णा प्रसाद

झारखंड समेत लोकल इकोनोमी में एनआइटी की भूमिका निर्धारित करेंगे

पीपी मोड के तहत एआई, डेटा साइंस और आइओटी लैब बनायेंगे

## एनआइटी जमशेदपुर के नये चेयरमैन ने पदभार ग्रहण किया




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते चेयरमैन टी कृष्णा प्रसाद।

**विशेष संवाददाता/सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एनआइटी जमशेदपुर के नये चेयरमैन टी कृष्णा प्रसाद ने बुधवार को पदभार संभाल लिया। संस्थान में पहले दौर के क्रम में आज उन्होंने निदेशक डॉक्टर गौतम सूत्रधार और फैकल्टी के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इसके अलावा उन्होंने संस्थान परिसर का भी निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं से उनकी अपेक्षाओं और परेशानियों के बारे में चर्चा की।

इसके पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि वह खुद एनआईटी वारंगर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है इसलिए एनआईटी जमशेदपुर का चेयरमैन की जिम्मेदारी मिलने पर निजी व भावनात्मक रुप से भी गौरव की अनुभव कर रहा हूं। मैं चाहूंगा कि एनआइटी जमशेदपुर को देश के टॉप 100 इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच रैंक दिलाया जाए। साथ ही झारखंड के औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना के विकास में एनआईटी जमशेदपुर की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एनआइटी जमशेदपुर की स्थापना 1960 में देश के सबसे प्रमुख बड़े औद्योगिक क्षेत्र जमशेदपुर में की गई थी। यहां एनआइटी जैसे शैक्षणिक संस्थान हैं तो एनएमएल जैसा इंटरनेशनल स्तर का लैबोरेट्री भी है, एक्सएलआरआई जैसा ग्लोबल बिजनेस स्कूल है तो टाटा ग्रुप समेत कई बड़े उद्योगों का यह हब है। ऐसे में मेरा प्रयास होगा की एनआईटी के छात्रों को को इंटरनेशनल स्तर की तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ उन्हें इंटरनेशनल स्तर की कंपनियों में इंडस्ट्रियल एक्सपोजर का अवसर मिले और वे कंपनियों के साथ, एनएमएल जैसी वर्ल्ड क्लास लेबोरेटरी के साथ मिलकर रिसर्च एंड डेवलपमेंट में अपनी भूमिका अदा करें। इससे छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक रिज्यूम मजबूत होगा और वह तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ प्रैक्टिकल का व्यावहारिक ज्ञान भी ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास होगा की एनआईटी जैसी एकेडमी संस्था एनएमएल जैसे रिसर्च एवं डेवलपमेंट संस्थान, एक्सएलआरआई टॉप प्रबंधन संस्थान और टाटा स्टील टाटा मोटर्स जैसी वर्ल्ड क्लास कंपनियों के साथ सिनर्जी करके संस्थान को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया जाए जिसे यहां के छात्र-छात्राएं लाभान्वित हों। मेरा प्रयास होगा की टीम एनआइटी के साथ मिलकर झारखंड व लोकल इकोनॉमी में एनआइटी जमशेदपुर की भूमिका प्रोजेक्ट के जरिए बढ़ाई जाए। मेरा मानना है कि झारखंड में जो भी हाइवे बनें, रेलवे आधारभूत संरचनाएं, एयरपोर्ट बनें अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास हो, उसमें एनआइटी भी अपनी भूमिका निभाये। जमशेदपुर के आस-पास कम से कम 3000 एकड़ में स्पेशल इकोनोमिक जोन विकसित कर यहां के औद्योगिक विकास की रफ्तार को गुणात्मक रुप से बढ़ाया जा सकता है। हम झारखंड सरकार से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण साझेदारी का अवसर देखते हैं। छात्रों को उद्योग में भेज कर ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट वर्क कराया जाए। साथ ही फैकेल्टी मेंबर को संस्थान हित में उनकी क्षमता का आर्थिक दोहन आईआईएम के प्रोफेसर्स की तर्ज पर सुनिश्चित किया जाए ताकि एनआइटी को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिले। प्रसाद ने बताया कि एनआइटी की रैंकिंग को सुधारने के लिए फैकेल्टी और स्टूडेंट के अनुपात को ठीक किया जाएगा। संस्थान में ज्यादा से ज्यादा पीएचडी होल्डर फैकल्टी को तैनात किया जाएगा और जो पुराने फैकेल्टी नन-पीएचडी हैं उन्हें पीएचडी करने का अवसर प्रदान किया जाएगा ताकि उनकी क्षमता और दक्षता को और निखारा जा सके। इसके अलावा संस्थान के आधारभूत संरचनाओं को और मजबूत किया जाएगा। संस्थान को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत यहां की वर्कशॉप और लैबोरेट्री को अपग्रेड किया जाएगा। उन्हें नॉलेज सेंटर और इनोवेशन सेंटर के रूप में तब्दील किया जाएगा। मेरा प्रयास होगा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर, इंटरनेट आईओटी आदि के लिए विशेष्ज्ञ लैबोरेट्री की स्थापना यहां की जाए ताकि यहां इस क्षेत्र में नए-नए रिसर्च एंड डेवलपमेंट को बढ़ावा मिल सके। इसके लिए वर्ल्ड क्लास की कंपनियों के साथ पीपी मोड में टाई-अप किया जाएगा। संक्षेप में एनआइटी जमशेदपुर की रैंकिंग को निखारने के लिए हम यहां फैकेल्टी सेंटर फॉर एक्सीलेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं और शिक्षक कर्मचारी एवं स्टाफ के जीवन स्तर को उन्नत करने की दिशा में भी ठोस कदम उठायेंगे। टी कृष्णा प्रसाद ने बताया कि हम छात्रों के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत ऐसे मॉड्यूल बनाएंगे ताकि हमारे छात्र ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री फ्रेंडली प्रोजेक्ट कर सकें। इंडस्ट्री नीड पर आधारित प्रोजेक्ट कर सकें और उन्हें इंडस्ट्रियल एक्स्पोजर मिले।

प्रसाद ने बताया की 2047 में हमारा देश की आजादी का 54 वर्ष मनाया जाएगा और ऐसे में हम एनआइटी को वर्ल्ड क्लास इंजीनियरिंग संस्थान बनाने का विजन लेकर चलेंगे।

## तेलंगाना के पूर्व डीजीपी हैं प्रसाद, एनआईटी वारंगल से की है इंजीनियरिंग की पढाई

### आइआइएम अहमदाबाद से एमबीए की, मीडिया में काम किया फिर बने आइपीएस



एनआइटी के निदेशक डा गौतम सूत्रधार नये चेयरमैन टी कृष्णा प्रसाद का स्वागत करते हुए।

**जमशेदपुर।** एनआइटी जमशेदपुर के नये चेयरमैन टी कृष्णा प्रसाद बहु आयामी व्यक्तित्व के स्वामी हैं। उनका शैक्षिक एवं पेशेवर कैरियर उपलब्धियों से भरा हुआ है जो विरले ही किसी आइपीएस अधिकारी को मिलता है। टी कृष्णा प्रसाद ने एनआईटी वारंगल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की और फिर आगे आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए किया। उसके बाद मल्टी नेशनल एडवर्टाइजिंग एजेंसी लिंटास में अलिक पदमजी जैसी शख्सियत के साथ काम किया। फिर पिता के याद दिलाने पर उन्होंने आईपीएस की तैयारी की और पहली ही बार में उत्तीर्ण कर लिया। वे 1986बैच के आईपीएस हैं। जमशेदपुर के पूर्व सांसद सह पूर्व एसपी डॉ अजय कुमार उनके आईपीएस 86बैच के बैचमेट हैं। झारखंड के आइपीएस कमलनयन चौबे एवं आरके मिश्रा भी उनके बैचमेट हैं। झारखंड के पूर्व डीजीपी एमवी राव एनआइटी वारंगल में बैचमेट थे। तेलंगाना के पूर्व डीजीपी टी.कृष्णा प्रसाद आंध्र कैडर के आईपीएस हैं जो पांच जिलों में बतौर एसपी और 8जिलों में बतौर डी आईजी अपनी सेवा दे चुके है। 2012में उनकी पहल पर ही आंध्रप्रदेश में ऑनलाइन एफआइआर की सुविधा शुरू हुई। वे सीआइडी में भी काम कर चुके हैं। सीआईडी में काम करने के दौरान उन्होंने देशव्यापी आंध्रप्रदेश के चर्चित केस- पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेस के पेपर लीक कांड का उद्भेदन किया था। उन्होंने प्रशासन और सरकार के विभिन्न विभागों में कार्य करने के दौरान आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश में एसईजेड एवं रोड सेफ्टी पॉलिसी का ड्राफ्ट बनाने में अहम भूमिका निभायी। वर्तमान में वे वर्ल्ड बैंक के लिए रोड एंड सेफ्टी के लिए कंसल्टेंट का भी काम करते हैं।

स्पीड न्यूज

## बाराद्वारी शिव-हनुमान मंदिर में स्थापित होगी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा



जमशेदपुर। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन केन्द्रीय कार्यालय में जयपुर से चलकर बनारस के रास्ते एकल संगमरमर से निर्मित जगतगुरु भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा पहूंचा। फिलहाल इनको सांस्कृतिक भवन में अस्थाई स्थान दी गई है। भगवान विश्वकर्मा जी के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा वैश्विक पर्व 17 सितम्बर को सांस्कृतिक भवन के सामने वाले मंदिर में की जाएगी। प्रतिमा का खर्च उठाने वाले विश्वकर्मा वंशी वशिष्ठ मुनि शर्मा के पुत्र संजय शर्मा के साथ समाज के सहायक महामंत्री जितेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा एवं युवा पदाधिकारी अजीत शर्मा ने सशरीर प्रतिमा को लेकर भवन पहूंवें जहां भारी संख्या में विश्वकर्मा पहले से उपस्थित थे। उनके पहूंचते ही समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा एवं महामंत्री सुजीत शर्मा ने सभी के पांव पखार कर भगवान विश्वकर्मा के साथ उनका भी स्वागत किए। अध्यक्ष ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा बहुत ही धुम धाम के साथ की जाएगी जिसमें विशाल कलश यात्रा,महा आरती एवं महाभोग का आयोजन किया जाएगा। 16 सिंतबर को विशाल कलश यात्रा मानगो नदी घाट से भवन प्रांगण तक पहूंचाने के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा का प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 17 सिंतबर के शाम महाभोग के साथ पुर्णाहुति होगी।

## टाटा वर्कर्स यूनियन के कर्मचारियों को अधिकतम 58,209 रुपये बोनस

**जमशेदपुर।** इस साल 2023 में टाटा वर्कर्स यूनियन के कर्मचारियों को 19 फीसदी बोनस दिया जा रहा है। इस बोनस से 30 कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं, जिनमें से 22 स्थायी कर्मचारी और 8 अनुबंध कर्मचारी हैं। इन कर्मचारियों के बीच कुल 11,81,962.90 रुपये का वितरण किया गया है। अधिकतम बोनस 58,209.54 रुपये और न्यूनतम बोनस 41,975.94 रुपये है जो 11 सितंबर तक उनके बैंक खातों में चला जाएगा।

# सिलिंडर फटा, गृहणी नीतू गुप्ता की मौत

### बड़ी मुश्किल से दमकल कर्मियों ने लोगों को निकाला



वसंत विहार के तीसरे तल्ले से उठता आग का धुंआ।



नीतू का शव निकालते दमकलकर्मी।



वसंत बिहार के सामने जुटी भीड़।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कदमा के रामनगर इलाके में बसंत विहार अपार्टमेंट के तीसरे तल्ले पर स्थित ओमप्रकाश गुप्ता के फ्लैट के किचन में एलपीजी सिलिंडर फटने से गृहणी नीता गुप्ता की मौत हो गई जबकि परिवार के दो सदस्य गंभीर रुप से घायल हो गए।

बताया गया कि नीता गुप्ता किचन में खाना बना रही थी तभी वहां रखे तीन सिलिंडरों में आग लग गयी। देखते-देखते आग पूरे घर में फैल गयी। आग में परिवार के लोग घंटो फंसे रहे झारखंड अग्निशमन और टाटा स्टील अग्निशमन के दमकलकर्मियों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पायी कदमा के रामनगर स्थित बसंत विहार फ्लैट में बुधवार सुबह लगभग 9:30 बजे गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। विस्फोट और आग के साथ साथ धुंआ अधिक रहने के कारण बिल्डिंग के अन्य फ्लैटों में रहने वाले लोगों अपनी जान बचाने के लिए के ऊपर और फ्लैट के बाहर भागने लगे।

मौके पर जिला प्रशासन ने तत्परता दिखलाते हुए फायर ब्रिगेड के साथ-साथ रेस्क्यू टीम को लगाया जिससे जल्द ही आग में काबू पाया गया सभी लोगों को सुरक्षित के बगल में स्थित रामनगर के सामुदायिक भवन में ठहराया गया हैं। भाजपा कदमा मंडल के अध्यक्ष राजेश सिंह अपने तत्परता दिखलाते हुए फायर ब्रिगेड के साथ-साथ जिला प्रशासन एवं जुस्को प्रबंधन को को सूचना घटनास्थल में पहुंचकर सर्वप्रथम देने का कार्य किया।

**गैस कटिंग के चलते सिलिंडर में लग रही आग : विकास सिंह**

घटना की सूचना मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह कदमा पहुंच कर आगजनी की घटना में दुख प्रकट करते हुए कहा की गैस गोदाम से लेकर कंज्यूमर के घर के बीच में खुलेआम गैस कटिंग का काम चलता है जिसके कारण गैस का सील, वासर, नॉब आदि क्षतिग्रस्त हो जाता है जिससे आए दिन ऐसी घटना घटने रहती है और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

जिला प्रशासन को गैस कटिंग का काम रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। भाजपा नेता विकास सिंह सामुदायिक भवन के राहत शिविर में जाकर लोगों से मिलकर उनका दुख दर्द जाना उन्हें हिम्मत बढ़ाया इसके साथ ही लोगों के बीच ट्राफिकाना फल जूस, पावरोटी एवं पेयजल का वितरण किया। विकास सिंह ने जिला प्रशासन फायर ब्रिगेड के साथ-साथ अनुमंडला पदाधिकारी के काम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता के कारण ही अन्य फ्लैटों को आग अपनी चपेट में नहीं ले पाया।

मौके में मुख्य रूप से विकास सिंह, राजेश सिंह, अरविंद महतो, बिनोद रजक, रमेश बास्के, विक्की यादव भोला शंकर, कृष्णा देवी, बबिता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिंदरी कॉलेज की छात्रा ने लगाया प्रोफेसर पर अमर्यादित बयान का आरोप

# प्रोफेसर ने कहा, मेरे साथ हुई मारपीट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज की इतिहास स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन दाखिल करने गई छात्रा ने इतिहास विभाग के प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार पर एडमिशन के लिए प्यार की मिठाई मांगने का आरोप बुधवार को लगाया है। उक्त छात्रा ने कॉलेज प्राचार्य कमलाकांत पाठक और सिंदरी पुलिस को इसकी लिखित शिकायत की है और न्याय की गुहार लगाई है। प्राचार्य ने तत्काल महिला सेल एवं यौन उत्पीड़न निवारण समिति बनाकर इसकी जांच शुरू कर दी है। छात्रा के साथ बुधवार को कॉलेज प्राचार्य कक्ष में पहुंचे लोगों ने जमकर हंगामा किया और आरोपी शिक्षक की उपस्थिति पर प्राचार्य के समक्ष उन्हें धमकाया गया। परिजनों के साथ भाजपा के नेता सहित नारी सेवा संघ की महिलाएं पहुंची थीं। प्राचार्य से तत्काल प्रभाव से आरोपी शिक्षक को कॉलेज से हटाने का आग्रह किया। छात्रा ने लिखित शिकायत में बताया है कि शिक्षक दिवस के दिन इतिहास स्नातक में दाखिला लेने के लिए इतिहास विभाग में गई थी। इस दौरान विभागीय प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार ने छेड़खानी भरे अंदाज में टीका टिप्पणी की। प्रोफेसर सुरेंद्र यादव ने अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। छात्रा ने बताया कि इससे मै बेइज्जती महसूस हो रही है और न्याय के लिए गुहार लगा रही हूं। वहीं आरोपी प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार ने कहा आरोप बेबुनियाद हैं। उनके साथ ही मारपीट की गयी है। परिजनों ने धमकी दी और मारपीट की है। पुलिस से शिकायत की है।

# सुदामडी में एक साथ चार घरों में लाखों का सामान चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौरा गौरखुटी में मंगलवार की रात एक साथ चार लोगों के घरों में चोरी की वारदात हुई। गौरखुटी न्यू बस्ती के रहने वाले दीपक रवानी पत्नी के साथ रक्षा बंधन के लिये अपनी बहन की ससुराल महुदा गये हुए थे। चोरों ने मंगलवार की देर रात मेन गेट के छज्जा पर चढ़कर आंगन में प्रवेश किया। उसके बाद ताला तोड़कर घर के अंदर घुस कर अलमीरा का लॉक तोड़कर 20 हजार नगदी व एलसीडी टीवी लेकर चंपत हो गया। इसी तरह बंशी महतो की पुत्रवधू सह पूर्वी झरिया क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत संपा देवी के घर घुसकर चोरों ने पर्स से तीन हजार नगदी,एटीएम कार्ड व आधार कार्ड उड़ा ले गया। बाद में बाइक्वाटर के समीप रेलवे पुल के पास एटीएम व आधारकार्ड फेंका हुआ मिला। गौरखुटी के ही सुरेंद्र महतो के घर में भी चोरी की घटना हुई। चोरों ने सुरेंद्र के आंगन में प्रवेश किया। उसके बाद चोरों 15 सौ नगद, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड व पेनकार्ड लेकर चलते बना। एरिया ऑफिस के पास बस खलासी टेनिया के घर से चोरों ने दो एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर ले भागे। पीड़ित परिवारों ने सुदामडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज करा दिया है। ज्ञात हो सुदामडीह पंचायत भवन स्थित 500 केवीए का ट्रांसफार्मर भी चोरों ने बीती रात को चोरी कर ली है। मामले में पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## खबर एक नजर में

### अवेध कोयला के बर्चस्व को लेकर चली गोली

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर लहरा मंदिर के पिछे अवैध तरीके से चल रहा कोयला का धंधा जिसको लेकर रंगदारी को लेकर चली गोली ओर बम घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुँची। वहां पर पुलिस ने मजदूरों से पूछताछ किया तो बताया कि रंगदारी मांगने आया नही देने पर दहशत फैलाने को लेकर रबर का गोली चलाकर दहशत फैलाया,ओर नकाबपोश लोग माईनस में कई बम फेककर चलता बना।

### हरजिंदर सिंह ने सीतारामडेरा गुरुद्वारा सेवा का कार्यभार ग्रहण किया

जमशेदपुर। सीतारामडेरा गुरुद्वारा की नयी कमिटी के प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह ने लगभग 97 लाख की सम्पति के साथ पिछली कमेटी के प्रधान सरदार बलबीर सिंह से गुरुद्वारा की सेवा का कार्यभार मंगलवार देर शाम में ग्रहण किया। गुरुद्वारा साहिब शहीद बाबा दीप सिंह जी, सीतारामडेरा में पिछले दिनों हुए प्रधान पद के चुनाव में आपसी सहमति के द्वारा तय होने के उपरांत पिछली कमेटी के प्रधान सरदार बलबीर सिंह के द्वारा नए प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह को कार्यभार मंगलवार को सौंपा गया' जिसमें पिछली कमेटी के द्वारा गुरुद्वारा साहिब के बगल में मकान खरीदने के कागजात के अलावा बैंक लॉकर, एफडी के साथ लगभग 97 लाख रुपए की संपत्ति के कागजात नई कमेटी को सौपे गए। इस अवसर पर सीजीपीसी के महासचिव अमरजीत सिंह, सीतारामडेरा गुरुद्वारा साहब के जनरल सेक्रेटरी अविनाश सिंह खालसा एवं कैशियर अमरजीत सिंह के अलावा पिछली एवं नई कमेटी के कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यभार सौंपने के वक़्त मौजूदा प्रधान हरजिंदर सिंह, अविनाश सिंह खालसा, बलबीर सिंह, गुरदीप सिंह पप्पू, गुरचरण सिंह बिल्ला, सुरजीत सिंह खुशीपुर, सुखविंदर सिंह राजू, परबिंदर सिंह सोहल, अमरजीत सिंह भामरा, जसवंत सिंह गिल, कुलविंदर सिंह प्रधान, सरबजीत सिंह, गुरदीप सिंह, सतेंद्र सिंह बंटी, सरजीत सिंह, जसवंत सिंह, सुखविंदर सिंह मिट्ठू, बलबीर सिंह, गुरदयाल सिंह, सुरजीत सिंह सबलोक, गुरमीत सिंह, गुरबख्श सिंह और संगत मौजूद थी।

### मनुष्य योनी में जन्म लेकर दु:ख में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते है भगवान : हिमांशु

आदित्यपुर/जमशेदपुर। गेल गैस लिमिटेड ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र, चरण– 7 में अपने पहले औद्योगिक ग्राहक मेसर्स ओमनी ऑटो लिमिटेड को गैस (पीएनजी) की आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके अलावा, चरण 2,4,6 और 7 में जल्द ही अधिक औद्योगिक इकाइयों को गैस की आपूर्ति की जाएगी। प्राकृतिक गैस एक बहुमुखी ईंधन है जो औद्योगिक उपयोग के लिए अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। उद्योगों को निरंतर और विश्वसनीय प्राकृतिक गैस आपूर्ति की आवश्यकता होती है, जिससे दक्षता और अर्थव्यवस्था का लाभ मिल सकता है। रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग सामान, बिजली उत्पादन, कांच उद्योग आदि जैसे उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला औद्योगिक पीएनजी का उपयोग कर रही है। गैस का उपयोग इन उद्योगों द्वारा हीटिंग–बॉयलर, थर्मिक फ्लूइड हीटर, फर्नेस जैसे अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है, शीतलक–अवशोषण चिलर, पावर– गैस इंजन और गैस टरबाइन; प्रक्रिया– ड्रायर, भट्ठी, ओवन आदि के लिए। गेल गैस ने आदित्यपुर–गम्हरिया क्षेत्र में लगभग 300 किमी पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया है, और आदित्यपुर–गम्हरिया क्षेत्रों में घरेलू ग्राहकों को गैस की आपूर्ति कर रहा है। कंपनी ने आदित्यपुर, कांड्रा सरायकेला, चाईबासा और एनएच–33 में 8 सीएनजी स्टेशन भी चालू किए हैं और और अधिक जोड़ने की योजना बना रही है। गेल गैस के बारे में: गेल गैस लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, झारखंड में सरायकेला–खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिले में सिटी गैस वितरण परियोजना लागू कर रही है।

### नेम ट्री कैंपेन के तहत विधायक संजीव सरदार नें किया पौधारोपण



जमशेदपुर। विहंगम योग के अंतरराष्ट्रीय प्रचारक, प्रधान उपदेष्टा, संत शिरोमणि श्री नाम देव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर बुधवार को पर 'मिशन ग्रीन अर्थ' प्रोजेक्ट के अंतर्गत नेम ट्री अंतरराष्ट्रीय पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पोटका विधायक संजीव सरदार नें अपनें तुरामडीह यूसीआइएल कॉलोनी स्थित आवास एवम कार्यालय में अमरूद एवम नीम का पौधारोपण किया। कोल्हान युवा प्रभारी नीरज मिश्रा एवम जिला युवा प्रभारी रोशन पाण्डेय द्वारा विधायक को अमरूद का पौधा देकर इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि हर वर्ष भारत समेत कई देशों में संत शिरोमणि श्री नाम देव जी महाराज के जन्मोत्सव में वृहद रूप से पौधारोपण किया जाता रहा है, नेम ट्री कैम्पेन के तहत हम पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प भी लेते हैं ताकि पौधा पेड़ बन सके, पौधे का नामकरण कर उससे एक संबंध स्थापित करते हैं साथ ही उपहार स्वरूप भी पौधे के आदान–प्रदान से पृथ्वी को हरा–भरा बनाने का प्रयास संत श्री नामदेव जी महाराज द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तरी घाघीडीह पंचायत मंडप, बागबेड़ा शीतला मंदिर प्रांगण, गोविन्दपुर शिव हनुमान मंदिर, घाटशिला मउभण्डार सहित कई स्थानों पर अमरूद, आम, नीम, जामुन समेत 100 से अधिक फलदार पौधे लगाए गए।

### पूर्वी कालीमाटी पंचायत में नाली की समस्या का होगा समाधान : मंगल कालिंदी

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड के पूर्वी कालीमाटी पंचायत में नाली जर्जर स्थिति में है जिसकी जानकारी वहां के स्थानीय लोगों ने माननीय विधायक मंगल कालिंदी जी को दी। संज्ञान में लेते हुए विधायक जी ने आज न्यूवोको कंपनी के पदाधिकारी को साथ में लेकर वहां का दौरा किया और वहां की स्थिति से अवगत हुए और न्यूवोको कंपनी के अधिकारियों से साफ सफाई करवाने एवं नाली का मरम्मत करवाने का निर्देश दिए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि क्षेत्र की छोटी से छोटी समस्या का समाधान हो इसको लेकर लगातार प्रयासरत रहता हूं.मौके पर समाजसेवी प्रदीप गुहा, चाचा जी, मनोज यादव, गोपाल महतो, पहाड़ सिंह, राकेश चक्रवरती, जय किशन सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# सूर्य मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मटकी फोड़ प्रतियोगिता आज

थीम आधारित सामूहिक नृत्य की मनमोहन प्रस्तुति देख मुग्ध हुए दर्शक




सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति करते कलाकार।



आदिवासी नृत्य दल के साथ रघुवर दास।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूरा शहर जन्माष्टमी के रंगों में सराबोर है, शहर में हर ओर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम है। बुधवार को सूर्य मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का ऑडिशन सम्पन्न हुआ। इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह एवं अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न क्षेत्रों के 28 ग्रुप ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न डांस ग्रुप के प्रतिभागियों ने भक्ति एवं देशभक्ति गीतों पर बेहतर मनोरंजक एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति व नृत्य नाटिका से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, प्रतिभागियों ने विभिन्न थीम एवं सामाजिक संदेशों पर प्रस्तुति से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर निर्णायक मंडली एवं उपस्थित दर्शकों ने प्रत्येक प्रस्तुति के दौरान में करतल ध्वनि से प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया। ऑडिशन के पश्चात बेहतरीन प्रस्तुति के आधार पर 6 ग्रुप का चयन फाइनल के लिए किया गया। इस दौरान जज के रूप में मिष्टु मुखर्जी, अविनाश कुमार मिश्रा, राजश्री ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी डांस ग्रुप के प्रतिभागी गुरुवार को संध्या 6 बजे फाइनल में आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगे। फाइनल मुकाबले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को सूर्य मंदिर समिति के द्वारा 10 हजार, 7 हजार और 5 हजार की नकद पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं, फाइनल के अन्य प्रतिभागी टीम को भी समिति की ओर से प्रोत्साहन राशि भेंट की जाएगी। कल गुरुवार को सुबह 10 बजे से सूर्य मंदिर परिसर में एकल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें पुरुष एवं महिलाएं अलग-अलग भाग लेंगे। वहीं, सांध्यकाल में बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता का फाइनल एवं सामूहिक नृत्य का फाइनल सम्पन्न होगा। विभिन्न थीम एवं सामाजिक संदेशों पर डांस ग्रुप ने दी प्रस्तुतिः विभिन्न डांस ग्रुप ने पर्यावरण संरक्षण, भारत देश, महापर्व छठ, संस्कृति संरक्षण, राम राज्य, कोरोनाकाल, कैंसर, जल- जंगल और जमीन बचाओ, विष्णु जी के दस अवतार, कृष्ण लीला, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पंजाबी लोकनृत्य एवं देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। इन डांस ग्रुप की ओर से दी गयी मनमोहक प्रस्तुतिः हरीश ग्रुप, टीम यूनिटी, जय गर्ल्स पावर, आर वी डी ग्रुप, उदय नृत्यलोक, द कृष्णा, शांति डांस क्रू, टीम रेड, मुद्रा स्कूल ऑफ डांस (जूनियर), मुद्रा स्कूल ऑफ डांस (सीनियर), फाइटर बॉयज, शाइनिंग स्टार्स, डांस प्लानेट, डांसिंग डॉल्स, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कथक रॉकर्स, राधे ग्रुप डांस, डांस प्लानेट (सीनियर), आनंद ग्रुप, मुखी गर्ल्स ग्रुप, एंडी क्रू, डी एस आर क्रू, हिट मैन ग्रुप, बेबी डांस ग्रुप, सागर कला केंद्र, परेश डांस ग्रुप (सीनियर), परेश डांस ग्रुप (जूनियर) एवं सुर संगम माधुरी डांस ग्रुप। इस दौरान मंच संचालन सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। वहीं सहयोगी के रूप में शैलेश गुप्ता, बंटी अग्रवाल, प्रमोद मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# पहली बार टीम इंडिया की औसत उम्र 30 के पार, सबसे बुजुर्ग भारतीय टीमें ही जीती हैं पिछले दोनों खिताब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विश्व कप टीम का एलान किया। आइसीसी के नियम के अनुसार 27 सितंबर तक टीमों में बदलाव किया जा सकता है, लेकिन अजीत अगरकर ने साफ किया कि अगर कोई खिलाड़ी चोटिल नहीं होता है तो विश्व कप टीम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। 2023 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम की औसत उम्र अब तक हुए हर वनडे विश्व कप की टीम से ज्यादा है। इससे पहले भारत की सबसे उम्रदराज टीम 2019 विश्व कप में थी और इस टीम को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, भारत के लिए सकारात्मक बात यह है कि 1983 और 2011 में में विश्व कप जीतने वाली टीमें अपने समय की सबसे उम्रदराज भारतीय विश्व कप टीमें थीं। छह सितंबर को भारतीय टीम की औसत उम्र 30 साल 339 दिन है। विश्व कप की शुरूआत पांच अक्तूबर से हो रही है। ऐसे में विश्व कप शुरू होने तक भारतीय टीम की औसत उम्र 31 साल होगी। वनडे विश्व कप के इतिहास में यह भारत की सबसे बुजर्ग टीम है। इससे पहले सबसे बुजुर्ग टीम 2019 विश्व कप में थी। कोहली की कप्तानी वाली टीम की औसत उम्र 29.53 साल थी। वनडे विश्व कप के इतिहास में भारत की सबसे युवा टीम 1992 विश्व कप में थी। अजहरुद्दीन की कप्तानी वाली टीम की औसत उम्र 25.4 साल थी।

## 30 से ज्यादा उम्र के सात खिलाड़ी

मौजूदा टीम में सात खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनकी उम्र 30 साल से ज्यादा है। हालांकि, सिर्फ तीन खिलाड़ी ही ऐसे हैं, जिन्होंने 100 से ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। इस टीम में पांच खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिनके पास 50 वनडे का भी अनुभव नहीं है। 23 साल के शुभमन गिल टीम के सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वहीं, 36 साल के रोहित शर्मा सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। 28 साल के कुलदीप टीम के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं, लेकिन अनुभव के मामले में भी वह चौथे नंबर पर हैं। सबसे कम अनुभव ईशान किशन के पास है, उन्होंने सिर्फ 19 वनडे खेले हैं। 277 वनडे के साथ विराट कोहली सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। 32 साल के सूर्यकुमार के पास सिर्फ 26 वनडे का अनुभव है, जबकि 23 साल के गिल 29 वनडे खेल चुके हैं।

## गिल और ईशान किशन वनडे करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

**दुबई।** एशिया कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और ईशान किशन ने बुधवार को जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। नेपाल के खिलाफ सोमवार को 67 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले शुभमन गिल 750 रेटिंग अंकों के साथ आईसीसी वन डे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की ठोस पारी खेल कर इशान किशन ने 624 रेटिंग अंकों के साथ 24वां स्थान हासिल किया है।



## केंट के लिए गेंदबाजी करेंगे चहल

**लंदन।** एशिया कप और आगामी वनडे विश्वकप के लिये राष्ट्रीय चयनकताओं द्वारा नकारे जाने के बाद भारत के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल ने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप में तीन मैचों के लिए केंट के लिये अनुबंध किया है। हालांकि अभी उन्हें इसके लिए जरूरी संस्थाओं से अनुमति लेनी होगी।

## प्रज्ञानानंद को टाटा स्टील शतरंज में मिली दूसरी हार



**कोलकाता।** विश्व कप के रनर अप प्रज्ञानानंदा को टाटा स्टील शतरंज इंडिया में बुधवार को हमवतन पी हरिकृष्णा से हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले मंगलवार को प्रज्ञानानंदा को जर्मनी के 18 साल के विन्सेंट केमर ने हराया था। प्रज्ञानानंदा ने दिन की शुरूआत नोदिरबेक के खिलाफ जीत के साथ की थी जबकि दिन की अंतिम बाजी में उन्होंने एलेक्जेंडर ग्रिश्चुक से ड्रॉ खेला।

## नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**थिंपू।** भारत ने सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में बुधवार को नेपाल को 1-0 से हरा कर शीर्ष स्थान हासिल करने के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भूटान के चांगलिमिथांग स्टेडियम में भारतीय टीम ने नेपाल के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन किया। भारत की ओर से एकमात्र विजयी गोल पहले हाफ में मोहम्मद अरबाश ने बनाया था।

## एशियाई खेलों की मशाल रिले आठ सितंबर से

**हांगझू।** चीन के हांगझू एशियाई खेलों के लिए मशाल रिले आठ सितंबर को वेस्ट लेक के पास शुरू होगी। हांगझू एशियाई खेलों के मुख्य मीडिया सेंटर में बुधवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गयी। मशाल रिले अपने अंतिम चरण को पूरा करने के लिए 20 सितंबर को हांगझू लौटने से पहले झेजियांग प्रांत के 11 शहरों हुझोउ, जियाक्सिंग, शाओक्सिंग, निंगबो, झोउशान, ताइझोउ, वेनझोउ, लिशुई, जिंहुआ और क्यूझोउ से होकर गुजरेगी। रिले में कुल 2022 मशालधारक भाग लेंगे। इसके 14 वर्ष के किशोर लेकर 84 वर्ष बुजुर्ग शामिल होंगे।

## कांस्य पदक के साथ भारतीय टीम के सफर का अंत

**प्योंगचांग।** एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद भारतीय टीम को कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा। कोरिया गणराज्य के प्योंगचांग में खेली जा रही प्रतियोगिता में कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन शरत कमल को चुआंग चिह-युआन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मैच में साथियान गणानाशेखरन भी अपनी चुनौती को पार करने में असफल रहे और लिन युन-जू से 0-3 से हार गए। कांटे की टक्कर वाले मैच में, हरमीत देसाई ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन काओ चेंग-जुई से 1-3 से हार गए।

# इमाम-रिजवान के अर्धशतक, पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया एशिया कप सुपर 4 चरण का पहला मैच जीत लिया है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए पाकिस्तान को 193 रन का लक्ष्य दिया था। कप्तान शाकिब अल हसन (57 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 53 रन) और मुश्फिकुर रहीम (87 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 64 रन) अर्धशतक बनाकर आउट हुए। इन दोनों के अलावा कोई खिलाड़ी नहीं चल सका और टीम 38.4 ओवर में 193 रन पर ढेर हो गई। हारिस रउफ और नसीम शाह सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए जिन्होंने क्रमशः 4 और 3 विकेट अपने नाम किए। जवाब में पाकिस्तान ने इमाम उल हक के 78 तो मोहम्मद रिजवान के अर्धशतक की बदौलत 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। इससे पहले बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही थी। मेहदी हसन मिराज 0, मोहम्मद नेम 20 तो लिटन दास 16 रन बनाकर आऊट हो गए। तौहिद भी 2 ही रन बना पाए। लेकिन कप्तान शाकिब अल हसन ने मुशफिकुर रहमीन के साथ मिलकर स्कोर 147 तक पहुंचाया। शाकिब ने 57 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 53 रन बनाए। इसके बाद मुशफिकुर रहीम 87 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 64 रन बनाने में सफल रहे। बांग्लादेश का निचला क्रम जल्दी ही ढेरी हो गया जिस कारण टीम 193 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह ने तीन तो हैरिस राऊफ ने 4 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान ने लाहौर के मैदान पर सधी हुई शुरूआत की। फखर जमां ने 31 गेंदों पर 20 तो बाबर आजम ने 17 रन बनाए। इसके बाद इमाम उल हक ने 84 गेंदों पर पांच चौके और 4 छक्कों की मदद से 78 रन बनाए और रिजवान का भरपूर साथ दिया। रिजवान ने एक छोर संभाले रखा और शानदार अर्धशतक लगाते हुए अपनी टीम को 7 विकेट से जीत दिला दी।

## अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर नस्लीय टिप्पणी अधेड़ व्यक्ति को मैदान से बाहर भेजा



**नयी दिल्ली।** यूएस ओपन में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और जननिक सिनर के बीच 16वें राउंड के मुकाबले के दौरान कथित नस्लीय टिप्पणी का मामला सामने आया है। यह जोड़ी न्यूयॉर्क में एक रोमांचक मुकाबला खेल रही थी। तभी जर्मन के नंबर 12 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अंपायर से दर्शक दीर्घा से आई एक टिप्पणी के बारे में शिकायत की। जांच हुई तो ब्रिटिश टेनिस अधिकारी जेम्स केओथावोंग ने पाया कि ज्वेरेव को एक प्रशंसक ने हिटलर संबंधी वाक्यांश कहा था। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है। घटना के वक्त भी अंपायर ने दर्शक दीर्घा की ओर कुर्सी घुमाकर अपराधी को अपनी बात स्वीकार करने के लिए कहा, लेकिन वहां से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद केओथावोंग ने पूरी भीड़ को खिलाड़ियों का सम्मान करने के लिए कहा। इसके बाद मैच फिर से शुरू हो गया, लेकिन कुछ ही देर बाद कैमरे वापस स्टैंड की ओर आ गए जब सुरक्षा गार्ड एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से बात करते दिखे। गार्ड बाद में उस व्यक्ति को मैदान से बाहर ले गए। अभी स्पष्ट नहीं है कि मैदान से बाहर किया गया व्यक्ति वहीं था जिसने अपशब्द कहे या फिर कोई और। लेकिन घटना की पूरी चर्चा होती रही।

## वर्ल्डकप के चार लाख टिकट जारी करेगा बीसीसीआइ

एजेंसी




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) ने बुधवार को क्रिकेट विश्व कप 2023 मैचों की उच्च मांग को पूरा करने के लिए 4 लाख अतिरिक्त टिकटों की बिक्री की घोषणा की है। टिकटों का अगला चरण 8 सितंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगा। फिलहाल 25 अगस्त से 3 सितंबर तक बिक्री के पहले चरण में विश्व कप मैचों के टिकट, जिसमें मेजबान भारत से जुड़े मैच भी शामिल थे, तेजी से बिक रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने टिकट नहीं मिल पाने पर निराशा व्यक्त की थी। नरेंद्र मोदी स्टेडियम जोकि भारत पाक मुकाबले समेत अहम मुकाबले आयोजित करेगा, में बैठने की क्षमता भले ही एक लाख से ज्यादा है लेकिन इसके बावजूद फैंस टिकट न मिलने का आरोप लगा रहे हैं। बीसीसीआइ ने कहा कि 8 सितंबर को सभी मैचों के टिकटों की सामान्य बिक्री होगी। बीसीसीआइ ने एक बयान में कहा कि बीसीसीआई गहराई से स्वीकार करता है कि प्रशंसक टूनामेंट की धड़कन हैं और उनका अटूट जुनून, जुड़ाव और योगदान आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। मेजबानी करने वाले राज्य संघों के साथ चर्चा के बाद बीसीसीआई ने इस बहुप्रतीक्षित टूनामेंट के लिए लगभग 4,00,000 टिकट जारी करने की घोषणा की है। इस उपाय का उद्देश्य अधिक से अधिक उत्साही क्रिकेट प्रशंसकों को शामिल करना और इस ऐतिहासिक आयोजन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

बीसीसीआइ ने यह भी पुष्टि की कि टिकटों की बिक्री 8 सितंबर को क्रिकेट विश्व कप की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से होगी। विश्व कप टिकटों की बिक्री का पहला चरण 3 सितंबर को समाप्त हो गया और सेमीफाइनल और फाइनल के टिकटों की बिक्री 15 सितंबर को होगी।

## राजनीतिक आकांक्षा नहीं, भारत में है दिलचस्पी : वीरेंद्र सहवाग

**नयी दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बीसीसीआई से आगामी विश्व कप में खिलाड़ियों की जर्सी पर 'भारत' अंकित करने की मांग करने वाली एक्स पर अपनी पिछली पोस्ट पर स्पष्टीकरण देते हुए बुधवार को कहा कि राजनीति में जाने का उनका कोई इरादा नहीं है, उनकी एकमात्र रूचि भारत में है जो इस देश का मूल नाम है। सहवाग ने बुधवार को कहा अगर मेरी कोई राजनीतिक आकांक्षा होती तो मै पिछले दो लोकसभा चुनावों में दोनों पार्टियों का उम्मीदवार बन चुका होता। हमारे राष्ट्र को भारत के रूप में संबोधित किया जाना चाहिए जबकि इसे एक राजनीतिक चीज के रूप में देखा जाता है। मैं किसी विशेष राजनीतिक दल का प्रशंसक नहीं हूं। दोनों राष्ट्रीय दलों में अच्छे लोग हैं और बहुत सारे अयोग्य भी हैं।

## क्रिकेट विश्व कप टीम से बाहर होने पर धवन की पहली प्रतिक्रिया आयी सामने



**नयी दिल्ली।** आइसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 नजदीक आ चुका है। बीसीसीआइ ने इसके लिए टीम की घोषणा कर दी है। इसी बीच शिखर धवन ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। धवन को उम्मीद थी कि उन्हें आइसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए टीम में चुना जाएगा। लेकिन बीसीसीआइ ने उन्हें दरकिनार कर दिया। लेकिन इसके बावजूद धवन अपनी खुशी जाहिर करने के लिए सोशल मीडिया पर गए। उन्होंने बीसीसीआइ की टीम घोषणा वाली पोस्ट पर प्रतिक्रया दी जिसपर उनके फैंस विभिन्न प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। धवन ने भारतीय टीम के प्रति अपना समर्थन प्रदर्शित करते हुए लिखा- हउ 2023 टूनामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए मेरे साथी साथियों और दोस्तों को बधाई! 1.5 अरब लोगों की प्रार्थनाओं और समर्थन के साथ, आप हमारी आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाते हैं। ये शब्द धवन की खेल भावना और स्थिति को संभालने की परिपक्वता को दशार्ते हैं। उन्होंने ट्वीट जारी रखा- क्या आप कप को घर वापस ला सकते हैं और हमें गौरवान्वित कर सकते हैं! पूरी कोशिश करो, टीम इंडिया! #चकदेफट्टे #वर्ल्डकप।

## भारत का पाकिस्तान से एक बार फिर से मुकाबला नहीं सुधारीं ये कमियां, तो जीतना होगा मुश्किल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2023 में एक बार फिर से मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया को कुछ कमियां सुधारने की जरूरत है। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2023 में दूसरी बार मुकाबला होगा। भारत ने नेपाल को हराकर सुपर फोर में जगह बना ली है। अब भारत और पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को कोलंबो में मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया को इस मैच से पहले कुछ कमियां सुधारने की जरूरत है। अगर भारतीय टीम में सुधार नहीं आया तो जीत मुश्किल होगी। भारतीय टीम में बैटिंग के साथ-साथ बॉलिंग में भी कमी है। पाकिस्तान के खिलाफ आयोजित हुए पिछले मैच में टीम इंडिया का टॉप बैटिंग ऑर्डर बुरी तरह फ्लॉप हुआ था। भारत को यहां सुधार की जरूरत है। रोहित शर्मा और शुभमन को टीम के लिए अच्छी पारी खेलनी होगी. विराट कोहली भी कुछ खास नहीं कर सके थे। उन्हें भी पाकिस्तानी गेंदबाजों का तोड़ निकालने की जरूरत है। कोहली के साथ-साथ श्रेयस अय्यर भी फ्लॉप हुए थे। टीम इंडिया के बड़े प्लेयर्स को शाहीन




अफरीदी और नसीम शाह का तोड़ निकालना होगा। भारतीय खिलाड़ियों को इन दोनों गेंदबाजों ने काफी परेशान किया। पाकिस्तान के पास मजबूत बॉलिंग अटैक है.टीम इंडिया फील्डिंग पर भी काम करने की जरूरत है। नेपाल के खिलाफ हुए मैच में भारतीय खिलाड़ियों की फील्डिंग में कमी नजर आई। भारतीय खिलाड़ियों ने नेपाल के खिलाफ शुरूआती 26 गेंदों में 3 आसान कैच छोड़ दिए. श्रेयस अय्यर ने स्लिप में, विराट ने कवर पॉइंट पर और ईशान किशन ने विकेटकीपिंग के दौरान कैच छोड़े। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया पिछला मैच बारिश की वजह से पूरा नहीं हो सका। इसके बाद भारत ने अपने दूसरे मैच में नेपाल को 10 विकेट से हराया। अब उसका सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच रविवार को खेला जायेगा।

## अगला विश्व कप खेल सकते हैं मेसी



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन अपने स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी को 2026 विश्व कप तक अर्जेंटीना के लिए खेलने के लिये मनायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया ने कहा कि मेसी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का विस्तार करने की संभावना से इंकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपना मन बदलने के लिए आश्वस्त किया जा सकता है। तापिया ने मंगलवार को ब्यूनस आयर्स में स्पोर्ट्स लीडर्स समिट के दौरान कहा, वह हमेशा अधिक का लक्ष्य रखता है। वह कभी हार नहीं मानता और हमेशा आपको आश्चर्यचकित करता है। अपने मौजूदा फॉर्म में मेस्सी आसानी से 2026 विश्व कप में खेल सकते हैं।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची



**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने पहले सेट में सात सेट प्वाइंट बचाते हुए नाथनिएल लैमोंस और जैकसन विथ्रो को हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने अमेरिकी जोड़ी को 7.6, 6.1 से हराया। बोपन्ना और एबडेन विम्बलडन सेमीफाइनल में वेसले कूलहोफ और नील स्कूपस्की से हार गए थे। 43 वर्ष के बोपन्ना के पास अपने कैरियर में दूसरी बार ग्रैंडस्लैम पुरूष युगल फाइनल में जगह बनाने का मौका है। वह 2010 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे थे। अब उनका सामना फ्रांस के पियरे हुगुएस हर्बर्ट और निकोलस माहुत से होगा जिन्होंने अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे और अलबानो ओलिवेट्टी को हराया।

# भारतीय जर्सी पहनने पर गर्व महसूस होता है : सुखजीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी सुखजीत सिंह ने कहा कि 19वें एशियाई खेलों हांगझू 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिये सम्मान की बात है और उन्हे भारत की जर्सी पहनने मात्र की कल्पना ही रोमांचित कर रही है। पहली बार एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा यह अवास्तविक लगता है कि मैं एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं करूंगा। मुझे गर्व है कि मैं 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 में भारत की जर्सी पहनूंगा। मेरे पिता का सपना मुझे उच्चतम स्तर पर खेलते हुए देखना था जो अब साकार होने जा रहा है। यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। यह सब मेरे ईमानदार प्रयासों और मेरे परिवार के सदस्यों की शुभकामनाओं के कारण है। उन्होने कहा कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में तैयारियां अच्छी चल रही हैं। हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम वही गलतियां दोबारा न करें। मैं पिछले डेढ़ साल से टीम के साथ हूं और टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी बहुत मिलनसार हैं। जब भी हममें से किसी को कोई कठिनाई होती है तो हम हमेशा उनसे संपर्क कर सकते हैं। वे हमारा उचित मार्गदर्शन करते हैं और हमारे खेल को बेहतर बनाने में हमारी मदद करते हैं। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 में



सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लक्ष्य के साथ भारतीय टीम 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने एशियाई खेल अभियान की शुरूआत करेगी। फॉरवर्ड खिलाड़ी ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल स्वर्ण पदक पर है। हम जानते हैं कि यहां क्या दांव पर लगा है और हम कुछ भी हल्के में नहीं लेंगे। कुछ मजबूत टीमें हैं और हम किसी भी मैच में अपनी सतर्कता में कमी नहीं आने देंगे। हमें प्रत्येक मैच को फाइनल मानना होगा और जब भी हम मैदान पर होंगे तो अपना सब कुछ देना होगा। उन्होने कहा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, खिलाड़ियों में आत्मविश्वास ऊंचा है और मुझे उम्मीद है कि हम इस लय को 19वें एशियाई खेलों हांग्जो 2022 में जारी रख सकते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हमने चार देशों का टूनामेंट भी खेला था। इससे निश्चित तौर पर हमें मदद मिलेगी। अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को देते हुये उन्होने कहा मुझे याद है कि मैं केवल पाँच या छह साल का था जब मेरे पिता ने मुझे हॉकी स्टिक दी थी। जब मेरे पिता खेलते थे तो उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ता था और वह नहीं चाहते थे कि मुझे उन समस्याओं का सामना करना पड़े जो उन्हें झेलनी पड़ीं। उन्होंने हमेशा मुझ पर विश्वास किया और मुझे प्रेरित करते रहे। अपनी शिफ्ट खत्म होने के बाद वह मुझे ट्रेनिंग के लिए ग्राउंड पर ले जाते थे। उन्होंने मेरे लिए बहुत त्याग किया है और मैं उन्हें जितना धन्यवाद दूं, कम है। वह हमेशा मेरे आदर्श रहेंगे। इस तेजतर्रार फॉरवर्ड खिलाड़ी ने छह साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया जब उनके पिता अजीत सिंह, जो पंजाब पुलिस के पूर्व हॉकी खिलाड़ी थे, ने उन्हें स्टिक उठाने के लिए प्रेरित किया। सुखजीत को 2018 में सीनियर नेशनल कैंप के लिए पहली बार कॉल-अप मिला, लेकिन पीठ की चोट के कारण वह अपनी जगह पक्की नहीं कर सके। उन्होंने 2021 में राष्ट्रीय सेट-अप में वापसी की और 2021-2022 सीजन में हॉकी प्रो लीग में अपनी सीनियर टीम की शुरूआत की। अब तक सुखजीत सिंह के नाम 43 अंतरराष्ट्रीय कैप और 13 गोल हैं।

# गुमला और लोहरदगा जिले में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

## श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर में हरिकीर्तन आयोजित


पूजा-अर्चना करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा अर्चना व 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर में पुरोहित कौशल कांत त्रिपाठी व यजमान गंगा प्रसाद सहित अन्य पुजारियों को बिधिवत पूजा अर्चना के साथ हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के महामंत्रों के साथ कीर्तन प्रारम्भ किया गया।

इसमें कैरो के अलावे भी अन्य जगह से कीर्तन मंडली पहुंचकर शामिल हुए। आयोजक समिति द्वारा बताया गया कि रात्रि बारह बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राधा व कृष्ण रूप सज्जा का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरों में भगवान कृष्ण के जन्म दिन के अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार कार्यालय प्रमुख देवा उरांव मां शारदे ॐ भारत मां में दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर के प्रारंभ किया। इसमें कक्षा प्रवेश से कक्षा दशम तक के 40 भैया एवं बहनों ने भाग लिया जिसमे राधा रूप सज्जा में प्रथम कक्षा नवम के बहन


रूप सज्जा में शामिल बच्चे।

अंजली लकड़ा ,द्वितीय स्थान कक्षा उदय के बहन शानवी राज एवम तृतीय कक्षा अरुण के बहन समृद्धि कुमारी तथा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम भैया दक्ष राज द्वितीय किट्टू साहू एवम तृतीय स्थान में भैया लोकेश कुमार चुने गए।

## अरमई गढ़ में हुआ भव्य पूजा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बुधवार को अरमई गढ़ में अरमई गढ़ परिवार के सदस्यों के द्वारा पूजा अर्चना की गई। पंडित रामाशीष पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा की विधि संपन्न करायी। वहीं पूजा के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। उसके उपरांत अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया।

हरि कीर्तन के मधुर स्वर हरे रामा हरे कृष्णा,रामा रामा-कृष्ण कृष्ण से वातावरण भक्ति व आस्था


पूजा में शामिल लोग।

में तब्दील हो गई। जैसे जैसे कीर्तन के स्वर लोगों के कानों तक पहुंची लोग स्वतः उस ओर खींचे चले आये। इस अवसर पर बद्री गुलशन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर में रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्या भारती योजना अनुसार कन्या भारती के अंतर्गत रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर


प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

किया इस कार्यक्रम के प्रमुख विद्यालय की आचार्या श्वेर्ता संदेश के दिशा निर्देशन में बहनों द्वारा अत्यंत आकर्षक रूप सज्जा का प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम में कक्षा सप्तम की बहन आयुषी कुमारी ने भगवान श्री कृष्ण की रूप सज्जा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुष्पा नाथ मां लक्ष्मी की रूप सज्जा में एवं कक्षा षष्ठ की लाडली कुमारी ने राधा की रूप सज्जा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में साक्षी अग्रवाल, शिवानी कुमारी, प्रीति कुमारी, परी कुमारी, पूजा कुमारी, पीहू कुमारी, नमिता कुमारी, सृष्टि कुमारी, पल्लवी कुमारी, मेघा कुमारी, चाहत कुमारी, रिया कुमारी, अदिति कुमारी आदि बहनों ने भाग लिया।

## घाघरा के विभिन्न विद्यालयों में मनायी गयी जन्माष्टमी

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में कक्षा नर्सरी से नवीं तक के विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण के स्वरूप का चित्रण किया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने कृष्ण जन्म की घटनाओं पर आधारित कालिया नाग के मर्दन


राधा-कृष्ण के रूप में सजीं छात्राएं।

पर आधारित महारास लीला के घटनाओं पर आधारित नाटक का आयोजन किया। गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में भी विद्यालय के बच्चों द्वारा कृष्ण राधा के स्वरूप के साथ-साथ झांकी का आयोजन किया। इसके साथ ही भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल घाघरा में भी बच्चो द्वारा श्री कृष्ण राधा का स्वरूप में पहुंचे व मटका फोड़ का आयोजन विद्यालय के छात्रों द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म तथा लोक कल्याण के विषय पर छात्राओं को अवगत कराया। गोपाल साहू पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज कुमार साहू और भास्कर एजुकेशनल एकेडमी के निदेशक नितेश रंजन भास्कर ने भी कृष्ण की जीवनी पर प्रकाश डाला।

## स्पीड न्यूज

### शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन

**भरनो।** शैलपुत्री फाउंडेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल भनो में कृष्ण जन्माष्टमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक 9 को

**गुमला।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर दुर्गा पूजा समिति की आम बैठक आगामी 9 सितंबर दिन शनिवार को संध्या 7 बजे से मंदिर प्रागंण में आयोजित की गयी है। यह जानकारी श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार चीनी ने दी।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुगांव ग्राम निवासी 18 वर्षीय आजाद उरांव ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में एसआई विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि आजाद उरांव का परिवार खेत में काम करने के लिए गया हुआ था। आजाद घर पर अकेला था। इसी दौरान उसने बुधवार लगभग 12 बजे घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### गांजा बेचने का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांजा बेचने वाले बड़ाईक मुहल्ला निवासी राजकिशोर सिंह को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

### बीडीओ की पीएम आवास के स्वयंसेवकों के साथ बैठक

**भंडरा।** आवास योजना में तेजी लाने को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने आवास सहायक एवं कार्यपालक सहायक के साथ समीक्षा बैठक की। जानकारी देते हुए बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने के लिए आवास के स्वय सेवक एवं कार्यपालक सहायक के साथ समीक्षा बैठक की गई।

### कांग्रेस आज निकालेगी पदयात्रा

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आहूत भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर लोहरदगा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 7 सितंबर को भारत जोड़ो पदयात्रा निकलने का निर्णय लिया गया।

## मनरेगा मजदूरों ने कहा, मजदूरी का नहीं हो रहा भुगतान

### घाघरा थाना के प्रभारी से की शिकायत, मेट अवैध तरीके से कर रहा पैसे की निकासी

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के जमगाई गांव के ग्रामीण बुधवार को घाघरा थाना पहुंच मनरेगा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं करने व मेट पर अवैध तरीके से पैसे की निकासी की शिकायत थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी से की। इस दौरान मुखिया राजेश बड़ाईक व रोजगार सेवक रामनाथ केरकेट्टा भी मौजूद थे।

ग्रामीणों ने कहा कि मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने सीधे तौर पर मेट अरविंद बड़ाईक पर आरोप लगाया और कहा कि 2020 से प्लांटेशन व कूप निर्माण की योजना चल रही है। जिसमें कई मजदूरों को पैसा नहीं मिला है। मेट


घाघरा थाना पहुंचे मनरेगा मजदूर व अन्य।

अरविंद बड़ाईक के द्वारा अपना पूरा परिवार के नाम से पैसा अवैध तरीके से निकाला जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि गांव में चल रहे सभी योजना में मेट के द्वारा मास्टर रोल भर कर पैसा निकाला जा रहा है जो कभी भी योजना में काम नहीं किया है। वहीं कई जगह पर जो भी ग्रामीण काम किए हैं उनका भी मास्टर रोल नहीं बनाया गया है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा ग्रामीण मनरेगा में गड़बड़ी को लेकर थाना आए थे। जिसमें मुखिया व रोजगार सेवक के समक्ष सभी ग्रामीणों का पक्ष सुना गया। कई ग्रामीणों को इस बात की जानकारी नहीं है कि उनका मजदूरी का पैसा उनके दूसरे खाते पर भी गया है। कुछ लोगों का पैसा बकाया है।

रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया है कि मजदूरों का मजदूरी भुगतान का स्टेटस चेक करते हुए भुगतान करे। इस पर रोजगार सेवक व मुखिया ने समय का निर्धारण कर बारी बारी से लोगो के भुगतान की समस्या का समाधान करने की बात कही। वहीं मेट द्वारा बोला गया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है। इसकी जांच कर ली जाए। इस अवसर पर बसंती देवी, सोमारी देवी, लक्ष्मी देवी, बंधन उरांव, प्रदीप उरांव, सोमनाथ उरांव, अजय महली, सिकंदर टोप्पो व सोनू उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### कांग्रेस कार्यालय में कार्यकारिणी का बैठक संपन्न

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव की अध्यक्षता में दिन बुधवार को कार्यकारिणी का बैठक संपन्न हुआ। वहीं बैठक का मंच संचालन युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने किया। उक्त बैठक में बूथ स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना,कमेटी विस्तार करना और यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर ओम प्रकाश यादव ने कहा कि हम सभी यूथ कमिटी के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के द्वारा लोगों के हित में किए गए कार्यों को गांव-गांव जाकर लोगों को बताने का कार्य करेंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने कहा कि मनिका विधानसभा में मजबूती के साथ युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ना है एवं आगामी लोकसभा चुनाव को भी जितना है।

### मधुमक्खी काटने से वृद्ध घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम स्थित छाताबार में मधुमक्खी के काटने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उगन गंझु 65 वर्ष पिता स्व. महंगु गंझु ग्राम छाताबार, गोनिया थाना बारियातु निवासी जंगल में मवेशी चराने गया हुआ था। जहां अचानक से मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे उगन गंझु गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने एक वृद्ध को टक्कर मार दी और खुद भी गिर पड़ा। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विनोद यादव 42 वर्ष ग्राम चतुवाग थाना बरियातू निवासी बालूमाथ से बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान पैदल अपने जा रहे छठु गंझु 55 वर्ष ग्राम चतुवाग थाना बालूमाथ निवासी को टक्कर मार दी और खुद भी गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में किया गया।

### अक्सी मुण्डा टोली में कुआं में डूबने से एक महिला की मौत

**महुआंडाड़।** प्रखंड के अक्सी पंचायत के मुण्डा टोली में कुएं में डूबने से एक महिला की मौत हो गई है। जिसकी पहचान फग्नि देवी पति बालकु मुंडा अक्सी मुण्डा टोली के रुप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अक्सी पंचायत की मुखिया रोजालिया टोप्पो के द्वारा बताया गया कि यह घटना मंगलवार शाम की है। इस घटना के संबंध में मृतिका के परिवार वालों ने बताया कि मंगलवार की शाम वह गांव के ही कुवें में बर्तन धोने के लिए गई हुई थी इसी दौरान वह कुएं में गिर गई और उसकी मौत हो गई। जानकारी प्राप्त होने के उपरांत महुआंडाड़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुंवे से बाहर निकाला और महुआंडाड़ थाना ले आए। जिसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है।

## लोहरदगा डीसी ने की निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा

**20 सूत्री क्रियान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिये गये थे निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को गत 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक की गई।

इसमें ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत पेशरार में 7 पथों, उच्च स्तरीय पुलों, बण्डा पुल, अरू-हेसवे पथ की स्थिति, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल अंतर्गत सलगी में उच्च स्तरीय पुल, एनआरईपी विभाग द्वारा भुषाड़ में डीएमएफटी मद से कार्य, कृषि विभाग अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं 22-23 में कृषि ऋण माफी की स्थिति, कृषकों का केवाईसी, आकस्मिक फसल योजना अंतर्गत बीज वितरण का कार्य, वर्ष 2022-23 अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना में भौतिक उपलब्धि की स्थिति समेत अन्य अनुपालनों की समीक्षा की गई एवं लंबित अनुपालन अविलंब समर्पित किये जाने का निदेश संबंधित विभागों को दिया गया।

बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस समेत सभी संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं की गुणवत्ता पर दें ध्यान : गुमला डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें उप विकास आयुक्त , एसडीओ सदर,अपर समाहर्ता ,परियोजना निदेशक आईटीडीए समेत सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचल अधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के दौरान जिले में प्रारंभ हुए नई गतिविधि शिक्षा कर भेंट के संबंध में परिचर्चा की गई एवं आगे के कार्य योजना के संबंध में उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले के 110 हाई स्कूल से टैग किया था। जिसपर उपायुक्त ने अधिकारियों से विद्यालय


बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी।

के शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर कार्य करने का निर्देश दिया। विद्यालयों की समस्याओं का हल करें एवं शिक्षकों के साथ फ्रेंडली तरीके से पेश आएं। विद्यालयों में एक सकारात्मक परिवेश का गठन करते हुए शिक्षकों को हर संभव सहायता परदान करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा क्रमवार सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्य के विरूद्ध क्या उपलब्धि रही इसकी जानकारी ली गई । उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी सुयोग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी विभागों के बीच आपसी सहभागिता को लेकर भी परिचर्चा की। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सभी योजनाओं को सफल रूप देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ एवं सीओ को पंचायतों को सशक्त एवं क्रियाशील करने का निर्देश दिया।

### शशिरंजन ने की चिंतन शिविर में आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज के विकास कार्यों की समीक्षा

## डीसी ने मनरेगा बीपीओ का एक सप्ताह का वेतन काटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** नीति आयोग द्वारा निर्देशित आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज के प्रखंड सभागार में बुधवार को चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा करते हुए शिक्षा, कृषि, बाल विकास, स्वास्थ्य, मनरेगा, पशुपालन, पंचायती राज तथा पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। मालूम हो कि भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत पूरे देश में 500 तथा झारखंड




के 34 प्रखंडों का चयन किया गया है। इनमें हरिहरगंज प्रखंड भी शामिल है। डीसी ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति पर मंथन की आवश्यकता है। चिंतन शिविर में मुख्य रूप से ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी बनाने पर चर्चा की गई। उपायुक्त द्वारा इसके उद्देश्य के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज प्रखंड में उपलब्ध संसाधन पर बेहतर कार्य करते हुए प्रखंड का सर्वांगीण विकास के लिए रणनीति के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि बेहतर कार्य करके हरिहरगंज प्रखंड को पूरे राज्य व देशभर में एक अलग पहचान दिला सकते हैं। इस कार्य के लिए हमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग की काफी अपेक्षा है। वही मनरेगा बीपीओ धर्मेंद्र कुमार द्वारा पौधा रोपण का लक्ष्य पूरा नहीं करने के कारण एक सप्ताह का वेतन काटने का आदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार ने किया। शिविर में डीडीसी रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, एसडीओ नरेंद्र गुप्ता, डीपीओ कुमार अविनाश, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय, बीइओ रामनरेश राम, बीपीएम रेखा कुमारी, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, जिला पार्षद मंजू देवी, प्रमुख कमला देवी, उप प्रमुख ममता देवी, डॉ. राजेश कुमार कुशवाहा, बीपीएम संजय सिंह, बीएओ ब्रजेश कुमार शामिल थे।

## झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 10 से गढ़वा में

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबल प्रतियोगिता का आयोजन 10 सितंबर से गढ़वा में किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए गढ़वा जिला फुटबल एशोसिएशन की एक बैठक परिसदन भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड फुटबल एशोसिएसन के अयक्ष गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर तथा महासचिव गुलाम रब्बानी ने तैयारियां की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



बैठक में आगामी 10 सितंबर से आयोजित होने वाले प्रतियोगिता को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए खिलाड़ियों को लाने, खाने व उन्हें ठहराने आदि सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी कार्यों के लिये कमेटियों का गठन किया गया। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रतिदिन चार मैच का आयोजन किया जाएगा। सभी मैच नक आउट सिस्टम पर आाारित हांगे। खिलाड़ियों को मैदान तक आने-जाने के लिए तीन बसों की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर बैनर सभी प्रखंडों में लगाने का भी निर्णय लिया गया है। सभी प्रतियोगिता के लिए स्वागत कमेटी गठित की गई है। मैदान में मेडिकल के टीम भी मौजूद रहेगी। बैठक में डीसी ने विस्तृत प्रचार प्रसार के लिए सूचना जनसंपर्क पदाकिारी को निर्देश दिया। जिन-जिन प्रखंडों के मैदान में गोल पोस्ट नहीं हैं वहां मैच से पहले कर गोल पोस्ट लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# जी-20 के प्रतिनिधि बिहार के ठेकुवा का चखेंगे स्वाद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जी-20 सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधि न केवल दुनिया के ज्वलंत मुद्दों और आर्थिक विषयों पर चर्चा करेंगे बल्कि वे लजीज भारतीय व्यंजनों का भी लुत्फ उठायेंगे। खानपान के दौरान बाजरे का ठेकुवा विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति में हो रहे इस सम्मेलन में जी-20 के राष्ट्रध्यक्षों की पत्नियां और महिला प्रतिनिधियों को केन्द्र सरकार ने आधुनिक स्वरूप में बने भारतीय प्राचीन व्यंजनों के रसास्वादन के लिए आमंत्रित किया है।प्राचीन मोटे अनाज विशेषकर ज्वार, बाजरा , रागी आदि से पकवानों को तैयार करने के लिए विश्व के तीन प्रसिद्ध रसोइयों कुणाल कपूर, अजय चोपड़ा और अनहिता ढुंढी को विशेष रूप से बुलाया गया है।

- **राष्ट्रध्यक्षों की पत्नियां और महिला प्रतिनिधियों को केंद्र सरकार ने भारतीय प्राचीन व्यंजनों के रसास्वादन के लिए किया है आमंत्रित**
- **ज्वार, बाजरा और रागी से पकवानों को बनाने के लिए विश्व के तीन प्रसिद्ध रसोइयों को विशेष रूप से बुलाया**



इसके अलावा आईटीसी समूह के दो शेफ कुश माथुर और निकिता के साथ ही कुछ अन्य सहयोगियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जी-20 के प्रतिनिधियों का मुख्य भोजन मोटे अनाजों पर आधारित होगा। इसकी विशेषता यह है कि इनमें स्टार्टर , सलाद और मीठे पकवान मोटे अनाजों पर आधारित होंगे।

### बाजरा और कच्चे केले से टिक्की बनायेंगी अनहिता

अनहिता मोटे अनाजों से राव तथा बाजरा और कच्चे केले से टिक्की बनायेंगी। इसके साथ ही कुछ कचौड़ी बनायी जायेंगी जिसके अंदर मोटे अनाजों को भरा जायेगा। कुणाल ज्वार और मशरूम की खिचड़ी बनायेंगे। इस खानपान के दौरान बाजरे का ठेकुवा विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा । उल्लेखनीय है कि ठेकुवा बिहार का प्रसिद्ध मीठा पकवान है। इसके साथ ही मेहमानों को नींबू और श्रीखंड से बनी मिठाई परोसी जायेगी। इस आयोजन के दौरान छह कृषि स्टार्टअप की एक खूबसूरत प्रदर्शनी का भी आयोजन जायेगा। यह स्टार्टअप अपने नवीनतम प्रौद्योगिकियों का डिजिटल प्रदर्शन करेंगे। लिंजा कार्ड जैसी विश्व प्रसिद्ध स्टार्टअप अपने डिजिटल प्लेटफार्म पर किसानों के ऊपर वैल्यू चेन के असर को प्रदर्शित करेंगे। इसी तरह से एग्रोनेट किसानों के लिए मृदा जांच की ढेर सारी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस आयोजन की थीम जलवायु स्मार्ट कृषि, कृषि मूल्य श्रृंखला का नवाचार, कृषि रसद आपूर्ति श्रृखंला में क्रांतिकारी बदलाव तथा कृषि को सशक्त बनाना रखा गया है। इस आयोजन में देश के तीन कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) भी अपनी प्रदर्शनी लगायेंगे। इनमें आंध्र प्रदेश ,पश्चिम बंगाल के (एफपीओ) भी शामिल होंगे।

सरकार के इस आयोजन के दौरान मोटे अनाजों का उत्पादन करने वाले 11 राज्यों की 22 महिला किसान उद्यमी भी अपने अनुभवों को साझा करेंगी। इन राज्यों में राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश , मध्यप्रदेश , तमिलनाडु, उत्तराखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ , बिहार और असम शामिल हैं। इन महिलाओं ने मोटे अनाजों की खेती को अपने राज्यों में क्रांतिकारी ढंग से बढ़ावा दिया है। इन महिलाओं में मध्यप्रदेश की लहरी बाई, बिहार की शिवानी कुमारी और ओडिशा की सुबाषा मोहंता शामिल हैं।

**मोटे अनाजों की बनेगी रंगोली :** मोटे अनाजों की रंगोली भी बनेगी, जो अतिथियों को आकर्षित करेगी। यह रंगोली दो प्रकार की होगी जिसमें भारतीय सांस्कृतिक दर्शन के साथ अनेकता में एकता को दर्शाया जायेगा।

### पूसा में मेहमानों को मोटे अनाजों के लिए बनाया वैश्विक थाली

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , पूसा में मेहमानों को मोटे अनाजों (श्रीअन्न) के बने पकवानों को न केवल चखने के लिए बल्कि इसे बनाने और वैश्विक थाली में सजाकर परोसने के लिए आमंत्रित किया है। इसके लिए पूसा में लाइव कुकिंग एरिया का निर्माण किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### त्योहारों में घटेंगे पेट्रोल और डीजल के दाम

**नयी दिल्ली।** घरेलू एलपीजी की कीमतों में हालिया कटौती के बाद, केंद्र सरकार दिवाली के आसपास पेट्रोल, डीजल की कीमत में 3-5 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर सकती है। कुछ राज्यों के चुनाव नवंबर-दिसंबर में होंगे, उससे पहले सरकार ये कदम उठा सकती है। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में ये बात कही है। पिछले हफ्ते, सरकार ने सभी 330 मिलियन उपभोक्ताओं के लिए घरेलू 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये/सिलेंडर की कटौती की थी। इससे आम आदमी को महंगाई से काफी राहत मिली है।

### जी20 भोज में शामिल होंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति के जी-20 रात्रि भोज में शिरकत करने के लिए शनिवार को दिल्ली जाएंगी। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बनर्जी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर राष्ट्रीय राजधानी जाएंगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति के रात्रि भोज में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी मौजूद रह सकती हैं जिनके साथ बनर्जी के अच्छे संबंध हैं।

### सुभाष चंद्र बोस के पोते ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र बोस ने बुधवार को यह कहते हुए भाजपा से इस्तीफा दे दिया कि पार्टी ने नेताजी के दृष्टिकोण को प्रचारित करने के वादे पूरे नहीं किये। चंद्र बोस 2016 में भाजपा में शामिल हुए थे और उन्होंने दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। 2016 में विधानसभा चुनाव व 2019 में लोकसभा चुनाव लड़े थे।

### दाल, प्याज की बिक्री करेगा एचसीसीएफ

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को कहा कि सरकार को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचसीसीएफ) के माध्यम से प्याज 25 तथा दाल 60 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचेगी।

### मणिपुर के पांच जिलों में पूरी तरह लगा कर्फ्यू

**इंफाल।** इंफाल स्थित कई नागरिक संगठनों की एक प्रमुख संस्था मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) के विस्थापितों के अपने घरों को लौटने के आह्वान के मद्देनजर मणिपुर सरकार ने बुधवार को राज्य के पांच जिलों पूरी तरह कर्फ्यू लगा दिया है। पुनर्वास की मांग को लेकर बड़े बलवा की आशंका के चलते इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल जिलों में पूरे दिन के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया।

### मेहमानों को गीता का ज्ञान देगा एप

**नयी दिल्ली।** देश में सप्ताह के अंत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेशी प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी डिजिटल ताकत को प्रदर्शित करेगा जिसमें आधार और यूपीआई जैसे प्रौद्योगिकी मंचों को दर्शाने के साथ गीता ऐप के जरिये जीवन को समझने का मौका भी मिलेगा। राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित सम्मेलन स्थल भारत मंडपम में नौ एवं 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में शामिल होने के लिए आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए समूचे नयी दिल्ली क्षेत्र को विशेष रूप से सजाया-संवारा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत मंडपम में डिजिटल इंडिया का एक अनुभव क्षेत्र भी स्थापित किया है जहां पर पिछले कुछ वर्षों में देश को हासिल प्रौद्योगिकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां पर विदेशी मेहमानों को पवित्र ग्रंथ गीता की शिक्षाओं एवं उसके दर्शन को समझने का मौका एक विशेष ऐप के जरिये मिल सकेगा। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि आस्क गीता एक ऐसा माध्यम होगा जिसके माध्यम से विदेशी मेहमान इस पवित्र ग्रंथ में उल्लिखित शिक्षाओं के अनुरूप जीवन से जुड़े विविध पहलुओं को समझ सकेंगे।

# आतंकियों को काली सूची में डालने के प्रस्ताव को रोकना दोहरापन

## आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र में भारत ने चीन को घेरा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत ने चीन की जबर्दस्त घेराबंदी की है। भारत ने चीन पर आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया अपनाने के आरोप लगाए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि विश्व स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों को बिना कारण बताए काली सूची में डालने के प्रस्तावों को रोकना अनावश्यक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रतिबंध समितियों की कार्यप्रणाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता को लगातार नुकसान पहुंचा रही है। विश्व स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक, सबूतों के आधार पर सूची प्रस्तावों को उचित कारण बताए बिना अवरुद्ध करना अनावश्यक है। जब इसमें आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो इसमें दोहरेपन की बू आती है। रुचिरा कंबोज ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिबंध समितियों के कामकाज के तरीकों में पारदर्शिता आनी चाहिए। प्रतिबंध लगाने के लिए लिस्टिंग व डीलिस्टिंग में निष्पक्षता पर जोर दिया जाना चाहिए और यह राजनीतिक विचारों पर आधारित नहीं होना चाहिए। कंबोज की टिप्पणी चीन और उसके सदाबहार दोस्त पाकिस्तान का परोक्ष संदर्भ थी। बीजिंग ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के भारत और उसके सहयोगियों के प्रयासों पर बार-बार रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आठ बार निर्वाचित सदस्य भारत की सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में सुधार की आवश्यकता के बारे में कुछ प्रमुख चिंताएं हैं। हमें ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है जो आज संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करे।

**बीजिंग ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के भारत के प्रयासों पर बार-बार रोक लगाई : कंबोज**




## ब्रिटेन में किसी भी तरह का उग्रवाद स्वीकार्य नहीं : सुनक

- **भारत आने से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने खालिस्तानियों को फिर दी सख्त चेतावनी**



**लंदन।** ब्रिटेन में खालिस्तानी समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों पर वहां के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक बार फिर सख्त चेतावनी जारी की है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उग्रवाद का कोई भी रूप स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि कानूनी तौर पर विरोध करने का अधिकार हिंसक या धमकी भरे व्यवहार में नहीं बदल सकता। सुनक ने कहा कि वह हिंसक, विभाजनकारी विचारधाराओं, वे चाहे जिस तरह की हों, उन पर काबू पाने और उनका मुकाबला करने के सरकार के कर्तव्य को काफी गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन खालिस्तान समर्थक उग्रवाद के खतरे से निपटने के लिए भारत सरकार में अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। ब्रिटेन में खालिस्तानी समर्थक तत्वों की गतिविधियों को लेकर, खासतौर पर मार्च में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हमले के बाद भारत में चिंताएं बढ़ गयी हैं। सुनक के ये बयान जी20 सम्मेलन में शामिल होने के लिए उनकी भारत यात्रा से कुछ दिन पहले आये हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में किसी तरह का उग्रवाद स्वीकार्य नहीं हैं और मैं हिंसक, विभाजनकारी विचारधाराओं, चाहे वे कैसी भी हों, उन पर काबू पाने और उनसे मुकाबला करने के सरकार के कर्तव्य को बहुत गंभीरता से लेता हूं। सुनक ने कहा कि हम खालिस्तान समर्थक उग्रवाद के खतरे से निपटने के लिए भारत सरकार में हमारे साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और ब्रिटेन की पुलिस हिंसक गतिविधियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### बैटरी ऊर्जा स्टोरेज के लिए 3,760 करोड़ मंजूर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की स्थापना के लिए बुधवार को 3,760 करोड़ रुपये के व्यवहार्यता अंतर कोष (वीजीएफ) को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की स्थापना से संबंधित 3,760 करोड़ रुपये की समूची राशि का बोझ केंद्र सरकार उठाएगी। उन्होंने कहा कि यह कोष वर्ष 2030-31 तक पांच किस्तों में जारी किया जाएगा। इससे 4,000 मेगावाट घंटे का ऊर्जा भंडार तैयार करने में मदद मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण से 9,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है।

### नासा के ऑर्बिटर ने विक्रम लैंडर को देखा

वाशिंगटन। भारत का मिशन चंद्रयान-3 लगातार दुनिया भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक विशेष फोटो जारी कर चांद की मिट्टी के संपर्क में आए लैंडर विक्रम के धुएं से निकली रोशनी दिखाई है। नासा ने चंद्रयान-3 के लैंडिंग साइट की फोटो लेकर यहां से साउथ पोल की दूरी भी बताई है। इसरो लगातार चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के पहुंचने के बाद से फोटो जारी कर रहा है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी एक विशेष फोटो जारी की है। नासा ने उस स्थान की फोटो अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर साझा की है, जहां चंद्रयान-3 उतरा था। चंद्रमा पर लैंडिंग के ठीक चार दिन बाद 27 अगस्त को चांद की कक्षा में घूम रहे नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर ने यह तस्वीर खींची थी।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## पेडनेकर की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपने अलग-अलग किरदारों के लिए खास तौर पर जानी जाती हैं। जल्द ही सेक्स, ऑर्गेज्म पर आधारित फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग पर्दे पर आएगी। इस फिल्म का पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्सुकता देखने को मिली। अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और यह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग के ट्रेलर की शुरूआत कनिका कपूर से होती है। ये रोल एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने निभाया है। फिल्म तीस साल की एक महिला की कहानी बताती है। वह एक सभ्य जीवन पाने की कोशिश कर रही है। वह अपने दोस्तों को बताती है कि वह जिंदगी कैसे जीना चाहती है। फिर वह रोती है और कहती है कि उसे अभी तक चरम सुख नहीं मिला है। इसलिए वह सही व्यक्ति की तलाश में है। इस बीच ट्रेलर में भूमि के कई कॉमेडी सीन्स देखने को मिल सकते हैं। बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर की बेटी रिया कपूर ने 10 अगस्त को इस फिल्म की घोषणा की थी। अब फिल्म का ट्रेलर देखकर हर किसी की फिल्म को लेकर उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। रिया ने इससे पहले फिल्म वीरे दी वेडिंग की थी। थैंक यू फॉर कमिंग उनकी दूसरी फिल्म है।




### हिंडन एयरबेस पर 25-26 को स्वदेशी ड्रोन का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया के कई देशों ने ड्रोन की अहमियत समझी है और पिछले कुछ सालों से इसकी लोकप्रियता पूरे विश्व में तेजी से बढ़ी है। भारत समेत कई देश खुद ड्रोन बनाना शुरू कर चुके हैं, जिससे देश की ताकत बढ़ेगी। भारत के सैन्य क्षेत्र में ड्रोन तकनीक ने क्रांति ला दी है। भारत का ड्रोन उद्योग 25-26 सितंबर को वायु सेना के हिंडन एयरबेस पर लाइव हवाई प्रदर्शन करेगा।




# नेताजी नगर : काल्पनिक मंदिर में पधारेंगी मां दुर्गा

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





अमित दास



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांटा टोली नेताजी नगर में इस बार काल्पनिक मंदिर में मां दुर्गा पधारेंगी। मंदिर के प्रारूप वाले पंडाल के लिए थर्माकोल और प्लाई की बारीकी से कटिंग बंगाल से आए कारीगर कर रहे हैं। दक्षिण का फेमस नृत्य कुचिपुड़ी इस पंडाल के बहारी भाग में देखने को मिलेगा। पंडाल की ऊंचाई 40 फीट चौड़ाई 35 फीट लंबाई 40 फीट होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार दास ने बताया कि पूजा पंडाल में मां भगवती का 9 दिनों तक बांग्ला रीति रिवाज के साथ पूजा होती है। इस मौके पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण मूर्तिकार अजय पाल कर रहे हैं।

पूजा समिति के सचिव सोम चक्रवर्ती ने बताया कि अष्टमी और नवमी के दिन भोग का वितरण किया जाएगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम .ी किया जाएगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी।

इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में करीब 12 लाख रुपये रखा गया है। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष अमित कुमार दास,जनरल सेक्रेटरी जय दास,सेक्रेटरी सोम चक्रवर्ती दिनरात लगें हुए हैं।

### पंडाल के आसपास सड़क जाम की समस्या

नेताजी नगर दुर्गा पूजा पंडाल के पास सबसे बड़ी समस्य सड़क जाम की है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस पर कमेटी के अध्यक्ष अमित दास ने कहा कि पूजा समिति ट्रैफिक एसपी से बात करेंगी की पूजा के दौरान जाम की समस्या उत्पन्न ना हो।